www.epaper.azadsipahi.in

30 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 11, अंक 11

भारत के समुद्री क्षेत्र पर पूरी दुनिया को विश्वास : मोदी



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## राजधानी के बीच में चल रहे प्रतिबंधित मांस के अवैध कारोबार का भंडाफोड़

# आजाद बस्ती से गोमांस लदे दो ट्रक जब्त, चार गिरफ्तार

- नगर निगम की जमीन पर चल रहा था रैकेट
- लोगों ने बुलडोजर कार्रवाई की मांग उठायी



**जांच जारी है: सिटी एसपी**

सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अब इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी में जुट गयी है, ताकि इस धंधे के पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के बीचो-बीच चले रहे गोमांस के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है। रांची पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर लोअर बाजार थाना क्षेत्र के आजाद बस्ती इलाके में गोमांस लदे दो ट्रकों को जब्त किया है। पुलिस ने इस रैकेट में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

रांची के सीनियर एसपी राकेश रंजन को सूचना मिल रही थी कि आजाद बस्ती में नगर निगम की जमीन पर अवैध बूचड़खाने संचालित किये जा रहे हैं। यहां से एक बड़े और एक छोटे ट्रक पर गोमांस लादा गया है। इन दोनों ट्रकों को अन्यत्र भेजने की तैयारी है। उन्होंने सिटी एसपी और डीएसपी को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस टीम ने इलाके में छापामारी की और गोमांस लदे दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया।

**पप्पू हाजी कुरैशी है सरगना :** पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नाजिम, साकिर, कादिर और नासिर के रूप में की गयी है। इस पूरे कारोबार का सरगना पप्पू हाजी कुरैशी को बताया जा रहा है। उसकी तलाश की जा रही है।

### सीपी सिंह ने विधानसभा में उठाया था मामला

27 फरवरी 2025 को रांची के विधायक सीपी सिंह ने विधानसभा में कहा था कि लोअर बाजार थाना क्षेत्र के आजाद बस्ती में गौ तस्करी चल रही है। यह स्थान पास के थाने से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर है। वह जमीन रांची नगर निगम की है, जिस पर गौ तस्कर तौफीक कुरैशी पप्पू ने अवैध कब्जा कर गोवंशीय पशुओं को मार कर उसके मांस को एक राज्य से दूसरे राज्य भेज रहा था। यह खेल बहुत दिनों से चल रहा था।

### बुलडोजर कार्रवाई की उठी मांग

राजधानी के बीचो-बीच गोमांस के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ होने के बाद लोग गुस्से में हैं। उनका कहना है कि इस पूरे नेटवर्क को तत्काल ध्वस्त किया जाना जरूरी है। लोगों की मांग है कि निगम जमीन पर चल रहे इस अवैध कारोबार के आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई की जाये।

### झारखंड में गोवंश हत्या और गोमांस कारोबार पर प्रतिबंध

बता दें कि झारखंड राज्य में 2005 से ही गोवंश की हत्या और उसके मांस के व्यापार पर प्रतिबंध है। यह प्रतिबंध झारखंड गौवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 के तहत लागू है। प्रतिबंध के बाद डोरंडा और कांटाटोली की वधशालाएं बंद हो गयी थीं। हालांकि गुदड़ी बाजार और आजाद बस्ती में नगर निगम की जमीन पर यह धंधा अभी भी चोरी-छिपे चलाया जा रहा है।

# सीएम हेमंत से मिला लुगू बुरू घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ का प्रतिनिधिमंडल

**अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन-2025 में शामिल होने का दिया आमंत्रण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लुगू बुरू घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि इस वर्ष भी सोहराय कुनामी (कार्तिक पूर्णिमा) के अवसर पर लुगू बुरू घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़, टीटीपीएस ललपनिया बोकारो में 03, 04 और 05 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन-2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल में शामिल सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया। प्रतिनिधि मंडल में लुगू बुरू घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के अध्यक्ष बबुली सोरेन, सचिव लोबिन मुर्मू, मिथिलेश किस्कू, बिंदे सोरेन (मांझी बाबा, जमशेदपुर), सुरेंद्र टुडू, बुधन सोरेन, सुखराम बेसरा, मेघराज मुर्मू, संतोष हेंब्रम और अन्य शामिल थे।

# शराब घोटाला : आइएएस मनोज कुमार से एसीबी ने की पूछताछ, आज फिर होगी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने उत्पाद सचिव रह चुके आइएएस अधिकारी मनोज कुमार से पूछताछ की। एजेंसी ने उन्हें पिछले दिनों नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसके बाद वह बुधवार को एसीबी मुख्यालय पहुंचे। वहां उनसे करीब सात घंटे तक पूछताछ की गयी। उन्हें गुरुवार को भी बुलाया गया है। इससे पहले इस मामले में एसीबी ने पूर्व उत्पाद सचिव विनय चौबे को सबसे पहले गिरफ्तार किया था। अब तक की जांच में यह बात सामने आयी है कि मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्यूरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स विजन हॉस्पिटेलिटी सर्विसेज जैसी कंपनियों ने 2023 से फर्जी गारंटी के जरिये काम शुरू किया, जिससे सरकार को 38 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व नुकसान हुआ। इतना ही नहीं, छत्तीसगढ़ की दो कंपनियों, मेसर्स दीशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स ओम साईं बिवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड को बिना मंत्री की जानकारी के 11 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया, जबकि इन कंपनियों पर 450 करोड़ रुपये का बकाया था। यह भुगतान मनोज कुमार के सचिव रहते हुआ था।

# 35 फीसदी वृद्धि के साथ भारत बना दुनिया का डिजिटल पेमेंट लीडर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत ने डिजिटल पेमेंट की दुनिया में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआइ) के मोर्चे पर एक बार फिर इतिहास रच दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 की पहली छमाही में यूपीआइ लेन-देन में 35 प्रतिशत की रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है। इस अवधि में कुल 106.36 अरब लेन-देन किये गये, जिनकी कुल कीमत 143.34 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गयी। उपलब्ध आंकड़े दर्शाते हैं कि अब यूपीआइ केवल एक पेमेंट सिस्टम नहीं, बल्कि भारत के आम नागरिकों की रोजमर्रा की जरूरत बन चुका है। आज यूपीआइ का इस्तेमाल किराने की दुकान, सब्जी बाजार, टैक्सी, पेट्रोल पंप से लेकर ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म तक हर जगह किया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले महीनों में यूपीआइ का यह ग्रोथ ट्रेंड और तेज होगा, क्योंकि यूपीआइ लाइट, यूपीआइ क्रेडिट लाइन और अंतरराष्ट्रीय यूपीआइ पेमेंट जैसे नये फीचर धीरे-धीरे व्यापक रूप से अपनाये जा रहे हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रचा इतिहास, राफेल में भरी उड़ान

**स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह थीं साथ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरी। इसके साथ ही उन्होंने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। राष्ट्रपति 29 अक्टूबर बुधवार को हरियाणा के अंबाला स्थित वायुसेना स्टेशन पहुंची थीं। उन्होंने वायुसेना के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल में उड़ान भरी। इस दौरान राष्ट्रपति ने फाइटर पायलट सूट और अन्य सभी आवश्यक उपकरण भी पहने। यह अवसर भारतीय वायुसेना के लिए गौरव का क्षण रहा। राष्ट्रपति के साथ देश की पहली महिला राफेल पायलट स्क्वाड्रन लीडर शिवांगी सिंह थीं। शिवांगी सिंह वही फाइटर पायलट हैं, जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने पकड़ने का दावा किया था। अंबाला भारतीय वायुसेना का एक प्रमुख एयरबेस है। यह एयरफोर्स स्टेशन राफेल लड़ाकू विमानों के स्क्वाड्रन की तैनाती का एक प्रमुख केंद्र भी है। यही कारण है कि इसे भारत की हवाई सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार माना जाता है।

यह पहला अवसर नहीं है जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायुसेना के किसी फाइटर जेट में सवार हुई हों। राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 8 अप्रैल 2023 को असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन पर सुखोई-30 एमकेआइ लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी। उस समय उन्होंने भारतीय वायुसेना के पायलटों के साथ अनुभव साझा करते हुए वायुसेना की दक्षता, अनुशासन और समर्पण की सराहना की थी।

# 1-2 नवंबर की रात बुक नहीं होंगे रेल टिकट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रेल यात्रा करने वालों के लिए एक बड़ा अपडेट सामने आया हैं। भारतीय रेलवे ने अपने आरक्षण सिस्टम में तकनीकी अपग्रेड की घोषणा की है। इस काम के चलते रेलवे पीआरएस 1 नवंबर की आधी रात से 2 नवंबर की सुबह तक यानी रात 12:05 बजे से 2:05 बजे तक, लगभग दो घंटे के लिए बंद रहेगा। इस दौरान रेलवे अपने पुराने कोर स्विच को नये कोर स्विच में बदलेगा, जिससे आने वाले समय में यात्रियों को और तेज तथा भरोसेमंद सेवा मिल सके। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यह काम सिस्टम को अपडेट और आधुनिक तकनीक से लैस करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अपग्रेड के दौरान कई सेवाएं कुछ समय के लिए प्रभावित रहेंगी। इनमें इंटरनेट टिकट बुकिंग, टिकट कैंसिलेशन, करंट रिजर्वेशन, चार्टिंग, पीआरआर पूछताछ, इडीआर, प्राइमस एप्लीकेशन और एनटीइएस सेवाएं शामिल हैं।

## 'नये बिहार के नये भविष्य' का वादा करेगा एनडीए का घोषणा पत्र

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भाजपा बिहार में अपने सभी गठबंधन सहयोगियों के साथ मिला-जुला घोषणा पत्र जारी कर सकती है। इसमें अब तक नीतीश कुमार सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यों के साथ-साथ आने वाले समय में किये जाने वाले कार्यों का एक ब्योरा शामिल हो सकता है। इसमें महिलाओं के कल्याणकारी योजनाओं, युवाओं के लिए सरकारी-प्राइवेट नौकरियों के साथ-साथ अति पिछड़े और दलित वर्गों के लिए कई वादे शामिल हो सकते हैं। इस घोषणा पत्र के जारी होने के समय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपेंद्र कुशवाहा, जीतन राम मांझी और चिराग पासवान सहित कई बड़े नेता उपस्थित रह सकते हैं। एनडीए का घोषणा पत्र जल्द ही जारी किया जा सकता है।

# बिहार में चुनाव प्रचार अभियान ने पकड़ा जोर

पटना (आजाद सिपाही)। बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार पूरे जोरों पर है। देश के राजनीतिक दिग्गज वोटरों को आकर्षित करने के लिए राज्य का दौरा कर रहे हैं और चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। महापर्व छठ संपन्न होने के बाद बुधवार को देश के गृह मंत्री और भाजपा के नंबर दो नेता अमित शाह ने दरभंगा के अलीनगर समेत कई स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा। उधर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुजफ्फरपुर के सकरा और अन्य स्थानों पर जनसभाएं की और महागठबंधन प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगा। इन दोनों के अलावा यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, वीआइपी सुप्रीमो मुकेश सहनी, जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर और अन्य नेताओं ने भी विभिन्न इलाकों में जनसभाएं कर अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा।

## पीएम-सीएम की सीट खाली नहीं है: अमित शाह



दरभंगा (आजाद सिपाही)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दरभंगा के अलीनगर में भाजपा प्रत्याशी मैथिली ठाकुर के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' और स्वर कोकिला शारदा सिन्हा को 'पद्म विभूषण' देकर मिथिलावासियों को सम्मान दिया। गृह मंत्री ने राजद और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू और सोनिया को मैं कहना चाहता हूं कि सीएम या पीएम की सीट खाली नहीं है। वहां पीएम मोदी हैं और यहां पर सीएम नीतीश कुमार हैं। देश और बिहार में कोई भी सीट खाली नहीं है। लालू-राबड़ी ने लैंड फॉर जॉब, बाढ़ राहत घोटाला समेत कई घोटले किये। कांग्रेस पार्टी ने 2004 से 2014 तक 12 लाख करोड़ के घोटाले किये। अमित शाह ने कहा कि 2027 में हमलोग संसार के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बन जायेंगे। दरभंगा में पीएम मोदी ने 216 करोड़ की लागत से शोभन बाइपास बनाया। पूर्णिया-पटना एक्सप्रेस-वे की नींव रखी। कमला नदी पर नया पुल बनाया। आजादी के बाद पहली बार कमला नदी पर पुल बना। रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है। अब जल्द ही दरभंगा में मेट्रो भी आने वाली है। इसके अलावा वंदे भारत, अमृत भारत ट्रेनें दरभंगा से चलायी जा रही हैं। दरभंगा के लिए एम्स बनने की भी शुरुआत हो गयी है।

## मेड इन बिहार बनाना है मेरा सपना: राहुल गांधी



मुजफ्फरपुर (आजाद सिपाही)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को मुजफ्फरपुर के सकरा विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर राजद नेता तेजस्वी यादव और वीआइपी सुप्रीमो मुकेश सहनी भी मंच पर मौजूद रहे। राहुल गांधी ने बारिश के बीच जुटी भीड़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब बदलाव का समय आ गया है। उन्होंने कहा, मैं देश के हर कोने में जाता हूं, वहां बिहार के युवा काम करते नजर आते हैं। अब समय आ गया है कि बिहार के लोग अपने ही प्रदेश में रोजगार पायें और बिहार को आत्मनिर्भर बनायें। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, पीएम मोदी को सिर्फ वोट लेने से मतलब है, गरीबों की तकलीफ से नहीं। वह दिखावे की राजनीति करते हैं। उन्होंने छोटे उद्योगों को खत्म कर अडाणी-अंबानी को फायदा पहुंचाया है। उन्होंने कहा, हमारा सपना है कि अब 'मेड इन चाइना' नहीं, बल्कि 'मेड इन बिहार' लिखा जाये। मोबाइल, शर्ट, पैंट सब बिहार में बने। बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य की फैक्ट्रियों में रोजगार मिले। राहुल गांधी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधते हुए कहा, नीतीश कुमार बीजेपी के इशारे पर चलते हैं। मुख्यमंत्री का रिमोट कंट्रोल बीजेपी के पास है।

## थाइलैंड में हिरासत में लिये गये भारतीय नागरिक

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारत सरकार ने थाइलैंड में हिरासत में लिये गये भारतीय नागरिकों की जल्द वापसी की प्रक्रिया तेज कर दी है। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारतीय मिशन स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर इन नागरिकों की पहचान की पुष्टि और कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर रहा है। इन लोगों को पिछले कुछ दिनों में म्यांमार से सीमा पार कर थाइलैंड पहुंचने के बाद हिरासत में लिया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि हम थाइ अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हैं, ताकि सभी भारतीय नागरिकों की जल्द से जल्द स्वदेश वापसी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद ही प्रत्यर्पण संभव होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# बिहार में 2.76 करोड़ परिवार, बिहार का बजट 3.17 लाख करोड़

## ■ हर घर सरकारी नौकरी देने का खर्च 9 लाख करोड़, बिहार के बजट से 3 गुना ज्यादा

## ■ तेजस्वी यादव कह तो रहे हैं, किसी ने सोचा था चांद पर भी जा सकते हैं लोग

आजाद सिपाही विशेष

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान छह नवंबर को होगा और मतदान से सिर्फ सात दिन पहले महागठबंधन ने 'बिहार का तेजस्वी प्रण' शीर्षक से अपना संयुक्त चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस घोषणा पत्र में विपक्षी गठबंधन की किस्मत पूरी तरह से अब उसके मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव के कंधों पर आ गयी है। घोषणापत्र जारी करने में पिछले एक महीने से चल रहे चुनावी तेवरों की पूरी झलक दिखायी गयी है, जिसमें एक एकजुट विपक्षी गठबंधन, लेकिन नेतृत्व एक ही चेहरे के साथ शामिल है। तेजस्वी क्या अपने इस प्रण से बिहार जीत हासिल कर लेंगे, यह बड़ा सवाल है। लेकिन एक सवाल और है कि क्या इस घोषणा पत्र में किये गये वादों को पूरा किया जा सकता है। पिछली बार के चुनाव 2020 में राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाला महागठबंधन न्याय और बदलाव के नारे और रोजगार सृजन पर जोरदार नारे के साथ चुनावी मैदान में उतरा था और अब पांच साल बाद घोषणा पत्र का संदर्भ पूरी तरह से बदल गया है। इस बार के घोषणा पत्र में किये गये वादों को पूरा करने के लिए कम से कम 20 लाख करोड़ रुपये की जरूरत होगी, जो बिहार के वर्तमान बजट, 3.17 लाख करोड़ से सात गुना अधिक है। इतनी रकम एक साथ जुटा पाना असंभव नहीं, तो बेहद कठिन जरूर है और बिहार की वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हुए साफ कहा जा सकता है कि महागठबंधन का घोषणा पत्र हकीकत नहीं, सपनों की बुनियाद पर खड़ा है। क्या हैं महागठबंधन के घोषणा पत्र के मायने और क्या होगा इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



राकेश सिंह
संपादक

### हर घर सरकारी नौकरी

महागठबंधन की तरफ से मंगलवार को विधानसभा चुनाव का घोषणा पत्र जारी किया गया। पिछली बार की तरह इस बार भी इसे तेजस्वी का प्रण ही बताया गया है। राज्य के सबसे बड़े युवा वोटर्स को ध्यान में रखते हुए तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से नौकरी के ही अपने पुराने वादे को दोहराया है। पिछली बार तेजस्वी यादव ने 10 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा किया था, इस बार कुछ और आगे बढ़ते हुए 20 महीने में हर घर से फैमिली के एक मेंबर को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। इस लिहाज से देखें तो 20 महीने में तेजस्वी यादव ने लगभग 2.8 करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा कर दिया है। 2025 के विधानसभा चुनाव में युवा वोटर्स की संख्या तकरीबन 1.63 करोड़ है, जिनकी आयु 18-35 साल के बीच की है। तेजस्वी यादव का कहना है कि वे युवा हैं और उनका फोकस युवाओं के सहारे बिहार को विकसित बनाना है। यही कारण है कि उन्होंने अपने घोषणापत्र का पहला एजेंडा ही इसे बनाया है।

### कैसे मिलेगी सरकारी नौकरी

बिहार सरकार ने जो जाति सर्वेक्षण किया था, उसके मुताबिक राज्य में कुल 2.76 करोड़ परिवार हैं। राज्य में कुल 16.27 लाख सरकारी नौकरियां हैं। जिसमें से 11.54 लाख लोग काम कर रहे हैं। वहीं 4.73 लाख पद खाली हैं। यानी कुल 29 फीसदी पद खाली हैं।

### सबसे ज्यादा रिक्त पदों वाले विभाग

*शिक्षा विभाग में रिक्त पद - 2.17 लाख*
*स्वास्थ्य विभाग - 65,000*
*गृह विभाग - 42,414*
*ग्रामीण विकास विभाग - 11,784*
*पंचायती राज विभाग - 5,551*
*पशुपालन विभाग - 4,814*
*ग्रामीण कार्य विभाग - 3,346*
*कृषि विभाग - 3,015*
*पथ निर्माण विभाग - 2,465*
*नगर विकास विभाग - 1,948*
*बिहार पुलिस की संख्या - 170,516 (1.70 लाख)*
*2024 वर्तमान संख्या - 102,454 (1.03 लाख)*

रिक्त - 68,062 यानी कुल 40 फीसदी पद बिहार पुलिस में खाली हैं। अगर पुलिस और अन्य विभागों की रिक्तियों को मिला दें तो कुल 5.75 लाख पद खाली हैं। जब 5.75 लाख बिहार में सरकारी पद ही खाली हैं तो करोड़ों लोगों को नौकरी कैसे मिलेगी। तेजस्वी किस फार्मूला के आधार पर हर घर सरकारी नौकरी देने का वादा कर रहे हैं। तेजस्वी के इस वादे पर जनता दल यूनाइटेड, भारतीय जनता पार्टी और अन्य विपक्षी दलों का दावा है कि वह सिर्फ जुमलेबाजी कर रहे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि अगर बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है तो तेजस्वी यादव अपना वादा कैसे पूरा करते हैं?

### कहां से आयेगा इतना पैसा

ऊपर से बिहार का बजट ही है 3.17 लाख करोड़। नौकरी देने में लगेंगे करीब 9 से 10 लाख करोड़। कहां से आयेगा पैसा। नीति आयोग की 2022-23 की रिपोर्ट बताती है कि बिहार में बेरोजगारी दर 3.9 फीसदी दर्ज की गयी। राष्ट्रीय स्तर पर उस समय बेरोजगारी दर 3.2 फीसदी रही। बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेरोजगारी का ज्यादा होना चिंता का विषय बना हुआ है। बिहार में बेरोजगारी दर तो है ही, लेकिन यहां भी एक आंकड़ा ज्यादा परेशान करता है।



भारत सरकार का श्रम बल सर्वेक्षण बताता है कि बिहार में पढ़े-लिखे लोगों में भी बेरोजगारी दर काफी ज्यादा है, यहां भी ग्रेजुएशन कर चुके लोग भी बिना नौकरी के बैठे हैं। तेजस्वी वादा जरूर हर घर में एक शख्स को सरकारी नौकरी देने की कर रहे हैं, लेकिन कई आंकड़े बताते हैं कि खाली पड़े पद भरना भी सरकार के लिए चुनौती साबित हो रहा है।

### महिला वोटरों को साधने की कोशिश

पांच साल पहले तेजस्वी यादव भले ही नीतीश कुमार के साथ खड़ी महिला वोट बैंक की ताकत को न समझ पाये हों, लेकिन अब वे समझ चुके हैं कि महिला वोटर जीत में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। महिला वोटरों को साधने के लिए तेजस्वी चुनाव की घोषणा से पहले से ही माइ बहिन योजना को लेकर चर्चा कर रहे थे। लेकिन नीतीश सरकार ने चुनाव की घोषणा से पहले ही मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना लागू करते हुए महिला लाभार्थियों के खाते में 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद भेज दी। तेजस्वी ने एनडीए सरकार के इस फैसले को महागठबंधन के साझा घोषणा पत्र के जरिये काउंटर करते नजर आये हैं। तेजस्वी ने माई बहन मान योजना के तहत 2500 रुपये हर महीने और 30000 रुपये सालाना देने का एलान किया है। साथ ही शिक्षा पर फोकस करते हुए हर अनुमंडल में महिला कॉलेज की स्थापना करने और 136 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने की बात कही है। तेजस्वी यादव ने महागठबंधन के घोषणा पत्र में संविदाकर्मियों और आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थायी करने की बात कही है। अभी संविदा कर्मचारियों को 17,000 प्लस रुपये सैलरी मिलती है। सरकारी कर्मचारी बनने के बाद इसमें कम से कम 8 हजार रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है। मूल वेतन में भी बढ़ोतरी होगी। हर साल इंक्रीमेंट की सुविधा मिलेगी। साल में दो बार डीए में इजाफा होगा और प्रमोशन भी मिलेगा। बिहार सरकार के आंकड़ों के मुताबिक अभी राज्य में लगभग 4 लाख संविदा कर्मचारी हैं। इनके माध्यम से महागठबंधन की तरफ से सरकारी कर्मचारियों के एक बड़े वर्ग को साधने की कोशिश की गयी है, जो अब तक उनसे दूर रहे हैं।

### शिक्षकों का भरोसा जीतने की कोशिश

हाल में नीतीश कुमार से नाराजगी का एक बड़ा वर्ग शिक्षकों का है। अब तेजस्वी ने उन्हें अपने घोषणापत्र में जगह दे दी है। शिक्षकों और स्वास्थ्यकर्मियों सहित अन्य सेवाओं के कर्मियों को गृह जिला के 70 किमी के दायरे में ट्रांसफर करने की नीति बनाने की बात कही है। ये मांग खास तौर से महिला कर्मी की ओर से लगातार उठती रही है। शिक्षक ट्रांफसर में नीतीश सरकार की काफी भद पिट चुकी है। कई बड़े प्रदर्शन चले हैं और कई बार लाठीचार्ज तक हो चुका है।

### पुरानी पेंशन योजना

इसके साथ ही पुरानी पेंशन योजना लागू करने की बात कही गयी है। ऐसी योजना देश की कई इंडिया गठबंधन वाली सरकारों में लागू की गयी है। जैसे कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब हिमाचल प्रदेश। बिहार में भी इस योजना की मांग काफी समय से की जा रही है।

### आरक्षण का नया दांव और सामाजिक समीकरण

घोषणा पत्र में आरक्षण के दायरे को बढ़ाने वाला दांव तेजस्वी यादव का सबसे बड़ा मास्टरस्ट्रोक माना जा सकता है। तेजस्वी ने सरकार में रहते हुए बिहार में जाति आधारित गणना पूरी होने के बाद आरक्षण बढ़ाने का फैसला लागू करके दिखाया था। बाद में यह मामला न्यायालय पहुंचा और अब तेजस्वी आरक्षण के बढ़े हुए दायरे को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल कर उसे स्थायी करवाने की बात कर रहे हैं। तेजस्वी की नजर त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों पर भी है, और उनके चुनावी वादों में यह तबका भी शामिल है।

### अति पिछड़ा का हितैषी बनेंगे तेजस्वी

अपने घोषणापत्र में तेजस्वी यादव ने बिहार की सबसे अधिक आबादी वाले अति पिछड़ा का हितैषी साबित करने की कोशिश की है। 36.01 फीसदी आबादी वाले इस वर्ग के लिए उन्होंने दो बड़ी घोषणाएं की हैं। पहला उन्होंने अति पिछड़ा अत्याचार निवारण अधिनियम पारित करने का एलान किया है। इसके साथ ही उन्होंने आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी और आरक्षण देने की अपनी मांग को भी दोहराया है। बिहार के 35 लाख बटाइदारों को जमीन का पहचान-पत्र देने का वादा किया गया है। इससे उन्हें फसल बीमा, मुआवजा और सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

### 200 यूनिट बिजली फ्री

इसके अलावा 5 एक्सप्रेस-वे बनाने और 200 यूनिट बिजली फ्री करने की भी घोषणा की गयी है। महागठबंधन के घोषणा पत्र में युवाओं, महिलाओं, संविदा कर्मियों, पुराने पेंशनधारी, किसान और गरीब परिवारों के लिए भी कई वादे किये गये हैं। इसके अलावा घोषणा पत्र में 8वीं से 12वीं तक के गरीब छात्रों को मुफ्त टैबलेट देने की घोषणा की गयी है। पेपर लीक पर कठोर कानून बनेगा। सहारा इंडिया के निवेशकों को पैसा वापस दिलाने के लिए एसआइटी बनेगी। महिला कॉलेज, 136 नये डिग्री कॉलेज। हर व्यक्ति को 25 लाख तक मुफ्त स्वास्थ्य बीमा। 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर मिलेगा। ओबीसी, ऐसीएसटी आरक्षण बढ़ाकर नौवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव।

### दिवाला निकल जायेगा बिहार का

जिस तरह के वादे तेजस्वी कर रहे हैं उसे जमीन पर उतारने में बिहार का दिवाला निकल जायेगा। आरक्षण के 50 फीसदी दायरा को हटाना इनके हाथ में नहीं है। सुप्रीम कोर्ट इसमें डायरेक्शन दे चुका है। बजट से कई गुना अधिक का वादा तेजस्वी ने कर दिया है। ये कैसे पूरा होगा पता नहीं। राज्य का रेवेन्यू कैसे बढ़ेगा इसका जिक्र नहीं है। पुरानी पेंशन योजना कई राज्यों में लागू की गयी है पर वह सक्सेस नहीं हो पायी है। कुल मिलाकर यह लोकलुभावन घोषणा पत्र है। इससे नौजवानों में उम्मीद जगी है। तेजस्वी का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है कि नौकरी दी है। महिलाओं के लिए भी स्कीम की बात की है। इससे महिलाएं भी आकर्षित होंगी। जनता इतना गहराई से सोचती नहीं है कि ये पैसा कहां से आयेगा। हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ करने की बात उन्होंने कही है। लेकिन फिर भी तेजस्वी के वादे मुंगेरी लाल के हसीन सपने जैसे ही लगते हैं। हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि तेजस्वी का यह चुनावी कार्ड जनता के बीच कितना असर दिखाता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि मौजूदा चुनाव में सबसे बड़ा जोखिम खुद तेजस्वी यादव ने उठाया है। तेजस्वी सीएम उम्मीदवार हैं, उनके चेहरे के साथ तेजस्वी प्रण का नारा लिये साझा चुनावी घोषणा पत्र जनता के सामने है। तेजस्वी के संकल्प को अगर बिहार की जनता स्वीकार करती है, तो वह बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे, लेकिन अगर जनता ने इसे खारिज किया, तो यह उनकी राजनीति का सबसे बड़ा झटका साबित हो सकता है।

# जनजातीय समाज के अधिकार, अस्मिता और विकास की आवाज थे बाबा कार्तिक उरांव

## ■ शिक्षा के जरिये समाज को सशक्त बनाने के पक्षधर थे बाबा, हमेशा इस पर जोर दिया

## ■ भूदान आंदोलन के दौरान लूटी गयी जमीन वापस दिलाने के लिए भूमि वापसी अधिनियम बनवाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बाबा कार्तिक उरांव ने जनजातीय समाज के अधिकार, अस्मिता और विकास के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका जीवन सामाजिक न्याय, शिक्षा और आत्मसम्मान का प्रतीक बन गया। भारत के जननायक बाबा कार्तिक उरांव का नाम जनजाति समाज के गौरव और संघर्ष की पहचान है। उन्होंने उस दौर में आवाज उठाई जब जनजाति समुदाय के हक और अस्तित्व को अक्सर अनदेखा किया जाता था। 29 अक्टूबर 1924 को झारखंड के गुमला जिले के करौंदा लिटाटोली गांव में जन्मे बाबा कार्तिक उरांव ने बचपन से ही समाज की बेहतरी का संकल्प लिया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त की और देश के पहले जनजातीय इंजीनियरों में शामिल हुए।

### भूदान आंदोलन

उनकी सोच थी कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बना सकती है, और इसी विचार ने उन्हें राष्ट्र स्तर का नेता बनाया। बाबा कार्तिक उरांव ने जनजातियों की जमीन की सुरक्षा को जीवन का मिशन बनाया। उन्होंने भूदान आंदोलन के दौरान लूटी गयी जमीनें वापस दिलाने के लिए भूमि वापसी अधिनियम बनवाया। यह कदम जनजाति समाज के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ। उनके प्रयासों से हजारों लोगों को उनकी जमीन दोबारा मिली और आत्मनिर्भरता की राह खुली। वह जानते थे कि बिना जमीन और शिक्षा के समाज का भविष्य नहीं बन सकता। इसलिए उन्होंने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। इस संस्था ने क्षेत्र के किसानों और युवाओं को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ा। बाबा कार्तिक उरांव ने न्याय व्यवस्था और प्रशासनिक भागीदारी में जनजातीय प्रतिनिधित्व की लड़ाई लड़ी। उन्होंने 1972 में रांची में पटना हाइकोर्ट की अस्थायी खंडपीठ के गठन के लिए प्रयास शुरू किये, जो 1976 में स्थायी रूप से स्थापित हुई। उन्होंने छोटानागपुर और संताल परगना विकास प्राधिकरण के गठन की भी पहल की और इसके पहले उपाध्यक्ष बने। इससे जनजातीय समाज को शासन और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर मिला।

### ट्राइबल सब प्लान

उनकी दूरदर्शिता से ट्राईबल सब प्लान नीति अस्तित्व में आयी। इस योजना ने जनजाति बहुल क्षेत्रों के विकास को नीति निर्धारण के केंद्र में लाने का काम किया। इसके अलावा, उन्होंने 1968 में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की स्थापना की, जो शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में काम करती रही। बाबा कार्तिक उरांव ने कन्वर्जन के खिलाफ ठोस रुख अपनाया। उन्होंने संसद में कहा था कि जो लोग धर्म बदल चुके हैं, उन्हें जनजातीय आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। उनका मानना था कि जनजाति समाज की सांस्कृतिक जड़ें भारतीय सनातन परंपरा से जुड़ी हैं। उन्होंने जनजातियों को अपनी पहचान, परंपरा और आस्था पर गर्व करने का संदेश दिया। बाबा कार्तिक उरांव का जीवन समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई राष्ट्रीय नेताओं ने उन्हें जनजाति सशक्तिकरण का प्रतीक बताया है। उनकी नीतियों और विचारों ने आने वाली पीढ़ियों को आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान की राह दिखायी। बाबा कार्तिक उरांव ने अपने कर्म, नीतियों और साहस से दिखा दिया कि संघर्ष की राह कठिन जरूर होती है, लेकिन न्याय और आत्मसम्मान की जीत निश्चित होती है। उनका जीवन आज भी हर उस व्यक्ति के लिए प्रकाशस्तंभ है जो अपने समाज के अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.4 °c | 21.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.13 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.52 बजे |



# टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन ने की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद डेरेक ओब्रायन ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से हुई यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट के रूप में आयोजित की गयी थी। दोनों नेताओं के बीच बैठक में विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर हल्की बातचीत हुई। इस भेंट के माध्यम से राज्य में राजनीतिक और सामाजिक सहयोग को और मजबूत करने पर भी बात हुई।

# विकास और स्थिरता के लिए झामुमो ही सही विकल्प : संजीव सरदार

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर झामुमो के स्टार प्रचारक और पोटका विधायक संजीव सरदार का जनसंपर्क अभियान तेजी पकड़ रहा है। इसी क्रम में श्री सरदार ने बुधवार को घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनता से संवाद स्थापित किया। विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों से विकास, रोजगार, शिक्षा, सड़क और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अबुआ सरकार जनहित के हर मोर्चे पर काम कर रही है। स्थानीय लोगों ने भी झामुमो सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फसल राहत योजना, पथ निर्माण योजना, और आदिवासी छात्रवृत्ति योजना की सराहना करते हुए झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को विजयी बनाने का संकल्प लिया। विधायक सरदार ने कहा कि जनता इस बार विकास, स्थिरता और झारखंड की अस्मिता के पक्ष में वोट करेगी। इस जनसंपर्क अभियान में बड़ी तादाद में ग्रामीण और क्षेत्र के युवा शामिल थे।

## भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में किया जनसंपर्क

# गुड़ाबांदा के विकास की उपेक्षा की गयी: डॉ दिनेशानंद गोस्वामी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने बुधवार को गुड़ाबांदा में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गुड़ाबांदा के विकास की घोर उपेक्षा की। गुड़ाबांदा प्रखंड में डिग्री कॉलेज न होने के कारण यहां के विद्यार्थियों को कॉलेज की पढ़ाई करने के लिए घाटशिला और जमशेदपुर जाना पड़ता है। यहां स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है। यहां के मरीजों को छोटे-मोटे बिमारियों के इलाज कराने के लिए भी ओड़िशा के अस्पतालों में जाना पड़ता है। स्वर्णरेखा नदी के तट पर अवस्थित गांवों में भी सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है। झामुमो गठबंधन सरकार ने 6 वर्षों के दौरान गुड़ाबांदा में 1 भी उद्योग स्थापित कर न सकी। सरकार का विकास में कोई दिलचस्पी ही नहीं है। रोजगार के अभाव में इस क्षेत्र के युवा दक्षिणी भारत के राज्यों की ओर पलायन करने के लिए विवश हैं। उन्होंने लोगों से राज्य सरकार की बिफलताओं के खिलाफ मतदान करने की अपील की। विभिन्न बैठकों को जिला अध्यक्ष चंडीचरण साव, खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिला उपाध्यक्ष हेमंत नारायण देव, जिला मंत्री गौर चंद्र पात्र और मंडल अध्यक्ष पुलक गातांत ने भी संबोधित किया।

# अबुआ सरकार में आदिवासी शोषित भाजपा का साथ दें : बाबूलाल सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धालभूमगढ़।** भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने धालभूमगढ़ प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर चुनाव प्रचार अभियान चलाया। उन्होंने हरिनदुकड़ी दिल्ली गेट से अपने अभियान का शुभारंभ किया। यहां से तेतुलडांगा, जूनबनी, मटियालडीह, मौदशोली, पानीजिया, रावताड़ा, महिषाधारा, गुड़गाइकोचा, आमदा, घोषदा, सुंदरडीह आदि गांवों का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वर्तमान सरकार अपने आप को अबुआ सरकार करती है, पर अबुआ सरकार में आदिवासी शोषित और पीड़ित हैं। भाजपा ने झारखंड राज्य देने के साथ आदिवासियों एवं मूलवासियों का गौरव बढ़ाया है। आदिवासियों की सच्ची हितैषी भाजपा ही है। इसलिए किसी के बहकावे में ना आकर कमल खिलायें। विकास को गति देने का काम भाजपा ही कर सकती है। इस मौके पर उपमुखिया सुजन मान्ना, सीताराम मुर्मू, काजल धल, समित्र साव, साहब पूर्ति, धनंजय मदीना, अमल मान्ना, निर्मल नामाता, दीपू अधिकारी, रतन प्रधान, मंटू प्रजापति, गौरांग मान्ना आदि उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**वृष** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मिथुन** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षो के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन ने किया जनसंपर्क

## तीर-धनुष छाप पर वोट देने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** हल्की बारिश के बीच बुधवार को घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में झामुमो की चुनावी सरगर्मी और तेज दिखी। धालभूमगढ़, दामपाड़ा एवं आसपास के विभिन्न इलाकों में झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन ने व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। ग्रामीणों से आत्मीय संवाद के दौरान लोगों ने अपनी स्थानीय समस्याओं को साझा किया, जिसे प्रत्याशी सोमेश सोरेन ने गंभीरता से सुना और उनके समाधान को अपनी प्राथमिकता बताया।

वहीं दूसरी ओर सांसद जोबा मांझी, विधायक समीर मोहंती, विधायक संजीव सरदार एवं विधायक मंगल कालिंदी ने अपने-अपने जोनल क्षेत्रों में जनसंपर्क की कमान संभाली। बारिश के बावजूद जनप्रतिनिधियों का उत्साह बरकरार रहा। उन्होंने ताबड़तोड़ जनसंपर्क करते हुए ग्रामीणों से संवाद किया और झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के पक्ष में समर्थन की अपील की। साथ ही आगामी 11 नवंबर को क्रम संख्या 02 पर तीर-धनुष छाप पर वोट देने का आग्रह किया। इधर महिला मोर्चा की नेत्रियां भी जनसंपर्क में पीछे नहीं रहीं। पांवड़ा, घाटशिला और कशीदा के विभिन्न गांवों में पैदल भ्रमण कर उन्होंने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, मंईयां सम्मान, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी सम्मान, गुरुजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड, कृषि ऋण माफी योजना की जानकारी ग्रामीणों को दी और झामुमो प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन मांगा। महिला जनसंपर्क अभियान में छाया रानी साहू, लक्ष्मी सिंह, लिली भकत, मामोनी सीट समेत कई स्थानीय नेत्रियां सक्रिय रूप से शामिल रहीं। बारिश की फुहारों के बीच जनसंपर्क की यह लय इस बात का संकेत है कि घाटशिला की जनता इस बार भी विकास और स्थायित्व के प्रतीक तीर-धनुष के साथ खड़ी है।

## भाजपा में शामिल हुए झामुमो कार्यकर्ता और समर्थक

# भाजपा नेता अभय सिंह ने सभी को माला और पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर/घाटशिला।** जादूगोड़ा के इच्छड़ा गांव में बुधवार को जनसभा के दौरान झामुमो के अनेक कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह निर्णय उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी नीतियों और भाजपा की विकासोन्मुखी सोच से प्रभावित होकर लिया। भाजपा की ओर से आयोजित इस मिलन समारोह कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल थे सभी ने एक स्वर में भाजपा का अंगवस्त्र पहनकर पार्टी में शामिल होने का संकल्प लिया और क्षेत्र के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को विजयी बनाने का दृढ़ निश्चय व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

इस अवसर पर पर चंचल दास, उज्जवल गुप्ता, एवं अनेक स्थानीय ग्रामवासी भी उपस्थित थे, जिन्होंने भाजपा के संगठनात्मक मूल्यों और विकास के संकल्प पर अपना विश्वास जताया।

पार्टी में शामिल होने वाले में जीतन भगत, कृष्णा सिंह, दिलीप भगत, देवी भगत, सुरजीत मंडल, दुर्गानाथ सावन, लल्टू सावन, दीपक सावन, बिझांबर सावन, मनजीत बेहरा, चंदा सावन, शीला सावन, सुरज भगत, बिट्टू सावन, विक्की सावन, सोमनाथ सावन, राहुल भगत, मानसनाथ सावन, जतिन सावन, राहुल सावन, मुकेश सावन, राजू सावन, रुपेश सावन, सुकराती सावन, जोबा रानी भगत, जयंती भगत, सुतार्ती भगत, अकीला सिंह, सायरी सिंह, परवती भगत, ज्योति सिंह, बकुली भगत, खुर्का सिंह, मोंदिल्का सरदार, नमिता बेहरा, ललिता सिंह, बिंबला बेहरा, दुरगा सिंह, अंजली सिंह, कविता भगत, मल्लिका सिंह, मलेश सिंह, उर्मिला सिंह, सुकुमानी नायक, आरती भगत, रीना सिंह, नुय्या सिंह, सुमित्रा सिंह, नीलमबरी भगत, मिंडू सिंह व अन्य शामिल हैं।


# Government of India announces enhanced Minimum Support Price (MSP) for Jute

Government of India gives MSP Support to the farmers through 110 Purchase Centres & 14 Regional Offices of The Jute Corporation of India Limited (JCI) in Six Jute Growing States

JCI The Jute Corporation of India Limited (JCI) is the Central Nodal Agency for MSP in Raw Jute

MSP RATE : 2025-26

Minimum Support Prices fixed for different varieties and grades of raw Jute Mesta & Bimli all over India for the 2025-2026 Crop Season are as follows:

ALL OVER INDIA

| Variety | Grade ⇨ | TD-1/W1 | TD-2/ W2 | TD-3/ W3 | TD-4/ W4 | TD-5/ W5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Tossa/White | ₹ / Qtl. | 6350 | 6150 | 5650 | 5125 | 4875 | |
| Variety | Grade ⇨ | M1 / O.TOP | M2 / S.MID | M3 / MID | M4 / BOT | M5 / B.BOT | M6 / X.BOT |
| Mesta / Bimli | ₹ / Qtl. | 4135 | 3985 | 3860 | 3760 | 3660 | 3560 |

The Jute Corporation of India Limited (JCI) supports the Jute Farmers since inception in 1971

- Enhancement of MSP by 135% in 10 years MSP - ₹ 2400/ Per Quintal in CY 2014-15 has been increased to ₹ 5650/ Per Quintal in CY 2025-26
- MSP Operation started in new States - Nagaland, Meghalaya, Jharkhand
- Disbursement of farmers' payments within 3 working days
- E-Supply Chain and E-Auction platforms based on Block Chain Technology are in planning of implementation to bring transparency, traceability, price discovery and inventory management on real time basis
- Digitalization of operations for faster procurement operations from small and marginal farmers
- JCI "as an Implementing Agency" has an ongoing Jute Agronomy Development Project I-CARE for 11 years
  - Distribution of subsidized (50%) High Yield Certified Seeds
  - Free Distribution of Modern Agronomic Tools to farmers
  - Free Distribution of Retting Accelerators
  - Free Demonstration and Awareness Programs
  - Benefiting 5.6 lakh farmers and covering 2.15 lakh hectare land from 2015






JCI has launched PAAT MITRO App providing:
- MSP rates & purchase centres information.
- Agronomic advisories.
- Weather updates.
- Quality parameters of jute.
- Payment status after procurement.

Government of India's MSP procurement comparison between last two decades (2005-2014 : 2015-2024)

| 2005-2014 | | 2015-2024 | |
|---|---|---|---|
| Quantity (in lakh Bales approx.) | Value (in Crore ₹) | Quantity (in lakh Bales approx.) | Value (in Crore ₹) |
| 15 | 380 | 18 | 1345 |

JCI
দ্য জুট কর্পোরেশন অফ ইন্ডিয়া লিমিটেড
ভারতীয় পটসন নিগম লিমিটেড
भारतीय पटसन निगम लिमिटेड
The Jute Corporation of India Limited
A Government of India CPSE under Ministry of Textiles
Head Office: Patsan Bhavan, 3rd and 4th Floor, Block-CF, Action Area – 1 New Town, Kolkata – 700156, Phone: (033) 2252 1100 / 6720 / 6770 / 7107 / 7109 Fax : (033) 2252 1771. Email: jci@jcimail.in. www.jutecorp.in

**West Bengal:**
Regional Offices (RO): Kolkata RO, Krishnagar RO, Bethuadahari RO, Berhampore RO, Siliguri RO. Coochbehar RO, Malda RO
Purchase Centres ( DPC) : Champadanga, Jirat, Kolaghat. Bangaon, Bagdah, Nahata, Charghat, Baduria, Benki, Basirhat, Pandua, Berachampa, Aranghata DPC, Bangaljhi DPC, Bara Andulia DPC, Chakdaha DPC, Gangnapur SC, Gazna DPC, Majdia DPC, Nagarukhra SC, Kalna DPC, Dainhat DPC, Katwa DPC, Sulantu DPC, Nabadwip DPC, Bethuadahari, Debagram, Kaliganj, Palashipara, Nazirpur, Karimpur, Rezinagar, Kalitala, Kazisaha, Trimohini, Amtala, Patikabari, Hariharpara, Cossimbazar, Jalangi, Shaktipur, Kaliganj, Kaladanga, Nazirpur, Lalbagh, Bhagirathpur, Dhuliyan, Jangipur, Domkal, Changrabandha, Bhotpatty, Talmahat, Dhupguri, Islampur, Panjipara, Mathabhanga, Dinhata, Bhetaguri, Kamakhyaguri, Tufanganj, Alipurduar, Bulbulchandi, Harirampur, Tulshihata, Samsi, Chandoil, Chanchal, Raiganj, Rampur Bolla

**Assam:**
RO: Guwahati RO, Gauripur RO, Nagaon RO
Purchase Centres (DPC): Guwagacha, Baharihat, Uparhali, Lakhipur(SC), Kharupetia, Bechimari, Goalpara, Gauripur, Abhayapuri, Patiladaha, Kaldoba, Bilasipara, Kaliabor, Juria, Dumdumia, Dhing, Moirabari, Lanka, Bhuragaon

**Bihar:**
RO: Forbesganj
Purchase Centres (DPC) Murliganj, Chhatapur, Jadia, Pratapganj, Triveniganj, Durgaganj, Gulabbagh, Katihar, Kishanganj, Bahadurganj, Thakurganj, Forbesgabj

**Odisha:**
RO: Bhadrak RO
Purchase Centres (DPC): Dhanmandal, Bhadrak, Kendupatna, Sailong, Danpur, Marshagai

**Andhra Pradesh:**
RO: Parvathipuram RO
Purchase Centres (DPC): Bobbili, Parvathipuram, Udaipur, TeliamoraUdaipur, Teliamora

**Tripura:**
RO: Udaipur RO
Purchase Centres (DPC) Udaipur, Teliamura

CBC 41122/15/0035/2526







# बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की घटना की जिम्मेवारी लें स्वास्थ्य मंत्री : वृंदा करात

## घाटशिला उप चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी को समर्थन करने की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा) में थैलेसीमिया के पीड़ित बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की घटना दुखद है। इस घटना की जिम्मेवारी स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को लेनी चाहिए। उक्त बातें माकपा की वरिष्ठ नेत्री वृंदा करात ने बुधवार को मेन रोड स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को नागरिकता निर्धारण का उपकरण नहीं बनाया जा सकता है। निर्वाचन आयोग की ओर से 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को विस्तारित करने के फैसले का माकपा कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया गरीबों और कमजोर वर्गों के बड़े हिस्से को मताधिकार से वंचित कर सकती है।




उन्होंने कहा कि बिहार के अनुभव से यह स्पष्ट हुआ है कि इस प्रक्रिया के तहत समाज के कमजोर तबकों के अनेक लोग मतदाता सूची से बाहर कर दिये गये। उन्होंने इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब नागरिकता निर्धारण के अधिकार क्षेत्र को लेकर मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, तब भी निर्वाचन आयोग इस प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है।

**आयोग ने बिहार के अनुभव से नहीं लिया सबक**

उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने बिहार के अनुभव से कोई सबक नहीं लिया है। आयोग को यह स्वीकार करना पड़ा था कि पात्रता के प्रमाण के रूप में मांगे गये 11 दस्तावेज प्रारंभिक आवेदन के साथ अनिवार्य नहीं हैं। यहां तक कि आधार कार्ड जिसे सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद जोड़ा गया, मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण भाजपा की विभाजनकारी राजनीति को आगे बढ़ाने का माध्यम नहीं बनना चाहिए।

इस मौके पर पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने घाटशिला उप चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी को समर्थन करने की घोषणा की।

# सिविल सर्जन का निलंबन नाकाफी, स्वास्थ्य मंत्रालय और सचिवालय जिम्मेदार : सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चाइबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआइवी संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना पर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस गंभीर घटना में केवल सिविल सर्जन का निलंबन पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का मंत्रालय और सचिवालय दोनों समान रूप से जिम्मेदार हैं।

सरयू राय ने कहा कि झारखंड के सभी सरकारी ब्लड बैंक अराजकता की स्थिति में हैं और नेशनल ब्लड पॉलिसी के प्रावधानों को अब तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव से यह पूछा जाना चाहिए, कि नीति को लागू करने में देरी क्यों हुई।



उन्होंने बताया कि विधानसभा में 11 मार्च 2022 को उनके सवाल के जवाब में सरकार ने स्वयं स्वीकार किया था कि रक्त संग्रह के बुनियादी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। उस समय दिये गये आश्वासन पर आज तक अमल नहीं हुआ और जिन अस्पतालों ने रक्त संग्रह अभियान नहीं चलाया, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी। सरयू राय ने कहा कि राज्य के 24 जिलों में से केवल रांची सदर अस्पताल, रिम्स और एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर में ही ब्लड सेपरेशन यूनिट कार्यरत हैं। बाकी 23 जिलों के सदर अस्पतालों में यह सुविधा नहीं है, जिससे प्लेटलेट्स, आरबीसी और प्लाज्मा को अलग नहीं किया जा सकता। नतीजतन, मरीजों को पूरा रक्त चढ़ाना पड़ता है, जिससे जोखिम बढ़ जाता है।

उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश ब्लड बैंकों में स्वतंत्र चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं और वे प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों द्वारा संचालित हो रहे हैं, जो राष्ट्रीय ब्लड नीति के नियमों का उल्लंघन है। राय ने कहा कि जब सरकार के शीर्ष स्तर पर ही लापरवाही बरती जा रही है, तो राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं का भगवान ही मालिक है।

# घाटशिला उपचुनाव को लेकर चांडिल में आजसू की बैठक आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के कोल्हान क्षेत्र के प्रमुख नेताओं की बैठक गुरुवार को चांडिल के चिलगु स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित की गयी है। बैठक में पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो पार्टी नेताओं के साथ घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में अब तक की तैयारी की समीक्षा करेंगे और आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने बताया कि बैठक में केंद्रीय नेताओं के अलावा कोल्हान क्षेत्र के तीनों जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और खरसावां-सरायकेला जिलों के प्रमुख कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में आजसू पार्टी कार्यकर्ता एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जमीनी स्तर पर जुटे हैं। आजसू का घाटशिला विधानसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन भी संपन्न हो चुका है, जिसमें सभी बूथों के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद आदित्य साहू भी चांडिल आजसू कार्यालय में आजसू नेताओं के साथ उपचुनाव की रणनीति को लेकर बैठक कर चुके हैं।




# हस्ताक्षरयुक्त वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान का दस्तावेज सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर चलाये गये वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह के नेतृत्व में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को हस्ताक्षर युक्त वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान का दस्तावेज सौंपा। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजिनी, अभिलाष साहू राजन वर्मा,अख्तर अली मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी ने पूरी लगनता के साथ जिलावार वोटर चोर गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान चलायी है यह अभियान लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का प्रतीक है। मतदाता सूची से दलित आदिवासी, पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को सूची से हटा एए जो लोकतंत्र पर हमला है। वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर युक्त दस्तावेज सौंपने वालों में मुख्य रूप से गुंजन कुमारी सिंह, जोसीमा खाखा, प्रमिला देवी मंजू जोशी, अजंता सामद नीतू देवी, मेरी तिर्की, सुषमा देवी, रेखा सिंह, नितिमा बोदरा बरी, नलीनी, मीनू सिंह, सीता राणा, सुनीता गोप, सीमा प्रवीण, भवना वर्मा, रजनी बंसल आदि शामिल थे।



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने की बैठक

# ग्रामीणों को जल्द मुआवजा राशि का भुगतान करें: डॉ आशा लकड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली / रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य की अध्यक्षता में नयी दिल्ली में एनएचएआइ के मुख्यालय में बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने झारखंड राज्य से संबंधित मुद्दों को एनएचएआइ के चेयरमैन संतोष कुमार यादव के समक्ष रखा। इसमें गुमला-रांची एनएच-43 पर अंडरपास नहीं होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी पर चर्चा करते हुए डॉ आशा लकड़ा ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर एनएचएआइ को निर्देश दिया गया है कि संबंधित क्षेत्रों में अंडरपास और कट की सुविधा उपलब्ध करायें। इसके अलावा रांची-जमशेदपुर, रांची-डालटनगंज, रांची-हजारीबाग एनएच और धनबाद के पास जीटी रोड की मरम्मत कराने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत गोला-रजरप्पा मार्ग पर अधिग्रहित जमीन के मुआवजे पर भी चर्चा हुई। डॉ आशा लकड़ा ने बताया कि गोला क्षेत्र में जिन ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित की गयी है, उन्हें मुआवजा देने के लिए केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को दो करोड़ 92 लाख 54 हजार रुपये दिये हैं, लेकिन अब तक राज्य सरकार ने मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया है। एनएचएआइ के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि राज्य सरकार से बातचीत कर संबंधित ग्रामीणों को जल्द से जल्द मुआवजा राशि का भुगतान करें और गोला-रजरप्पा भारत माला प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग करें। इसके अलावा एनएचएआइ को राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडर पर कनैल का पौधा नहीं लगाने और सड़क के किनारे फलदार पौधे लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक में एनएचएआइ के अधिकारियों ने एसटीएससी के सदस्यों को आश्वस्त किया कि बैठक में दिये गये दिशा-निर्देशों के तहत जल्द ही सभी कार्य पूरे कराये जायेंगे।

# जायसवाल कल्याण समिति ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती धूमधाम से मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में बुधवार को भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती धूमधाम से मनायी गयी। जायसवाल कल्याण समिति ने रातू रोड स्थित हनुमान वाक्स पोद्दार सत्संग भवन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने समाज के गरीब और पिछड़े वर्गों की मदद करने के लिए समाज के लोगों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने भी संबोधित किया और युवाओं से समाज के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर विशाल झांकी शोभा यात्रा भी निकाली गयी, जो रातू रोड महावीर चौक से होते हुए वापस धर्मशाला पहुंची। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष महेंद्र जायसवाल और संचालन सचिव अरविंद जायसवाल ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से चौधरी सेवा संघ के हरिशंकर चौधरी, सुनील जायसवाल, डॉ अमित जायसवाल, कंस्कार समाज के अरुण लाल, अनुराग जायसवाल, आदित्य चौधरी, सुनील चौधरी, राहुल चौधरी, रवि जायसवाल, प्रमोद जायसवाल सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे। इस दौरान अगले साल और धूमधाम से सहस्त्रबाहु जयंती मनाने का संकल्प लिया गया।



# रेलवे बोर्ड अध्यक्ष और सीइओ ने दिलायी सत्यनिष्ठा की शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों से इमानदारी, कार्यकुशलता और लोकसेवा के मूल्यों को बनाये रखने और पारदर्शिता को सुदृढ़ कर भ्रष्टाचार की संभावनाओं को समाप्त करने का आह्वान किया। रेलवे बोर्ड के सतर्कता निदेशालय द्वारा सप्ताह भर चलने वाली गतिविधियों की योजना सेमिनार, कार्यशालाएं, पोस्टर अभियान और संवाद सत्र आयोजित कर निवारक सतर्कता एवं लोकसेवा में नैतिकता को प्रोत्साहित किया जायेगा।

रेल मंत्रालय, केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा देशभर में मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अनुरूप, रेलवे बोर्ड में इस सप्ताह का आयोजन कर रहा है। इस अवसर का उद्देश्य सार्वजनिक प्रशासन में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीइओ, सतीश कुमार द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाने के साथ हुई। इस अवसर पर मंत्रालय के विभिन्न निदेशालयों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भौतिक और वर्चुअल दोनों माध्यमों से उपस्थित रहे। यह आयोजन 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 तक चलेगा। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का विषय, जिसे केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा अधिसूचित किया गया है, है सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी। यह विषय नैतिक आचरण, सुशासन में पारदर्शिता, और भ्रष्टाचार-मुक्त संगठन के निर्माण में सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व को रेखांकित करता है।



# भारतीय खाद्य निगम ने ओपन मार्केट सेल स्कीम के तहत चावल की बिक्री शुरू की




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय खाद्य निगम, झारखंड क्षेत्र ने ओपन मार्केट सेल स्कीम (ओएमएसएस) के तहत चावल की बिक्री के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। इस योजना के तहत लघु निजी व्यापारी, उद्यमी और व्यक्ति सीधे भारतीय खाद्य निगम के डिपो से चावल खरीद सकते हैं। इसमें चावल की दरें निर्धारित की गयी है। इसमें न्यूनतम मात्राः 1 मीट्रिक टन, अधिकतम मात्राः 9 मीट्रिक टन। दरः2890 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।

**ई-नीलामी के माध्यम से थोक बिक्री :** इसके अलावा, ई-नीलामी के माध्यम से थोक बिक्री भी की जायेगी, जिसमें चावल उत्पादक, प्रोसेसर और थोक व्यापारी भाग ले सकते हैं। 1 मीट्रिक टन से 7000 मीट्रिक टन तक की मात्रा 2890 रुपये प्रति क्विंटल के आरक्षित मूल्य की दर से खरीद सकते हैं।

**पंजीकरण और संपर्क :** रुचि रखने वाले बोलीदाता एम /एस एम जंक्शन सर्विसेज एलटीडी के हेल्पडेस्क नंबर 1800-102-7136 पर संपर्क कर सकते हैं या वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण एवं ई-नीलामी में भाग ले सकते हैं।

# तु प्रभ दाता दान मत पूरा हम थारे भेखारी जिओ...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री गुरु नानक देवजी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बुधवार को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की प्रभात फेरी निकाली गयी। ' कल तारण गुरु नानक आया ' के जयकारे के साथ प्रभातफेरी सुबह 5.30 बजे दर्शन दिऊड़ी गेट से निकल कर ललित किंगर, मनोहर लाल मिढ़ा, रमेश तेहरी, श्याम लाल गाबा, अर्जुन देव मिढा की गली होते हुए दर्शन दिऊड़ी गेट वापस पहुंचकर सुबह आठ बजे समाप्त हुई। फेरी में सत्संग सभा की कीर्तन मंडली के सुंदर दास मिढ़ा, जसपाल मुंजाल, इंदर मिढा, रमेश पपनेजा, बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, इंदु पपनेजा, नीता मिढ़ा, रेशमा गिरधर, मनजीत कौर,बबीता पपनेजा ने नानक भव जल पार परै जो गावै प्रभु के गीत.... एवं तु प्रभ दाता दान मत पूरा हम थारे भेखारी जिओ.... और दीन दरद निवार ठाकुर राखै जन की आप.... शबद गायन कर साध संगत को गुरवाणी से जोड़ा। सभी श्रद्धालुओं ने जगह-जगह प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। सरदार छोटू सिंह ने निशान साहब उठाकर प्रभात फेरी की अगुवाई की और मनीष मिढा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने वाहेगुरु से अरदास की। प्रभात फेरी के समापन पर सत्संग सभा द्वारा श्रद्धालुओं के बीच चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया।

प्रभात फेरी में अर्जुन दास मिढ़ा, अशोक गेरा, मोहन काठपाल,जीवन मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, आशु मिढ़ा, नवीन मिढा, रमेश गिरधर, राजेंद्र मक्कड़, हरीश तेहरी, भरत गाबा, पंकज मिढ़ा, बसंत काठपाल, हरविंदर सिंह, मनीष मल्होत्रा, गौरव मिढ़ा, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, गुलशन मिढ़ा, कमल मुंजाल, मनीष गिरधर, सूरज झंडई, रौनक ग्रोवर, जितेश बेदी, मोहित झंडई, घनश्याम मुंजाल, ज्ञान मादन पोतरा, हैप्पी अरोड़ा, वंश डावरा, रिकी मिढ़ा, पीयूष थरेजा, राकेश गिरधर, दिलीप सिंह, राजन मिढ़ा, जसवंत चूचरा, खुशबू मिढ़ा, हरजिंदर कौर, उषा पपनेजा, ममता थरेजा, बिमला मिढा, प्रेमी काठपाल, नीतू किंगर, उषा झंडई, निशा किंगर, रजनी कौर, गूंज काठपाल, सुषमा गिरधर, दुर्गी देवी मिढ़ा, राज काठपाल, रानी तलेजा, स्वीटी सिडाना, अमर मुंजाल, सुषमा गिरधर, रजनी तेहरी, रिशा मुंजाल, मिताली तेहरी समेत अन्य शामिल थे।



# महुआ माजी ने मधुकम तालाब में डूबे युवक के परिजनों से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने विगत 28 अक्टूबर को मधुकम तालाब में डूबे सचिन चौरसिया के चटकपुर के श्रीनगर रोड नंबर 3 स्थित घर पहुंचकर परिजनों से बुधवार को मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। सांसद ने परिजनों को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता राशि देने का आश्वासन दिया। मौके पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सांसद ने कहा कि दुख की घड़ी में झामुमो सभी शोकाकुल परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में हर संभव उनके परिवार के साथ हमेशा खड़ी रहेंगी। परिजनों से मुलाकात करने के दौरान सांसद महुआ माजी के साथ वार्ड 28 के पूर्व पार्षद आशा देवी, पूर्व पार्षद अनिल गुप्ता झामुमो नेता नंद किशोर सिंह चंदेल, मंटू वर्मा, अनीश वर्मा, अभिषेक गोस्वामी सहित अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# ये मामूली झाड़ियां नहीं, इसकी वजह से कइयों की जान जा चुकी है

## ■ महुआडांड- डाल्टनगंज मुख्य सड़क पर बारेसाढ़ से गारु तक और गारु-लातेहार मुख्य पथ पर अरमू मोड़ से कोटाम तक फैली हैं झाड़ियां

## ■ कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं यहां, प्रशासन की ओर से झाड़ियां के हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे

आदर्श कुमार (चंचल )

**गारु (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के गारु प्रखंड अंतर्गत गारु थाना क्षेत्र और बारेसाढ़ थाना क्षेत्र में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। जिससे कई यात्रियों की जान जा चुकी है। वजह है सड़कों के किनारे फैली हुई सघन झाड़ियां। महुआडांड-डाल्टनगंज मुख्य सड़क में बारेसाढ़ से गारु तक एवं गारु - लातेहार मुख्य पथ पर अरमू मोड़ से कोटाम एवं कोटाम से सरयू तक सड़क के किनारे दोनों ओर सघन झाड़ियां हैं। झाड़ियों के कारण सड़क से दूसरी ओर से आने वाले वाहन नहीं दिखते इस वजह से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई बार तो वाहन आमने-सामने टकरा जाते हैं। राजेंद्र प्रसाद, रघुवर साव, विश्वनाथ यादव, श्रवण प्रसाद, राकेश कुमार, बृजकिशोर यादव, आकाश कुमार, राजा कुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क के किनारे दोनों और सघन झाड़ियों की वजह से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिससे कई राहगीरों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद भी प्रशासन के द्वारा झाड़ियां के हटाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क के किनारे फ्लैंक भी कई जगह कट गये हैं इस वजह से सड़क के किनारे बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। आये दिन कइ यात्री दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में पहल की अपील की है, ताकि दुर्घटना में अंकुश लगाया जा सके।



### हाल के दिनों में हो चुके हैं कई हादसे

**पहली घटना–** गारु थाना क्षेत्र के कोटाम ग्राम के पास मोटरसाइकिल और कार के आमने-सामने की टक्कर में संतोष सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो जाती है। वहीं दूसरे युवक की हालत अभी भी गंभीर है।

**दूसरी घटना –** बारेसाढ़ थाना के द्वारसैनी घाटी (घटवरिया ) के पास वाहन को साइड देने में सड़क के किनारे फ्लैंक नहीं होने की वजह से बारेसाढ़ थाना क्षेत्र के कुजरूम निवासी बालकिसुन उरांव सड़क हादसे का शिकार हो गया था जिसमें युवक के पैर एवं हाथ टूट गये थे।

**तीसरी घटना –** अभी हाल में ही गारु के मिर्चइया फॉल देखने आये पर्यटकों की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। जिसमें सवार पर्यटकों को काफी चोटें आयी थीं।

**चौथी घटना –** हाल के दिनों में ही गारु थाना क्षेत्र के ही मिर्चाइया फल के पास ही वाहन को साइड देने में बच्चों के खेलने का सामग्री को ले जाता ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। वजह बनी सड़क के किनारे घनी झाड़ियां एवं अत्यधिक मिट्टी का कटाव। इस वजह से ट्रक पलट गया था जिसमें वाहन मालिक को काफी नुकसान उठाना पडा था।

### इस रूट में हैं कई पर्यटक स्थल

लातेहार जिले के इस रूट में नेतरहाट, बेतला नेशनल पार्क, सुग्गाबांध, लोध फॉल एवं भेड़िया आश्रयनी समेत कई पर्यटक स्थल हैं जो यात्रियों को अपनी ओर लुभाते हैं।

इस वजह से स्थानीय लोगों की अच्छी खासी कमाई भी हो जाती है, एवं रोजी रोजगार के कई साधन खुलते हैं। इसके अलावा दूसरे राज्यों के एवं विदेश से भी पर्यटक इन स्थलों का लुफ्त उठाने आते हैं एवं अपने कैमरे में यहां की तस्वीर कैद कर विदेशों में भी सोशल मीडिया एवं अन्य प्रकार से इन जगहों का प्रचार प्रसार करते हैं,जो झारखंड के लिए गौरवपूर्ण बात है। वहीं दूसरी ओर सड़क किनारे झाड़ियां एवं फ्लैंक के कटाव के कारण दुर्घटना का भय बना हुआ रहता है बावजूद इसके इस ओर प्रशासन सजग नहीं दिख रहा है। इस कारण पर्यटक स्थलों के गुलजार होने में थोड़ी कमी दिख रही है।

### क्या कहा अधिकारियों ने

इस संबंध में बीडीओ अभय कुमार ने बताया कि इस संबंध में वन विभाग के बैठक में डीएफओ के समक्ष समस्या से अवगत करा दिया हूं वन विभाग की सहमति से ही झाड़ियों की साफ सफाई होनी संभव है।

इस संबंध में रेंजर उमेश दुबे ने बताया कि वन विभाग के पास मजदूरों को देने के लिए राशि उपलब्ध नहीं है। इस वजह से विभाग इतने बड़े एरिया में झाड़ियां के साफ सफाई करने में असमर्थ है।

इस संबंध में पथ निर्माण विभाग के एइ विजय बाखला ने बताया कि सड़क के किनारे झाड़ियां की साफ सफाई के लिए जल्द से जल्द कदम उठाया जायेगा। लेकिन फ्लैंक के लिए हर बार मिट्टी मोरम करना संभव नहीं है। वन विभाग के क्लीयरेंस के बाद सड़क के किनारे पेवर ब्लॉक या पीएससी बनाया जायेगा जिससे दुर्घटना में अंकुश लगेगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का 7वां स्थापना दिवस 31 अक्टूबर को, तैयारी पूरी




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का 7वां स्थापना दिवस 31 अक्टूबर को रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका सभागार में आयोजित होगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। इस अवसर पर सात पाउंड का केक काटा जायेगा और वैश्य समाज के पांच प्रवृद्धजनों को वैश्य रत्न की उपाधि से सम्मानित किया जायेगा। साथ ही पांच उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में कई प्रस्ताव पारित किये जायेंगे और आगे की रणनीति एवं कार्यक्रमों की घोषणा की जायेगी। इस संबंध में बुधवार को वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। साहू ने बताया कि वैश्य मोर्चा राज्य में निवास करने वाले 54 वैश्य उप-जातियों का सामाजिक संगठन है, जो राज्य के 40 प्रतिशत आबादी की चिंता करती है और उनकी समस्याओं व मांगों को लेकर संघर्ष करती रहती है। महेश्वर साहू ने कहा कि वैश्य मोर्चा सामाजिक कार्यों में भी भरपूर योगदान देती रही है और लोगों के व्यक्तिगत समस्याओं का भी भरसक निदान करती है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के बाद नयी ऊर्जा, नयी उमंग और नयी उत्साह से वैश्य मोर्चा की नीति-सिद्धांतों और मुद्दों की महत्ता के अनुकूल वैश्य समाज को एकजुट किया जायेगा और संघर्ष को तेज किया जायेगा।

### आठ वर्षों से न्यूजीलैंड में छठ महापर्व कर रही हैं शुभु सिन्हा



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के रहने वाले रूपेश कुमार और शुभ सिन्हा अपने दो बेटे ऋषि राज और श्री राज के साथ न्यूजीलैंड में ऑकलैंड के कैंयू शहर में रहते है। वहां उनकी धर्मपत्नी विगत 8 वर्षों से छठ महापर्व करती आ रही हैं। पहली बार 2017 में अपनी मां शोभा देवी के सानिध्य में शुरूआत की थी, जो लगातार छठ महापर्व होता आ रहा है। न्यूजीलैंड में भारतीय मूल के अलवा वहां के लोग भी इस छठ महापर्व में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेते हैं। शुभु सिन्हा बताती है कि छठ महापर्व करके उनको एक अलग ही आनंद महसूस होता है। ऐसा लगता है कि अपने देश भारत में अपने परिवार के बीच हूं। वही शुद्धता, उमंग और उल्लास के साथ मैं अपने परिवार के साथ हमारे आराध्य सूर्यदेव का ध्यान करते हुए इस पावन पर्व का मनाती हूं।

### लापता देव नारायण पासवान की तलाश में परिजन

रांची (आजाद सिपाही)। 28 अक्टूबर को दिन के लगभग 1:30 बजे 55 वर्षीय देव नारायण पासवान नामक एक व्यक्ति अपने घर से बिना बताये निकल गये और अभी तक वापस नहीं लौटे हैं। उनकी बेटी शीतल कुमारी ने बताया कि उनके पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और वे अक्सर घर से निकल जाते हैं।

### पुलिस पर हमला करनेवाले पांच गिरफ्तार

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के गुंजरा मोड़ स्थित सचिन ढाबा पर उपद्रव करने के दौरान पुलिस के द्वारा रोके जाने पर उपद्रवियों के द्वारा पुलिस से हाथापाई करने के आरोप में पांच उपद्रवियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस बाबत पुलिस इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी और थाना प्रभारी पंकज सिंदुरीया ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार शाम को सूचना मिली कि गुंजरा मोड़ स्थित जीटी रोड किनारे सचिन ढाबा के मालिक के साथ दस पंद्रह लोग मारपीट कर रहे हैं। उक्त सूचना के आधार पर गश्ती दल को घटना स्थल पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु भेजा। पुलिस के द्वारा उपद्रवियों को शांत कराने का प्रयास गया परंतु उक्त सभी लोग पुलिस से ही उलझ गये और लाठी–डंडे से पुलिस कर्मियों को मारने लगे। गिरफ्तार किये गये अजीत कुमार यादव पिता सीताराम यादव, शिव कुमार यादव पिता इंद्रदेव यादव, पवन कुमार यादव पिता रामछतरू यादव, मुकेश कुमार शर्मा पिता अर्जुन ठाकुर सभी ग्राम बरियठा, बरही निवासी और मुन्ना कुमार यादव पिता महादेव यादव ग्राम चतरो बरही निवासी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा का जैसा नाम वैसा काम : योगी

## जो पशुओं का चारा खा जाये, वो सब कुछ डकार जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के सीवान में बाहुबली शहाबुद्दीन के गढ़ में रैली की। यहां बुलडोजर से उनका स्वागत किया गया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में बुलडोजर माफिया की छाती पर ऐसे दौड़ता है कि सपा और उसके पार्टनर्स को सिर्फ फातिहा पढ़ने का मौका मिलता है। योगी ने आरजेडी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा मुझे आश्चर्य है कि रघुनाथपुर विधानसभा से आरजेडी ने जिस प्रत्याशी को उतारा है, वह देश-दुनिया में अपनी आपराधिक प्रवृत्ति के लिए जाना जाता है। नाम भी देखिए ओसामा शहाब। शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा, जैसा नाम वैसा काम।' सीएम ने कहा कि कांग्रेस, आरजेडी और समाजवादी पार्टी जैसे दल अपराधी और माफिया को गले लगाते हैं। किसी बाबर और किसी औरंगजेब की मजार में जाकर सजदा पढ़ेंगे। चारा घोटाले पर भी सीएम योगी ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि जो पशुओं का चारा खा जाये, वो सब कुछ डकार जायेगा।



### राम मंदिर का विरोध करती थी कांग्रेस, राजद और सपा

सीएम योगी ने कहा कि बिहार में आज विकास और विरासत भी है। राम-कृष्ण-शिव, बाबा महेंद्र नाथ, महर्षि विश्वामित्र, महात्मा बुद्ध, बाबू जगजीवन राम, डॉ राजेंद्र प्रसाद की परंपरा ही हमारी विरासत है। योगी ने बिहारवासियों से पूछा कि राम मंदिर बनने से आप खुश हैं, जवाब आया हां। योगी ने कहा कांग्रेस, राजद और यूपी में इनका पार्टनर समाजवादी पार्टी राम मंदिर का विरोध कर रहे थे। यह लोग अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं करा पाते। कांग्रेस कहती थी कि राम हुए ही नहीं, राजद ने कहा कि हम मंदिर नहीं बनने देंगे। सपा रामभक्तों पर गोली चलाती थी। हम तब भी कहते थे कि गोली चले या डंडा, रामलला हम आयेंगे, मंदिर वहीं बनायेंगे। आज मंदिर बन गया।'

# कोल्हान बंद जनता को गुमराह करनेवाला और राजनीति से प्रेरित कदम है : कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने चाईबासा लाठीचार्ज के विरोध में भाजपा की ओर से बुलाए गये कोल्हान बंद को जनता को गुमराह करने वाला और पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित कदम बताया। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि इसी कारण कोल्हान की जनता ने इसे नकार दिया और अब घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के माध्यम से भाजपा को इसका करारा जवाब देने का काम करेगी। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने आरोप लगाया कि कोल्हान बंद का आह्वान और विरोध प्रदर्शन घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में निश्चित हार को देख कर बौखलाहट का परिणाम है। उन्होंने कहा कि घाटशिला उपचुनाव में अपनी निश्चित हार को देखते हुए भाजपा



नेताओं ने आदिवासियों को उकसा कर अराजकता फैलाने की कोशिश की है। झारखंड की जनता अच्छी तरह जानती है कि कौन सी पार्टी उनके हितों की रक्षा के लिए काम कर रही है और कौन केवल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। शाहदेव ने कहा कि जब बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए दरभंगा पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, तो झारखंड भाजपा के नेता पीछे कैसे रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोल्हान में भाजपा एक संवेदनशील मुद्दे पर घिनौनी राजनीति कर रही है। हकीकत यह है कि एनएच (राष्ट्रीय राजमार्ग) पर नो एंट्री लागू करने का अधिकार और जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, जिसकी सत्ता में स्वयं भाजपा बैठी है। अगर भाजपा वास्तव में आदिवासियों की हितैषी होती, तो वह दिल्ली में अपनी सरकार से इस समस्या का स्थायी समाधान क्यों नहीं करवाती? शाहदेव ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन की आड़ में परिवहन मंत्री के आवास का घेराव करना और पुलिस पर पथराव करके माहौल को हिंसक बनाना किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। कानून-व्यवस्था बनाये रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# सड़क पर बिजली तार टूटकर गिरा, मची अफरा-तफरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के राणा चौक से लहरी मोहल्ला जाने वाले मुख्य सड़क के उपर स्थित बिजली का 220 वोल्ट तार बुधवार की शाम अचानक टूट कर गिर गया। सघन आबादी और रिहाइसी एरिया में अचानक बिजली तार टूट कर गिरने से अफरा तफरी मच गयी। सड़क के दोनों और लोगों की भीड़ जमा हो गयी। तत्काल जागरूक नागरिकों ने बिजली ऑफिस फोन कर लाइन काटने का अनुरोध किया। लाइन काटने के बाद स्थिति यथावत हुई। मिली जानकारी के अनुसार सघन आबादी के बीच बिजली तार गिरने के बावजूद किसी प्रकार के हादसे की सूचना नहीं है। इस दौरान बाइक सवार विजय साहू बिजली तार की चपेट में आने से बाल बाल बच गया। फिलहाल, बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा लाइन काटकर बिजली तार दुरुस्त करने की कवायत की जा रही है।

# मोटर पंप चोरी मामले में दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित विशेष छापामारी दल ने मोटर पंप चोरी के एक मामले का सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वही थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि ग्राम कल्याणपुर निवासी अनिल कुमार सिंह के खेत के कुएं से 1 एचपी का मोटर पंप तथा सीताराम सिंह, पिता रामवृक्ष सिंह, ग्राम कल्याणपुर का भी 1 एचपी का मोटर पंप चोरी कर लिया गया था। इस संबंध में बरवाडीह थाना कांड संख्या 68/2025, दिनांक 28.10.2025, धारा 303(2)/ 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। छापामारी के दौरान चोरी किये गये दोनों मोटर पंप बरामद कर लिए गये।

गिरफ्तार अभियुक्तों में सुरेन्द्र सिंह, उम्र करीब 47 वर्ष और राहुल सिंह, उम्र करीब 26 वर्ष (दोनों ग्राम अमडीहा, थाना बरवाडीह, जिला लातेहार) पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# डेली मार्केट में लगी आग, दो दर्जन से अधिक दुकानें जलकर खाक

**10 दिनों में आगजनी की चौथी बड़ी घटना, साल 2000 के बाद सातवीं बार डेली मार्केट में लगी आग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मंगलवार की देर रात हजारीबाग शहर के व्यस्ततम डेली मार्केट में भीषण आग लग गयी। रात करीब 12:30 से 1:00 बजे के बीच अचानक उठी लपटों ने पूरे बाजार को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि करीब दो दर्जन से अधिक दुकानें जल गयी। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि



आसपास का क्षेत्र धुएं से भर गया। आगजनी की इस घटना में दुकानों में रखे कपड़े, किराना सामान, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, मोबाइल एक्सेसरीज और नकदी तक जलकर खाक हो गयीं। दुकानदारों का कहना है कि हजारों की मेहनत से खड़ी की गयी दुकानों में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। कई परिवारों की रोजी-रोटी का सहारा एक झटके में खत्म हो गया। स्थानीय लोगों ने जब दुकानों से धुआं उठता देखा, तो उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक अधिकांश दुकानें जल चुकी थीं। आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल सका है। दुकानदारों ने बताया कि वर्ष 2000 के बाद से अब तक डेली मार्केट में यह सातवीं बार आग लग चुकी है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी प्रशासन की ओर से न तो स्थायी समाधान की पहल की गयी है, न ही पीड़ितों को राहत या मुआवजा देने की कोई व्यवस्था की गयी है। आग से प्रभावित व्यापारियों ने बताया कि बार-बार आग लगने के बावजूद बाजार में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किये गये हैं। न ही फायर सेफ्टी उपकरण उपलब्ध हैं और न ही बिजली व्यवस्था सुरक्षित है। उनका कहना है कि अगर समुचित सुरक्षा उपाय पहले से किये गये होते, तो इतना बड़ा नुकसान टाला जा सकता था। इस घटना को लेकर व्यापारियों में भारी आक्रोश है। गौरतलब है कि पिछले 10 दिनों में हजारीबाग में आगजनी की यह चौथी बड़ी घटना है, जिससे शहरवासियों में भय और असंतोष दोनों गहराते जा रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि लगातार हो रही ऐसी घटनाओं के बावजूद प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र क्र.सं. 30804 दिनांक 09.10.2025 मैं, सत्तार अंसारी, पुत्र सरीफ अंसारी, निवासी ग्राम- उगरा टांगरा टोली, थाना सेन्हा, जिला-लोहरदगा, झारखण्ड, एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित घोषणा करता हूँ कि 1. मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। 2. रईस अंसारी मेरा पुत्र है और उसके आधार संख्या (UID No-) 8563 4540 0284 में उसका नाम गलत नाम दर्ज है । मेरा पुत्र रईस अंसारी है। 3. अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम रईस के रूप में उल्लेखित है और उसकी जन्म तिथि 25.01.2008 है।
4. मैं अपने पुत्र के जारी किए गए आधार कार्ड में उसका सही नाम रईस अंसारी और सही जन्म तिथि 25.01.2008 सुधरवाना चाहता हूँ । अतः यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। 5. शपथ पत्र में दिए गए बयान सत्य और सही हैं।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र क्र.सं. 124 दिनांक 12.09.2025 मैं, रंथी देवी पति ब्रजेश उरांव निवासी ग्राम-चुरकू महुवा टोली, पोस्ट - हेसवे थाना- सेन्हा, जिला लोहरदगा एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित घोषणा करती हूँ,
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि आधार कार्ड सं0 4634 7038 2329 है जिसमें मेरा नाम रंथी देवी दर्ज है लेकिन ऑनलाईन में रंथी देवी के स्थान पर किसी और का नाम दुखईन देवी दिखाता है जो गलत है।
3. यह कि उक्त आधार कार्ड को ऑनलाईन में लोड करते हुए दुखईन देवी के स्थान पर मेरा नाम रंथी देवी सुधार किया जाए । इस हेतू यह शपथ पत्र सम्पादित कर रही हूँ।
4. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।

# अब कोलकाता में घटना

अमेरिका ने इस साल जून में अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी कि भारत में महिलाएं अकेले यात्रा न करें। इस एडवाइजरी में कुछ राज्यों का जिक्र करते हुए कहा गया था कि भारत में रेप के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जब यह सलाह आयी, तो काफी हंगामा मचा। इसे भारत के अपमान के तौर पर देखा गया, लेकिन इंदौर और कोलकाता की हालिया घटनाएं बताती हैं कि देश में महिलाओं की सुरक्षा वाकई चिंताजनक है। इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की दो खिलाड़ियों से छेड़छाड़ हुई, जबकि कोलकाता में एक पांच सितारा होटल के नाइट क्लब में महिला से यौन हिंसा की गयी। इंदौर की घटना दिन के उजाले में हुई, कोलकाता की रात में, लेकिन दोनों वारदात भीड़ भरे इलाकों में हुईं। दोनों जगह पुलिस ने तुरंत कार्रवाई का दावा किया, पर यह समस्या केवल इन दोनों मामलों तक सीमित नहीं है। आम धारणा है कि देश के दूरदराज के इलाकों, छोटे शहरों या कस्बों के मुकाबले महानगरों में महिलाएं ज्यादा सुरक्षित हैं - वहां वे अपनी पसंद का पहन सकती हैं, कहीं आ-जा सकती हैं, लेकिन ये दोनों केस इस धारणा को गलत साबित करते हैं। इससे यही जाहिर होता है कि जगह कोई भी हो, लेकिन महिलाओं को लेकर सोच कमोबेश एक जैसी है और हर जगह उन्हें एक जैसे खतरों व चुनौती का सामना करना पड़ता है। इंदौर और कोलकाता को केवल इसलिए भी महज दो घटनाएं कह कर खारिज नहीं कर सकते, क्योंकि देश में हर दिन ऐसी सैकड़ों घटनाएं होती हैं। एनसीआरबी का डेटा बताता है कि 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4.5 लाख केस दर्ज किए गए। इसमें करीब 84 हजार केस छेड़खानी के थे, जबकि 29 हजार से ज्यादा मामले रेप के। इन आंकड़ों को खंगालिए तो पता चलता है कि महिलाएं कहीं सुरक्षित नहीं हैं - न घर में न बाहर। और अपराध की छाया हर उम्र पर पड़ रही है। ऐसे माहौल में जब मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के जैसा बयान आता है, जिसमें जिम्मेदारी पीड़िताओं पर डाल दी जाती है, तो इससे एक तरह से आरोपियों को बचने की ढाल मिल जाती है। क्रिकेट विश्वकप बड़ा इवेंट है। आगे भी देश को कई बड़े आयोजनों की मेजबानी करनी है, पर ऐसी वारदात से विदेशी पर्यटकों, दर्शकों, खिलाड़ियों में भरोसा कम होता है। वारदात के बाद सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करना पर्याप्त नहीं है, जब तक समाज महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं बनेगा, तब तक आधी आबादी असल में सुरक्षित नहीं हो सकती।

> इंदौर की घटना दिन के उजाले में हुई, कोलकाता की रात में, लेकिन दोनों वारदात भीड़ भरे इलाकों में हुईं। दोनों जगह पुलिस ने तुरंत कार्रवाई का दावा किया, पर यह समस्या केवल इन दोनों मामलों तक सीमित नहीं है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**कोल्ड चेन योजना को पीएमकेएसवाइ के अंतर्गत लाया गया, ताकि किसानों, प्रसंस्करणकर्ताओं और बाजारों को जोड़ने वाले संपूर्ण कोल्ड चेन समाधान तैयार किये जा सकें, तथा बर्बादी में कमी लायी जा सके, रोजगार को बढ़ावा दिया जा सके और जल्द खराब होने वाली वस्तुओं के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ायी जा सके। इसके अलावा, कोल्ड चेन अवसंरचना का महत्व केवल भंडारण तक ही सीमित नहीं है। इसमें खेतों में प्री-कूलिंग सुविधाएं, आधुनिक प्रसंस्करण केंद्र, कुशल वितरण केंद्र और तापमान-नियंत्रित परिवहन प्रणालियां शामिल हैं, जो एक साथ मिल कर काम करती हैं।**

# एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्य संवर्धन अवसंरचना

पीआइबी

भारत में पैदावार के बाद होने वाली क्षति एक बड़ी चुनौती बनी हुई है खासकर फल और सब्जियों के मामले में। इसके अलावा डेयरी, मांस, मुर्गी और मछली जैसी जल्द खराब होने वाली वस्तुओं के लिए भी यही दिक्कतें हैं। अनुसंधान बताते हैं कि पैदावार और रखरखाव से लेकर परिवहन, भंडारण और प्रसंस्करण तक, पूरी आपूर्ति श्रृंखला में काफी क्षति होती है, जिससे किसानों की आय घटती है, उपभोक्ता कीमतें बढ़ती हैं और खाद्य सुरक्षा कमजोर होती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआइ) एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्यवर्धन अवसंरचना योजना चलाता है, जिसे आमतौर पर प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाइ) के हिस्से के रूप में कोल्ड चेन योजना के रूप में जाना जाता है। इसका मुख्य लक्ष्य खेत से लेकर खुदरा दुकान तक एक निर्बाध कोल्ड चेन का निर्माण करना, पैदावार के बाद होने वाले नुकसान को कम करना और किसानों को उनकी उपज का बेहतर लाभ सुनिश्चित करने में मदद करना है। हालांकि यह योजना पहले शुरू की गयी थी, लेकिन इसका 2016-17 में पुनर्गठन किया गया और इसे पीएमकेएसवाइ के अंतर्गत शामिल किया गया। पीएमकेएसवाइ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की एक व्यापक योजना है, जिसका उद्देश्य खेत से लेकर खुदरा दुकान तक कुशल संपर्क और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक अवसंरचना का निर्माण करना है। कोल्ड चेन योजना को पीएमकेएसवाइ के अंतर्गत लाया गया, ताकि किसानों, प्रसंस्करणकर्ताओं और बाजारों को जोड़ने वाले संपूर्ण कोल्ड चेन समाधान



तैयार किये जा सकें, तथा बर्बादी में कमी लायी जा सके, रोजगार को बढ़ावा दिया जा सके और जल्द खराब होने वाली वस्तुओं के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ायी जा सके। इसके अलावा, कोल्ड चेन अवसंरचना का महत्व केवल भंडारण तक ही सीमित नहीं है। इसमें खेतों में प्री-कूलिंग सुविधाएं, आधुनिक प्रसंस्करण केंद्र, कुशल वितरण केंद्र और तापमान-नियंत्रित परिवहन प्रणालियां शामिल हैं, जो एक साथ मिल कर काम करती हैं। यह योजना बागवानी (2022 से फलों और सब्जियों को छोड़ कर, जिन्हें एक अलग योजना के दायरे में लाया गया है), डेयरी, मांस, मुर्गी पालन और समुद्री या मछली उत्पादों (झींगा को छोड़ कर) सहित कई क्षेत्रों को शामिल करती है, जिससे कृषि और संबद्ध उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण जल्द खराब होने वाली वस्तुओं की समस्याओं को हल निकाला जाता है। इस पुनर्गठन का उद्देश्य सहायता को सुव्यवस्थित करना और दोहराव को रोकना है। इसने फलों, सब्जियों और झींगा को ऑपरेशन ग्रीस योजना के अंतर्गत स्थानांतरित कर दिया। यह योजना पीएमकेएसवाइ का एक अन्य घटक है, जो आपूर्ति श्रृंखलाओं को स्थिर करने के लिए चलायी जा रही है।

नाबार्ड कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एनएबीसीओएनएस) द्वारा 2020 में किये गये एक मूल्यांकन में बताया गया कि आइसीसीवीएआइ योजना के तहत कदम उठाये जाने के कारण बर्बादी में उल्लेखनीय कमी आयी है, विशेष रूप से फल और सब्जियां, डेयरी और मत्स्य पालन क्षेत्रों में।

**आइसीसीवीएआइ के उद्देश्य :** योजना के मूल उद्देश्य कोल्ड चेन अवसंरचना के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट रूप से परिभाषित किये गये थे: आइसीसीवीएआइ के प्रमुख घटक : यह योजना आपूर्ति श्रृंखला में सुविधाओं के निर्माण का समर्थन करती है, जिसमें अक्सर खेत स्तर पर बुनियादी ढांचा तैयार करने पर जोर दिया जाता है। सामान्य कोल्ड चेन योजना (22.05.2025 के दिशानिर्देशों के अनुसार) के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए, आवेदक को खेत स्तर पर बुनियादी ढांचा (एफएलआइ) स्थापित करना होगा और उसे वितरण केंद्र (डीएच) और/या रेफ्रिजरेटेड/इन्सुलेटेड परिवहन से जोड़ना होगा।

**खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने हेतु पीआइए की पात्रता :** आइसीसीवीएआइ एक मांग-आधारित योजना है। विभिन्न पात्र संस्थाएं (परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियां-पीआइए) खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित कर सकती हैं। मंत्रालय पात्र संस्थाओं से धन की उपलब्धता के आधार पर अस्थायी रुचि की अभिव्यक्ति (इओआइ) के माध्यम से आवेदन/प्रस्ताव आमंत्रित करता है। खाद्य वस्तुओं के भंडारण के लिए राज्यों से सहमति प्राप्त करना अनिवार्य नहीं है। हालांकि, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने में उनकी सहायता आवश्यक है।

**आइसीसीवीएआइ योजना के पूरक प्रमुख सरकारी पहल :** एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआइडीएच), राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एनएचबी) और कृषि अवसंरचना कोष (एआइएफ) कुछ प्रमुख सरकारी पहल हैं, जो आइसीसीवीएआइ योजना के पूरक हैं।

1. **एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआइडीएच)**
2. **ऑपरेशन ग्रीन्स योजना**
3. **राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड (एनएचबी) की पहल**
4. **कृषि अवसंरचना निधि (एआइएफ)**

**पीएमकेएसवाइ के अंतर्गत बढ़ा हुआ बजटीय आवंटन (2025) :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जुलाई 2025 में पीएमकेएसवाइ के लिए 1,920 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय को मंजूरी दी, जिससे 15वें वित्त आयोग चक्र (31 मार्च, 2026 तक) के लिए कुल आवंटन बढ़कर 6,520 करोड़ रुपये हो गया। इस मंजूरी में एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्यवर्धन अवसंरचना (आइसीसीवीएआइ) के अंतर्गत 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों की स्थापना के लिए 1000 करोड़ रुपये शामिल हैं। यह उल्लेखनीय वृद्धि कोल्ड चेन अवसंरचना के प्रभाव का विस्तार करने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह योजना सामान्य क्षेत्रों में पात्र परियोजना लागत का 35 प्रतिशत और दुर्गम क्षेत्रों में 50प्रतिशत, साथ ही अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समूहों, एफपीओ और स्वयं सहायता समूहों के प्रस्तावों को कवर करते हुए एकीकृत कोल्ड चेन परियोजनाएं स्थापित करने हेतु अनुदान या सब्सिडी प्रदान करती है। दुर्गम क्षेत्रों में पूर्वोत्तर राज्य (सिक्किम सहित), उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, एकीकृत जनजातीय विकास कार्यक्रम (आइटीडीपी) क्षेत्र और द्वीप शामिल हैं। प्रत्येक परियोजना को 10 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता मिल सकती है।

**उपलब्धियां और प्रगति :** जून 2025 तक 2008 में इसकी शुरुआत के बाद से, कोल्ड चेन योजना के अंतर्गत कुल 395 एकीकृत कोल्ड चेन परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। इनमें से 291 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और चालू हैं, जिससे प्रति वर्ष 25.52 लाख मीट्रिक टन की संरक्षण क्षमता और 114.66 लाख मीट्रिक टन की प्रसंस्करण क्षमता का सृजन हो रहा है। चालू और पूरी हो चुकी परियोजनाओं ने देश भर में 1,74,600 रोजगार सृजन में योगदान दिया है। 2016-17 के बाद उल्लेखनीय प्रगति हुई है। 2016-17 से, 269 स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु 2066.33 करोड़ रुपये के स्वीकृत अनुदान/सब्सिडी में से 1535.63 करोड़ रुपये की राशि जारी की गयी है। इनमें से 169 कोल्ड चेन परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और देश भर में चालू हो चुकी हैं।

> जून 2025 तक कोल्ड चेन योजना के अंतर्गत कुल 395 एकीकृत कोल्ड चेन परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है।

## कोल्हान की खबरें

### घाटशिला में जाति-धर्म के नाम पर वोट मांगने वालों को नकारेगी जनता : मंगल कालिंदी



घाटशिला (आजाद सिपाही)। घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी का जनसंपर्क अभियान तेजी से आगे की ओर बढ़ रहा है। विधायक ने क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के समर्थन में मतदान के लिए अपील की। विधायक श्री कालिंदी ने कहा हेमंत सरकार के कार्यकाल में विकास की नई दिशा मिली है। यही विकास जनता के विश्वास का आधार बनेगा। उन्होंने कहा घाटशिला की जनता के दिलों में रामदास दा बसे हुए हैं। 11 नवंबर को लोग सोमेश सोरेन को वोट देकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। श्री कालिंदी ने कहा यह चुनाव धनबल और जनबल के बीच की लड़ाई है। जिसमें जनबल की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा झामुमो विकास, जनसेवा और झारखंड की अस्मिता के लिए लड़ रही है, जबकि विपक्ष जाति और धर्म के नाम पर वोट मांगकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। मंगल कालिंदी ने विश्वास जताया घाटशिला की जनता इस बार जाति-धर्म की राजनीति को नकारते हुए विकास के पक्ष में मतदान करेगी।

### झामुमो शहरी प्रभारियों का जनसंपर्क अभियान तेज

# प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन की विजय सुनिश्चित करने का आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

घाटशिला। विधानसभा उपचुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का जनसंपर्क अभियान निरंतर गति पकड़ रहा है। शहरी क्षेत्र के प्रभारियों ने बुधवार को विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की और पार्टी प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के लिए तीर-धनुष छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

प्रभारियों ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि झामुमो की सरकार ने राज्य में विकास,



रोजगार और सामाजिक न्याय के नए आयाम स्थापित किए हैं। अब समय है कि इस जनसमर्थन को और मजबूत किया जाए ताकि घाटशिला क्षेत्र में विकास की गंगा और तेज बहे। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि आगामी 11 नवंबर को ईवीएम में क्रम संख्या 2, तीर-धनुष छाप पर बटन दबाकर सोमेश सोरेन को विजयश्री दिलाएं। जनसंपर्क के दौरान लोगों में झामुमो प्रत्याशी के समर्थन में उत्साह और एकजुटता का माहौल देखा गया। मौके पर मुख्य रूप से काजल डांन, सुखलाल हांसदा, अंपा हेम्ब्रम, गोपाल कोवरी, मदन दोलाई, महेश्वर माहली, आनंद गोराई समेत कई कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### ईचागढ़ में खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई, लाखों का अवैध बालू जब्त



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले में अवैध बालू कारोबार पर नकेल कसने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। डीसी नीतीश कुमार सिंह के निर्देश पर खनन विभाग ने बुधवार को ईचागढ़ थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के नेतृत्व में छापामारी के दौरान जारगोडीह से पांच लाख सीएफटी और बिरीडीह से ढाई लाख सीएफटी अवैध बालू भंडारण जब्त किया गया। कार्रवाई के बाद ईचागढ़ क्षेत्र के बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है जिले का यह इलाका पिछले कुछ समय से अवैध बालू खनन का गढ़ बन चुका है। खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति ने बताया डीसी के सख्त निर्देश के तहत जिले में अवैध खनन और बालू भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही। उन्होंने चेतावनी दी अवैध खनन में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। सूत्रों के अनुसार ईचागढ़ थाना क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है। ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे पर भी कार्रवाई न करने के आरोप लगातार लगते रहे हैं। वहीं स्थानीय होमगार्ड जवानों द्वारा वाहनों के कागजात जांचने की शिकायतें भी सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है इतने गंभीर आरोपों के बावजूद थाना प्रभारी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होना, जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़ी करती है। छापामारी दल में खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के साथ खान निरीक्षक समीर कुमार ओझा और खनन विभाग की पूरी टीम शामिल रही। जिले के एसपी से अपेक्षा की जा रही है वे मामले का संज्ञान लें और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# ग्रामीणों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस छोड़ने के मामले पर कोल्हान बंद का व्यापक असर

**चाइबासा शहर की अधिकतर बाजार बंद रहे, बसों का परिचालन ठप**

आजाद सिपाही संवाददाता

चाइबासा। चाइबासा में ग्रामीणों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस छोड़ने के मामले पर पश्चिमी सिंहभूम जिले में बुधवार को भाजपा द्वारा बुलाये गये कोल्हान बंद का व्यापक असर देखने को मिला। सुबह से ही बीजेपी कार्यकर्ता और स्थानीय सामाजिक संगठन सड़कों पर उतरकर दुकानों और प्रतिष्ठानों को बंद कराने की अपील करते दिखे। बंद के चलते चाइबासा शहर की अधिकतर दुकानें और बाजार बंद रहे। वहीं टाटा-रांची, किरीबुरू और दूसरे



ग्रामीण इलाकों के लिए बसों का परिचालन पूरी तरह ठप रहा। इसका असर आम लोगों की आवाजाही पर सीधे तौर पर देखा गया। बंद समर्थकों ने चक्रधरपुर, जगन्नाथपुर, सोनुआ आदि जगहों पर सड़कों के बीचों बीच टायर जलाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। दुकानें भी पूरी तरह बंद रहीं, सड़कों पर परिचालन पूरी तरह ठप रहा। वहीं बंद के चलते पूरे चाइबासा में जनजीवन प्रभावित रहा। स्कूल-कॉलेजों में छात्रों की उपस्थिति बेहद कम रही और यात्री वाहन नहीं चलने से लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। पुलिस प्रशासन ने बंद को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये थे और शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस जवानों की तैनाती की गयी थी। आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थिति सामान्य रही, जबकि चाइबासा में ग्रामीणों पर हुई लाठीचार्ज के विरोध में कोल्हान बंद का असर खरसावां में देखने को मिला। बंद समर्थकों ने सड़क पर टायर जलाकर बाजार बंद कराया। वहीं भाजपा नेत्री मीरा मुंडा, बंद समर्थकों के साथ सड़क पर उतर कर बंद करायीं।

# भाजपा का बंद रहा पूरी तरह असफल : तनुज खत्री

**जनता ने भाजपा के झूठे प्रोपेगेंडा को नकार दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कहा कि भाजपा द्वारा चाइबासा की घटना को राजनीतिक रंग देकर बुलाया गया बंद पूरी तरह असफल रहा। झारखंड की जनता ने भाजपा के इस झूठे प्रोपेगेंडा को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि भ्रम और अफवाह फैलाकर राजनीतिक रोटी सेंकना है। लेकिन झारखंड की जनता अब भाजपा की इस नकारात्मक राजनीति को अच्छी तरह पहचान चुकी है। डॉ तनुज ने कहा कि



जनता ने आज अपने व्यवहार से स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में अब विकास, स्थिरता और जनसरोकार की राजनीति ही चलेगी झूठ और उन्माद की नहीं। भाजपा की बंदी पूरी तरह फ्लॉप रही और जनता ने संदेश दे दिया है। झारखंड विकास चाहता है, न कि झूठे प्रोपेगेंडा की राजनीति।

# झामुमो नेता के बेटे समेत दो की पिटाई, चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



जमशेदपुर। परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित मकदमपुर बस्ती एक बार फिर हिंसा और तनाव की चपेट में आ गयी। मंगलवार की शाम कार को पास देने को लेकर शुरू हुए विवाद देखते-देखते इतना बढ़ गया जहां मॉब लिंचिंग जैसा माहौल बन गया। भीड़ ने दो लोगों को घर से निकालकर बेरहमी से पीटा। घटना में एक का पैर टूट गया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घायलों में एक झामुमो के वरिष्ठ नेता मनोवर हुसैन का बेटा अरबाज हुसैन शामिल है। जिसका सिर फट गया और गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम अरबाज अपने भाई के साथ कार से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में कार पास देने को लेकर शकील, जावेद, सिकंदर, अमजद सहित कुछ अन्य युवकों से विवाद हो गया। बताया जा रहा है थोड़ी ही देर में उक्त युवक तलवार, हॉकी स्टिक और लाठी-डंडे लेकर पहुंच गये और दोनों भाइयों पर हमला बोल दिया। किसी तरह दोनों घर पहुंचे, लेकिन मामला यहीं नहीं थमा। कुछ देर बाद विरोधी गुट के दर्जनों लोग हथियारों से लैस होकर मनोवर हुसैन के घर पहुंचे और उनके बेटे अरबाज और भतीजे को जबरन घर से बाहर निकालकर बुरी तरह पीटा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दृश्य किसी मॉब लिंचिंग से कम नहीं था। घटना के बाद बस्ती के लोग आक्रोशित हो उठे। भीड़ ने मौके पर खड़ी एक कार में पथराव और तोड़फोड़ की। कुछ घरों पर भी पत्थरबाजी हुई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। हालांकि, किसी बड़ी आगजनी की घटना नहीं हुई। सूचना मिलते ही परसुडीह पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जबकि अन्य फरार हैं। घटना के बाद मकदमपुर बस्ती में तनाव का माहौल है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए इलाके में पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी।

### ‘कॉफी विद एसडीएम’ में पैरालीगल वॉलंटियर्स के साथ एसडीएम ने किया संवाद

# पीएलवी सदस्य न्यायिक जागरूकता के होते हैं जमीनी कार्यकर्ता: एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम ‘काफी विद एसडीएम’ में बुधवार को क्षेत्र के पैरा लीगल वॉलिंटियर्स सदस्यों के साथ संवाद हुआ। इसका उद्देश्य न्यायिक व्यवस्था से जुड़े जमीनी कार्यकर्ताओं की भूमिका को सशक्त बनाना तथा उनके समक्ष आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर चर्चा करना था। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि पैरालीगल वॉलंटियर्स न्यायिक एवं विधिक कार्यों में एक जिम्मेदार और प्रभावी भूमिका निभा ही रहे हैं। इसके अलावा विधि व्यवस्था को जनहित के अनुरूप मजबूत करने के साथ ही शासन की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में भी सेतु का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पैरालीगल वॉलंटियर्स न्यायिक चेतना के जमीनी प्रहरी हैं। समाज में न्याय के प्रति विश्वास, विधिक जागरूकता और सशक्तिकरण की भावना को बढ़ाने में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं, अनुभवों और सुझावों को साझा किया। एसडीएम ने सभी मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुना और सम्बंधित विभागों को आवश्यक निर्देश देने की बात कही।



पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के सदस्यों के साथ संवाद करते एसडीएम संजय कुमार।

## अधिकारियों के साथ समन्वयात्मक समस्या

गढ़वा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने कहा कि वे लोग समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन अधिकारी उनकी बात को गंभीरता से नहीं लेते हैं। उन्होंने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली से विशेष रूप से असंतोष व्यक्त किया। मुरली श्याम तिवारी के अलावा भी कई पीएलवी सदस्यों ने अनुरोध किया कि प्रखंड स्तर पर पीएलवी कार्यकताओं के साथ अन्य पदाधिकारियों की बैठक होना चाहिए ताकि बेहतर समन्वय हो सके। वहीं, गोपाल चौबे ने कहा कि वह जहां भी पीएलवी की हैसियत से जाते हैं, वहां उन्हें टारगेट किया जाता है। जबकि होना यह चाहिए कि अगर पीएलवी किसी जन समस्या को लेकर आ रहा है तो उसे प्राथमिकता मिले।

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर जताई चिंता

उदय कुशवाहा, रवींद्रनाथ यादव, सुधीर चौबे, अजीत कुमार सिंह, विकास कुमार गौतम, प्रदीप कुमार आदि ने गढ़वा फोर लेन में आये दिन हो रहे सड़क हादसों पर चिंता जताई। उन्होंने आवश्यक उपाय अपनाने का अनुरोध किया। साथ ही कल्याणपुर, नेनुआ मोड आदि पर जो कट है वहां पर रोड साइनेज आदि व्यवस्था करने का अनुरोध किया। वहीं, कुछ पीएलवी सदस्यों ने बताया कि सरकारी कार्यालयों में कई बार नागरिक आवेदन जमा करते हैं तो बदले में उन्हें पावती या रिसीविंग रसीद नहीं मिलती है। ऐसे में पावती देने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किया जाना चाहिए। बताया कि पुलिस थानों में उक्त शिकायत धीरे-धीरे कम हो रही है, लेकिन अभी भी बरकरार है।

## वृद्धाश्रम और बालिका गृह जरूरी

कृष्णानंद दुबे एवं कई अन्य सदस्यों ने सुझाव दिया कि गढ़वा में वृद्ध-आश्रम और बालिका गृह नहीं है जिसके कारण कई बार बुजुर्गों और बच्चियों के पुनर्वास में बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं, कुछ पीएलवी जैसे यशवंत मिश्रा, राजेश कुमार चौधरी, अरविंद कुमार तिवारी, संगीता सिन्हा आदि ने बताया कि चाहे अनाथ बच्चों की फोस्टर केयर स्कीम हो या सावित्रीबाई फुले योजना हो या कोई अन्य कल्याणकारी योजना, उसमें बच्चों का आधार पंजीकरण कहीं ना कहीं समस्या बन जा रही है। यहां तक कि जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आधार की जरूरत पड़ती है और बच्चों के मामले में विशेष कर अनाथ बच्चों की स्थिति में आधार की समस्या के चलते योजनाओं से जोड़ना मुश्किल हो रहा है ऐसे में विशेष आधार पंजीकरण शिविर लगाए जाने चाहिए।

## राइट टू सर्विस पर सभी पीएलवी को मिले प्रशिक्षण

संवाद के दौरान संजय कुमार ने सभी पीएलवी सदस्यों को झारखंड राइट टू सर्विस एक्ट 2011 के प्रावधानों एवं नियमों के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही अनुरोध किया कि वे जमीनी स्तर पर भी इस एक्ट के बारे में ज्यादा से ज्यादा प्रचार करें। उस पर सभी सदस्यों ने एसडीएम से अनुरोध किया कि उनके लिए इस एक्ट को लेकर जिला स्तर का एक प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। सभी पीएलवी सदस्यों ने एसडीएम का आभार व्यक्त किया कि यह पहली बार है जब किसी प्रशासनिक पदाधिकारी ने उनके साथ ऐसा संवाद किया। इस बैठक में करीब 40 से अधिक पीएलवी सदस्य मौजूद थे।

## स्थानीय स्तर पर दिव्यांगता शिविर लगाने की मांग

अरविंद कुमार तिवारी, मानमती देवी, परशुराम, जमुना प्रसाद यादव आदि ने बताया कि दूर दराज से आने वाले दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए कम से कम अनुमंडल स्तर पर दिव्यांग जांच/ परीक्षण शिविर लगाए जाने चाहिए। कई बार सुदूरवर्ती क्षेत्रों से बमुश्किल जिला मुख्यालय पहुंचने के बाद पता चलता है कि डॉक्टर नहीं बैठे हैं। अनीता देवी एवं कुछ अन्य ने एसडीएम से अनुरोध किया कि कम से कम गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र में मुसहर समुदाय की बस्तियों में राशन कार्ड, आधार कार्ड, पेंशन आदि को लेकर कैंप लगाए जाना चाहिए।

# बुनियादी समस्याओं से जूझ रहा 100 घरों की आबादी वाला बैरियादामर गांव

### जर्जर सड़क, टूटे पुल ने बढ़ायी मुश्किलें, जिंदगी दांव पर लगाकर लकड़ी या बांस के सहारे पुल पार करने को मजबूर





जितेंद्र यादव

**डंडई (आजाद सिपाही)।** पंचायत क्षेत्र के बैरियादामर गांव के ग्रामीण इन दिनों मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। लगभग 100 घरों की आबादी वाले इस गांव तक पहुंचने के लिए जो सड़क मार्ग है, उसकी हालत बेहद खस्ताहाल हो चुकी है। बरसात के दिनों में वहां से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं रहता। सड़क में जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे न केवल पैदल चलना मुश्किल हो जाता है, बल्कि दोपहिया और चारपहिया वाहनों का आवागमन भी प्रभावित होता है।

## वर्षों से नहीं हुई सड़क की मरम्मत : ग्रामीणों

ग्रामीणों ने कहा कि वर्षों से उक्त सड़क की मरम्मति नहीं हुई है। जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण गांव की सड़क की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। बरसात में यह सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे बच्चों को स्कूल जाने, किसानों को बाजार तक अपनी उपज पहुंचाने और बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने में भारी परेशानी होती है। सड़क की समस्या के साथ ही गांव के समीप बहने वाली नहर पर पुल नहीं होने से भी ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में जब पनघटवा डैम से नहर में पानी छोड़ा जाता है तो नहर का जलस्तर बढ़ जाता है। तब ग्रामीणों का गांव से बाहर आना-जाना लगभग ठप हो जाता है। लोग मजबूरन जोखिम उठाकर लकड़ी या बांस का सहारा लेकर नहर पार करते हैं। कई बार इस कारण हादसे भी हो चुके हैं। नहर पार करने के क्रम में बच्चे बहाव का शिकार हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत और प्रखंड स्तर पर कई बार सड़क निर्माण और सिंचाई विभाग से नहर के उपर पुल बनाने की मांग उठाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीण सुल्तान अंसारी ने बताया कि कई बार आवेदन देकर अधिकारियों को समस्याओं से अवगत करा चुके हैं, पर हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। अगर समय रहते इस दिशा में पहल नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाएगी। उक्त गांव के किसान जुबैर आलम ने बताया कि सड़क जर्जर होने की वजह से खेतों से फसल बाजार तक पहुंचाने में दिक्कत होती है। ट्रैक्टर और गाड़ियों का चलना मुश्किल हो गया है। बरसात के मौसम में सड़क कीचड़ से पट जाती है, जिससे फिसलने का डर बना रहता है। वहीं, बच्चों को स्कूल जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उधर, बैरियादामर गांव की सायरा बीबी, मनताजिया बीवी, सकीना बीवी, सूबेदा बीवी सहित अन्य महिलाओं ने भी प्रशासन से सड़क और पुल निर्माण की मांग की है। कहा कि नहर पार कर प्रखंड मुख्यालय, बाजार या स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना बहुत कठिन हो जाता है। बरसात के दिनों में कई बार गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका, जिससे गंभीर स्थिति बन जाती है। ग्रामीण जीतू राम, प्रकाश राम, वासुदेव महतो, सुभाष कोरवा का कहना है कि डंडई पंचायत के कई इलाकों में विकास कार्य हुए हैं, लेकिन बैरिया डामर गांव अब भी उपेक्षित है। यहां की सड़क और पुल का निर्माण कराना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने सरकार और जिला प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द गांव में पक्की सड़क और नहर पर मजबूत पुल का निर्माण कराया जाए। इससे न केवल आवागमन में सुगमता आएगी, बल्कि गांव का सामाजिक और आर्थिक विकास भी तेज गति से होगा। दूसरी ओर, डंडई के मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा कि समस्या की जानकारी उन्हें है। बहुत जल्द सड़क मरम्मत और पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ग्रामीणों को अब भी उम्मीद है कि उनकी आवाज प्रशासन तक पहुंचेगी और जल्द ही बैरियादामर गांव को इस जर्जर सड़क और पुल विहीन स्थिति से मुक्ति मिलेगी। तब जाकर गांव के लोग सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन का लाभ उठा पाएंगे।

## डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बिहार में किया चुनाव प्रचार



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने बिहार के औरंगाबाद से एनडीए के प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों का दौरा किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने मतदाताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए विकास से अवगत कराया। इस अलावा अखिल भारतीय राष्ट्रीय चंद्रवंशी महासभा के अध्यक्ष होने के नाते अपने चंद्रवंशी समाज के लोगों से भी मुलाकात की और एनडीए प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह का समर्थन करने की अपील की। जिसे चंद्रवंशी समाज ने स्वीकार करते समर्थन देने का संकल्प लिया। उन्होंने समाज के लोगों को दूसरे लोगों को भी एनडीए के पक्ष में प्रचार करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

## बेमौसम बारिश से धान की फसल हो रही बर्बाद



**मेराल (आजाद सिपाही)।** बेमौसम बारिश के कारण धान और अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसानों हताश है। खेतों में पानी भरने से फसलें सड़ रही और कटाई में देरी हो रही है। इससे किसानों को बड़े आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा और वे सरकार से मुआवजे की उम्मीद कर रहे हैं। खड़ी फसलें, खासकर धान, बारिश के कारण गिर गई और पानी में डूब गई हैं। अगर इसी तरह मौसम कुछ दिन और खराब रहा तो धान के साथ ही अन्य फसल भी बर्बाद हो जाएगी।

# धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह के सरगना सहित पांच लोगों को पुलिस ने दबोचा

**तीन साल में हजारों लोगों को दिला चुका है इसाई धर्म की दीक्षा**

**‘फ्रेंड्स मिशनरी प्रेयर बैंड’ नामक संस्था के लिए काम करने की दी जानकारी**



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के भोले भाले लोगों का ब्रेन वॉश कर धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह के सरगना को रंका पुलिस ने बुधवार को दबोच लिया। मूल रूप से ओडिशा के रायगढ़ा निवासी बिपिन बिहारी प्रधान पिछले तीन साल से गढ़वा जिले के नगर उंटारी थाना के तुलसीदामर इलाके को अपने मुख्यालय के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। उसने पुलिस को बताया कि फ्रेंड्स मिशनरी प्रेयर बैंड नामक संस्था जिसका प्रधान मुख्यालय चेन्नई में है और झारखंड में राज्य स्तरीय मुख्यालय साहेबगंज में है। उसी ने उसे यहां भेज है। बताया कि पिछले तीन साल में हजारों की संख्या में ग्रामीण इलाकों में आर्थिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर लोगों के बीच सेवा भाव एवं प्रभु ईशु से प्रार्थना करने और कराने के एवज में ईसाई धर्म की दीक्षा दिला चुका है। रंका शहर के सटे सुकुलडीह टोले में बबन घासी के घर में नगर उंटारी के तुलसी दामर टोले से बिपिन बिहारी प्रधान की अगुवाई में पांच लोगों का दल बुधवार की सुबह आया था। प्रभु ईशु के प्रार्थना करने से होने वाले फायदे एवं जीवन में आ रही कठिनाईयों और परेशानियों से छुटकारा पाने के साधन के विषय में लोगों को बताया जा रहा था। साथ ही प्रभु ईशु के शरण में रहने से जीवन में शांति एवं कई अन्य तरह के होने वाले फायदे के संदर्भ में जानकारी दी जा रही थी। इसी बीच रंका पुलिस को इस बावत टोले के लोगों ने जानकारी दी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और सभी पांच लोगों और बबन घासी को थाना लाकर पूछताछ कर रही है। इस बावत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो अलग-अलग हादसों में चार घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को हुई दो अलग-अलग घटनाओं में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को परिजनों ने निजी वाहन की मदद से भवनाथपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ इंद्र किशोर विश्वकर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। पहली घटना भवनाथपुर-झगड़ाखांड मुख्य मार्ग स्थित हाई स्कूल के समीप पास हुई। जहां दो बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। उनकी पहचान विकास राम, सुनील राम और अंकित राम के रूप में हुई है। जबकि दूसरी घटना, अरसली उत्तरी झुमरी टोला में हुई।**

# सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत, एक की हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा-खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर अज्ञात वाहन के टक्कर से स्कूटी सवार तीन लोगों में दो की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उसे बसिया अस्पताल में भर्ती कराया हया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम लोयंगा बाजार के समीप हुई इस घटना में चंदन सिंह और दशरथ सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बबलू सिंह गंभीर रूप से घायल है। पता चला है कि तीनों एक स्कूटी पर सवार होकर झारो से मेला देखकर वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से 108 एंबुलेंस से तीनों को बसिया रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल बबलू सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। तीनों कामडारा थाना क्षेत्र के सुरहू लोदोटोली गांव के रहने वाले हैं।

## छठ पूजा में बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मी किये गये सम्मानित



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। छठ महापर्व पर फ्रेंड्स रॉक ग्रुप श्री बंशीधर नगर ने सम्मान समारोह आयोजित कर नगर ऊंटारी थाना के थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार एवं सिटी मैनेजर को उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया। बतातें चलें कि बीते दिन छठ महापर्व, दशहरा जैसे बड़े त्योहारों का समापन हुआ। इस दौरान लोगों की भीड़ एवं चोरी-छिनतई जैसी घटनाओं पर रोक लगाकर शांति पूर्वक सभी पर्व संपन्न कराने पर सम्मानित किया गया। थाना प्रभारी एवं सिटी मैनेजर को फ्रेंड रॉक ग्रुप के संरक्षक राजा पाण्डेय ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर थाना प्रभार ने कहा कि रॉक ग्रुप का कार्य सराहनीय है। युवाओं का सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भागीदारी लेना अच्छा है।**

### विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर हुई बैठक

# स्वच्छ मतदाता सूची करें तैयार: सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव/गढ़वा।** भारत निर्वाचन आयोग (नई दिल्ली) और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह झारखंड मंत्रिमंडल के सचिव के निर्देश पर मझिआंव प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर प्रखंड सभागार में बुधवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह सीओ प्रमोद कुमार ने की। इसमें सभी बीएलओ, राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं वॉलंटियर उपस्थित थे। इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025-26 के तहत बीएलओ, वॉलंटियर और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक सह एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कहा गया कि सभी राजनीतिक दल दो दिनों के भीतर अपने बूथ स्तरीय एजेंटों की सूची तैयार कर अंचल कार्यालय में उपलब्ध करायें। साथ ही सभी बीएलओ एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे दो दिनों के अंदर वर्तमान मतदाता सूची का वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान कर रिपोर्ट संबंधित कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। सीओ ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में बूथ संख्या 15 से विस्तार करते हुए 17 तक नए बूथ केंद्र बनाए गए हैं। कहा कि, सभी प्रतिनियुक्त कर्मी एवं राजनीतिक दल एकजुट होकर कार्य करें, ताकि एक स्वच्छ एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार किया जा सके। इस मौके पर प्रभारी प्रखंड पंचायत राज्य पदाधिकारी सह प्रशिक्षक परमानंद प्रसाद सहित सभी संबंधित विभाग के कर्मी अधिकारी एवं प्रतिनिधि जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, युवा समाजसेवी मारुत नंदन सोनी, डॉ एसएन त्रिपाठी और सत्येंद्र पांडे आदि उपस्थित थे।

Govt. of Jharkhand
Department of Mines and Geology
District- Koderma

Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats
(Through E-Procurement mode over https://www. jharkhandtenders.gov.in)

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रमः–

| क्र० स० | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/–रू0+GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Group A- Dudhi 01 to 06, Akto 01 to 09 & Lathbedwa | 26.10.2025 | 27.10.2025 10:00 AM से 09.11.2025 3:00 PM | 11.11.2025, 5:00 PM | 13.11.2025 को 10:00 AM से 5:00 PM तक |
| 2 | Group B- Kanti Murtiya and Keso 01 to 04 | | | | |
| 3 | Group C- Keso 05 to 12 | | | | |
| 4 | Group D- Keso 13 to 16 | | | | |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **www.jharkhandtenders.gov.in** से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https:// www. Jharkhandtenders. gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालू घाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
8. निविदादाता द्वारा ई–पोरक्योमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
9. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website पर उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई कोडरमा।
जिला कोषागार पदाधिकारी कोडरमा।
जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा।
अपर समाहर्ता, राजस्व कोडरमा।
उप निदेशक, खान हज़ारीबाग।
उपायुक्त कोडरमा।

PR 364779 Mines and Geology (25-26)_D

### तमाड़ में पांचपरगना कला सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

# पांच परगना की मिट्टी की सुगंध ने देशभर में अपनी पहचान बिखेरी है : महेंद्र नाथ शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता




**तमाड़।** तमाड़ राजा बाड़ी स्थित परिसर में पांच परगना ऑल आर्टिस्ट एसोसिएशन, बिरसा प्रगतिशील समिति और पंचपरगनिया झूमर सांस्कृतिक विकास समिति की ओर से एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूरे पांच परगना के हर प्रखंड (राहे, सोनाहातू , सिल्ली, तमाड़, बुंडू और अड़की) के कला - सांस्कृतिक दल पूरे पारंपरिक वेश - भूषा में अपनी-अपनी मनमोहक कला का प्रस्तुति दी। मुंडारी, पंच परगनिया और कुड़माली भाषा की अदभुत संगम पांच परगना क्षेत्र में देखा जाता है, यह पूरे प्रदेश में एक मात्र ऐसा क्षेत्र है जहां तीनों भाषाओं की भाषा अलग होने के बावजूद कला और संस्कृति एक जैसा है। मौके पर तमाड़ के राजा और तमाड़ प्रखंड के संग्रक्षक महेंद्र नाथ शाहदेव ने कहा कि पांच परगना क्षेत्र की मिट्टी में न सिर्फ वीरता की गाथाएं रची-बसी हैं, बल्कि यहां की कला, संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों ने पूरे झारखंड को देशभर में एक विशिष्ट पहचान दिलायी है। उन्होंने कहा कि यहां की कलाकारी पीढ़ियों से चली आ रही है और आज भी जीवंत है। शाहदेव ने क्षेत्रीय कला दलों को हर संभव सहायता देने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इन सांस्कृतिक वाहकों को संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी है, क्योंकि यही हमारी असली पहचान हैं।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष रमन गुप्ता, उपाध्यक्ष अजय मुंडा, सचिव जगतपाल गोप, कोषाध्यक्ष संजय साहू, सक्रिय सदस्य गुरुवा लोहारा, शष्टिरंजन महतो, राजेंद्र महतो, ठाकुरदास कोइरी, बजरंग पातर, संग्रक्षक पुष्पेंद्र सिंह शाहदेव, सलाहकार रीता मुंडा, बिरसा प्रगतिशील समिति के सचिव मदन महतो, पंच परगनिया झूमर सांस्कृतिक विकास समिति के अध्यक्ष सोमवारी देवी, जगजीवन लोहारा, रामश्रृंगार मुंडा आदि मौजूद थे।इस कार्यक्रम में सहदेव, अजय, अनीता, सृष्टि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। इसके अलावे पूरे पॉच परगना के हजारों कला प्रेमी मौजूद थे। मंच का संचालन मदन महतो, जगतपाल गोप ने किया।

# गड्ढे में गिरा अनियंत्रित ट्रक, चालक की मौत



- पुलिस ने जेसीबी और कटर की मदद से निकाला शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के पाही गांव के पास तीखे मोड़ पर बुधवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक पेड़ को तोडते हुए गड्ढे में गिर गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना में ट्रक का केबिन पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें दबकर चालक का शव क्षत-विक्षत हो गया। मृत ट्रक चालक की पहचान 26 बर्षीय रामानंद तांती पिता सुरेश तांती ग्राम केरी खाप, पोस्ट-अमावा, थाना - रजौली जिला- नवादा के रूप में हुई है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक संख्या जेएच19बी 8766 सिमरिया का बताया जा रहा है जो राय बचरा की ओर कोयला लोड करने सीसीएल के कांटा घर जा रहा था। घटना बुधवार सुबह 10:20 बजे की है।

पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को फोन कर सुचना दे दी गयी है। वहीं शव को डकरा स्थित सीसीएल सेंट्रल अस्पताल में रखा गया है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### गोसाईडीह महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी स्कूल की छात्राओं ने मचाया धमाल



बुंडू (आजाद सिपाही)। महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल गोसाईडीह बुंडू की छात्राओं ने ऑल इंडिया जीएसकेए कराटे-डो चैंपियनशिप 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता ग्लोबल शोतोकान कराटे-डो एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में देवघर के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कुमैठा स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता का आयोजन 13 अक्टूबर को किया गया। इसमें झारखंड, बिहार, ओड़िशा और बंगाल की टीमों ने भाग लिया। कुल 200 प्रतिभागियों में से 50 प्रतिभागी झारखंड से थे, जिनमें महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी स्कूल बुंडू की 2 छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। स्कूल की कक्षा सात की छात्रा खुशी गुप्ता ने एक रजत और एक कांस्य पदक, जबकि खुशबू कुमारी ने एक कांस्य पदक जीत कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल, बुंडू के प्राचार्य दीपक कुमार ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पॉलिटेक्निक मैदान सिल्ली में कुड़मी समाज का सम्मेलन आयोजित हुआ



मुरी (आजाद सिपाही)। पॉलिटेक्निक कॉलेज सिल्ली के चालीटांड़ मैदान में एक दिवसीय कुड़मि जुड़वाही सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक संगीत से शुरू किया गया। टोटेमिक कुडमि जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने, कुडमाली भाषा को संविधान का आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध करने आदि मांगों को लेकर विचार रखा गया। मुख्य वक्त शीतल ओहदार ने कहा कि अगर हमारा समाज हमें साथ दे, तो हम अपने समाज के हर काम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे और समाज को गति देने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम वृहद झारखंड कुड़मि समन्वय समिति सिल्ली के द्वारा आयोजित किया गया था। कुडमि एकता जिंदाबाद, कुडमि को एसटी में शामिल करना होगा के नारे को बुलंद किया गया। मौके पर शीतल ओहदार, सुनील सिंह, बीना देवी चौधरी, सविता रानी, हरे कृष्णा महतो, जितेंद्र महतो आदि पहुंचे थे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जन्म जयंती मनायी गयी



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमटांड़ मोड़ पर बुधवार को कुड़ुख विकास परिषद चांडिल अनुमंडल की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री, शिक्षाविद एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के संस्थापक स्वर्गीय बाबा कार्तिक उरांव का जन्म जयंती धूमधाम से मनायी गयी। स्वर्गीय कार्तिक उरांव के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कुड़ुख विकास परिषद के सदस्यों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ स्व० कार्तिक उरांव के आदमकद मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। वहीं कुड़ुख विकास परिषद के अध्यक्ष अभिराम उरांव ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लंदन, ग्लास्गो एवं ब्रिटेन में इंजीनियरिंग एवं बेरिस्टर की पढ़ाई करने के बाद अपने देश में आकर सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उरांव एवं आदिवासी समाज के लिए बहुत कार्य किया। इस मौके पर समाजसेवी विश्वनाथ उरांव,बंदीनाथ, शिवनाथ, प्रबोध, जगदीश, नकुल उरांव, लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा, गुरू प्रसाद उरांव सहित सैकड़ों महिला पुरुषों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कुरूकतोपा गांव में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया सोहराय पर्व



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बांदू पंचायत के संथाल बहुल गांव कुरूकतोपा में बुधवार को पारंपरिक सोहराय पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उमंग के साथ मनाया गया। गांव में सुबह से ही उत्सव का माहौल था। लोग पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे हुए थे, वहीं गांव की गलियां फूलों और रंगोली से सुसज्जित कर दी गयीं थीं। विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की शुरुआत गांव के नायके बाबा डापटा मुर्मू द्वारा पूजा-अर्चना से की गयी। उन्होंने पशुधन,फसलों और प्रकृति की समृद्धि की कामना करते हुए सामूहिक प्रार्थना की। पूजा के पश्चात ढोल और मांदर की थाप गूंज उठी और महिलाएं एवं पुरुष पारंपरिक संथाली गीतों की धुन पर थिरकने लगे। इस अवसर पर संजय मार्डी, सुदामा हेंब्रम, फुचुन हेंब्रम, कलेबर हेंब्रम, सुपेश हेंब्रम, जयचांद मुर्मू उपस्थित थे।

### हेसालोंग में भक्ति जागरण में झूमते रहे श्रोता



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। छठ महापर्व के उपलक्ष्य में हेसालोंग छठ पूजा समिति के तत्वाधान में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर हो गया। भक्ति गायकों के मधुर स्वर और श्रद्धा गीतों पर दर्शक झूम उठे, जिससे माहौल भक्तिमय बन गया। भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा ने फीता काट कर किया। भक्ति जागरण में गायिका मानवी सिंह सहित अन्य कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भोजपुरी गायक अनीश अलबेला ने एक से बढ़ कर एक छठ भक्ति गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम उत्कर्ष सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया था। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु देर रात तक भक्ति संगीत का आनंद लेते रहे। आयोजन की सफलता में पूजा कमेटी के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष कुलदीप प्रसाद साहू, विजय गुप्ता, गौरी शंकर, श्यामदेव साहू, गुप्तेश्वर कुमार, वीरेंद्र साहू, विजय साहू, रमेश साहू, मनोज मुंडा, विकास कुमार, रवि शंकर साहू, कृष्णा साहू, राजन कुमार, सूरज कुमार, सोनू कुमार, रविंद्र साहू, बृजलाल साहू और छोटन कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

### राजधर सायडिंग-एनटीपीसी टंडवा में हाइवा पर फायरिंग का उद्भेदन

# राहुल सिंह गिरोह के चार अपराधी हथियार और पर्चे के साथ गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** चतरा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के चार गुर्गो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो अवैध पिस्टल, दस जिंदा गोली, तीन मोबाइल फोन और गिरोह के पर्चे बरामद किये गए है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने 18 अगस्त 2025 को राजधर सायडिंग एवं 20 सितंबर 2025 एनटीपीसी टंडवा में हाइवा पर फायरिंग की घटनाओं में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। दोनों जगह हुए फायरिंग कांड का उद्भेदन पुलिस के द्वारा कर लिया गया तथा घटना में प्रयुक्त हथियार को बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में असजद रजा पिता मो आसीम अंसारी ग्राम कामता थाना टंडवा जिला चतरा, शहजहां अंसारी पिता मोइन अंसारी ग्राम जाडी थाना ठाकुरगांव जिला रांची, महफूज आलम उर्फ लालू पिता मंजूर मियां ग्राम कल्याणपुर थाना पिपरवार जिला चतरा, गुलजार अंसारी उर्फ राजू पिता मो कमरूद्दीन ग्राम रातु कांठीटांड़ थाना रातू जिला रांची के रूप में की गयी है। छापेमारी दल में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, इंस्पेक्टर उत्तम तिवारी, पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार, अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार, सहायक अवर निरिक्षक आदिय किशोर तिर्की सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

#### कारो मैदान में चार अपराधी गिरफ्तार

28 अक्टूबर की रात पुलिस अधीक्षक चतरा को गुप्त सूचना मिली कि राहुल सिंह गिरोह के गुर्गे पिपरवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत कारो मैदान के पास किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टंडवा प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने राहुल सिंह गिरोह के चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इस घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार अपराधी शाहजहां अंसारी पर ठाकुरगांव, खलारी, और कुडू और महफूज आलम उर्फ लालू के खिलाफ चान्हो थाना में मामला दर्ज है।

### अवैध बालू खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई

# ईचागढ़ में साढ़े सात लाख सीएफटी अवैध बालू जब्त, माफिया में हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** सरायकेला खरसावां जिला के उपायुक्त नितीश कुमार सिंह के निर्देशानुसार बुधवार को जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के नेतृत्व में खनन विभाग की टीम द्वारा ईचागढ़ थाना एवं स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ईचागढ़ थाना अंतर्गत मौजा बीरडीह एवं जारगोडीह में अवैध बालू खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उक्त स्थल बीरडीह में दो लाख पचास हजार सीएफटी तथा जारगोडीह में पांच लाख सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया। दोनों जगहों पर कुल सात लाख पचास हजार सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया।सभी जब्त खनिज को विधिवत जब्त कर ईचागढ़ थाना को सुपुर्द किया गया। इस पर डीएमओ ज्योति शंकर सतपति ने कहा कि क्षेत्र में लगातार अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगा तथा किसी भी हालत में अवैध खनन एवं परिवहन नहीं करने दिया जायेगा। मामले की अग्रेतर कारवाई की जायेगी। इस मौके पर जिला खनन निरिक्षक समीर ओझा, ईचागढ़ थाना के एसआइ विश्वजीत तिवारी एवं पुलिस बल उपस्थित थे।

### मोंथा चक्रवात : बेमौसम बारिश ने बढ़ा दी किसानों की चिंता

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मोंथा चक्रवात के प्रभाव से मंगलवार शाम से लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बेमौसम वर्षा के कारण धान, मडुआ, मक्का सहित सब्जियों की खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खेतों में पानी भरने से कई स्थानों पर फसलें गिर गयी हैं, जबकि कटाई के लिए तैयार धान भीगने से खराब होने की आशंका बढ़ गयी है। किसानों का कहना है कि मौसम में आये अचानक बदलाव ने उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। स्थानीय किसानों ने बताया कि पिछले 15 दिनों से मौसम सामान्य था और फसलें अच्छी स्थिति में थीं, लेकिन मोंथा चक्रवात के चलते हुई लगातार बारिश से खेतों में पानी जमा हो गया है। तोरपा के किसान जकरियास टोपनो ने कहा कि अगर बारिश दो तीन दिन इसी तरह जारी रही, तो तैयार धान खास कर गोडा धान खराब हो सकता है।

### रूढ़िगत संयुक्त ग्रामसभा मंच के बैनर तले महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रूढ़िगत संयुक्त ग्राम सभा मंच के बैनर तले बुधवार को सीसीएल एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय डकरा के समक्ष खनन प्रभावित ग्रामीणों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। नार्थ कर्णपुरा क्षेत्र के कई गांवों के विस्थापितों ने सीसीएल और सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए मुआवजा, पुनर्वास और रोजगार की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि उनका क्षेत्र अनुसूचित जनजाति बहुल है, जहां आजीविका का मुख्य साधन खेती और वन उत्पाद हैं। वर्ष 1974-75 में एलए एक्ट 1894 और सीबी एक्ट 1957 के तहत उनकी भूमि अधिग्रहित की गयी थी, लेकिन अधिकांश परिवारों को अब तक उचित मुआवजा एवं पुनर्वास नहीं मिला। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी घरों से मात्र 10-12 मीटर की दूरी पर खनन कर रही है, जिससे जीवन व संपत्ति को खतरा बढ़ गया है। अधिग्रहण के समय 25-30 वर्षों की लीज अवधि पूरी होने के बाद जमीन लौटाने का वादा किया गया था, लेकिन इसे निभाया नहीं गया। पुनर्वास में मात्र 5 डिसमिल भूमि देकर काम चलाया जा रहा है और सीएनटी एक्ट 1908 व एसपीटी एक्ट 1949 का उल्लंघन करते हुए भूमि का म्यूटेशन कंपनी के नाम किया जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उनका कहना है कि सरकार और कंपनी खनन से अरबों का लाभ कमा रही हैं, जबकि प्रभावित गांव बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से आज भी वंचित हैं। मौके अब्दुल्ला अंसारी, धनेश्वर गंझू, रंथू उरांव, अर्जुन गंझू, एलेक्जेंडर तिग्गा, राजकुमार उरांव, भरत गंझू, परमेश्वर गंझू समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। अंत में मंच की ओर से 32 सूत्री मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा गया। धरना की अध्यक्षता सुष्मिता उरांव ने, संचालन महेंद्र उरांव एवं धन्यवाद ज्ञापन बलेश्वर उरांव ने किया। धरना में कई ग्रामीण शामिल हुए।

# खूंटी के झोंगो पाहन का भारतीय तीरंदाजी टीम में चयन

- दुबई में गड़ेगा खूंटी का खूंटा, अर्जुन मुंडा ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिले के सुदूरवर्ती गांव सिल्दा के 17 वर्षीय झोंगो पाहन ने इतिहास रचते हुए भारतीय तीरंदाजी टीम में जगह बनायी है। झोंगो का चयन आगामी 7 से 14 दिसंबर तक दुबई में होने वाले एशियन यूथ पैरा गेम्स के लिए हुआ है। वे खूंटी जिले के पहले अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज बन गये हैं। झोंगो का यह सफर संघर्ष, साहस और संकल्प की मिसाल है। एक साधारण किसान परिवार से आने वाले झोंगो ने आर्थिक तंगी और शारीरिक दिव्यांगता के बावजूद तीरंदाजी में वह मुकाम हासिल किया, जिसकी कल्पना भी कठिन थी।

**विद्यालय से शुरू हुआ सुनहरा सफर :** वर्ष 2023 में झोंगो का नामांकन नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, खूंटी में हुआ। यहीं से उनकी जिंदगी ने नयी दिशा पकड़ी। विद्यालय के प्रशिक्षक आशीष कुमार और दानिश अंसारी ने उन्हें बांस का धनुष थमाया और तीरंदाजी की बुनियादी शिक्षा दी। सीमित संसाधनों में शुरू हुई यह यात्रा जिला प्रशासन और पूर्व उपायुक्त शशि रंजन के सहयोग से आगे बढ़ती रही। जनवरी 2025 में झोंगो ने जयपुर पैरा नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रदर्शन के दम पर वे भारतीय टीम में चयनित हुए। झोंगो के कोच दानिश अंसारी ने बताया कि आधुनिक तीरंदाजी उपकरणों की भारी कीमत (लगभग तीन लाख) झोंगो के लिए सबसे बड़ी चुनौती थी। ऐसे में उन्होंने खुद अभ्यास के लिए धनुष उपलब्ध कराया, जिससे झोंगो ने अथक मेहनत जारी रखी और चयन ट्रायल में सफलता पाई।

**उम्मीद की किरण बना विद्यालय :** प्राध्यापिका प्रतिमा देवी, कोच आशीष कुमार एवं दानिश अंसारी के संयुक्त प्रयास से वर्ष 2023 में स्कूल में तीरंदाजी केंद्र की स्थापना हुई। आज यह केंद्र नक्सल प्रभावित और वंचित परिवारों के 25 बच्चों के लिए उम्मीद की किरण बन चुका है। इनमें से पांच बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं, जबकि दो का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण में हुआ है। कोच आशीष कुमार ने कहा कि झोंगो जैसे बच्चों की सफलता पूरे झारखंड के लिए प्रेरणा है। उन्होंने दिखाया कि सीमित संसाधनों में भी इच्छाशक्ति से हर बाधा पार की जा सकती है।

#### दिव्यांगता ही मेरी ताकत : झोंगो पाहन

वर्तमान में खूंटी के मॉडल स्कूल में 11वीं के छात्र झोंगो ने भारतीय टीम में चयन होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि भारतीय टीम का हिस्सा बन पाऊंगा। जब कोच सर ने पहली बार धनुष दिया, तभी सपना देखा था कि भारत के लिए खेलूंगा। अब मेरा लक्ष्य दुबई में देश के लिए पदक जीतना है। मेरी दिव्यांगता मेरी कमजोरी नहीं, मेरी ताकत है।

**अर्जुन मुंडा ने दी शुभकामनाएं :** भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने झोंगो पाहन को भारतीय टीम में चयनित होने पर हार्दिक बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा कि झोंगो पाहन ने विपरीत परिस्थितियों और शारीरिक चुनौतियों को मात देकर असाधारण उपलब्धि हासिल की है। मुझे विश्वास है कि वे दुबई में देश के लिए पदक जीतकर खूंटी और भारत का नाम रोशन करेंगे।

संघर्ष से सफलता तक झोंगो पाहन की यह यात्रा केवल एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस और सपनों से सजी उस कहानी की है, जो खूंटी की मिट्टी से निकलकर अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकने जा रहीहै है। दिसंबर में जब झोंगो दुबई के मैदान में भारत का निशाना साधेंगे, तो उनके साथ एक छोटे से गांव का सपना भी उड़ान भरेगा।

# नीलांबर-पीतांबर यूनिवर्सिटी में हंगामा डिग्री के लिए रात तक जमे रहे स्टूडेंट्स

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी में डिग्री को लेकर बुधवार की देर शाम छात्रों ने हंगामा किया है। छात्रों का हंगामा जारी है और यूनिवर्सिटी कैंपस में ही जमे हुए हैं। इस हालात को देखते हुए मौके पर पुलिस पहुंची और डिग्री बांटने के लिए पुलिस का सहारा लिया जा रहा। दरअसल, झारखंड पात्रता परीक्षा (जेइटी) के लिए 30 अक्टूबर अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। परीक्षा में भाग लेने के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) की डिग्री का नंबर फॉर्म में भरना है और उसकी जानकारी देना है। यही वजह है कि सैकड़ों की संख्या में छात्र यूनिवर्सिटी से अपना डिग्री लेने के लिए पहुंचे।

बुधवार देर शाम तक छात्र यूनिवर्सिटी के एग्जामिनेशन डिपार्टमेंट के बाहर जमा थे एवं हंगामा कर रहे थे। नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के एग्जामिनेशन कंट्रोलर अजीत सेठ ने बताया कि डिग्री को तैयार किया जा रहा है। आज कितनी डिग्रियां बांटी गयी हैं, इसका आंकड़ा अभी बताना मुश्किल है। हालात को देखते हुए छात्र संगठनों ने नाराजगी व्यक्त की है।

छात्र संगठन आजसू के केंद्रीय संयोजक राहुल कुमार दुबे ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रबंधन की लापरवाही है छात्रों ने कई दिनों पहले ही डिग्री के लिए आवेदन दिया था, लेकिन उन्हें समय पर डिग्री नहीं दिया जा रहा है। डिग्री नहीं मिलने के कारण छात्र परीक्षा देने से वंचित हो सकते हैं। एनएसयूआइ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा कि खराब मौसम एवं बारिश के बीच छात्र यूनिवर्सिटी कैंपस में जमे हुए हैं। यूनिवर्सिटी की तरफ से लापरवाही दिखायी गयी है। छात्रों को समय पर डिग्री मिलनी चाहिए. यूनिवर्सिटी को विशेष प्रबंध कर छात्रों को डिग्री देना चाहिए।

## समारोह आयोजित कर 300 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल-ट्रैक सूट का वितरण



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चोरेया गांव में बुधवार को मिश्र परिवार के तत्वाधान में भूमि सेवा संघ की ओर से सम्मान समारोह आयोजित हुआ। विभिन्न सामाजिक संगठन के अगुवा की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र मे रोशन करने वाले डॉ युगल किशोर मिश्रा और साहित्य के क्षेत्र में गांव-राज्य का नाम रोशन करने वाले धनेंद्र प्रवाही, क्षेत्र के मसहुर सारंगी वादक हरि मुंडा को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल में 300 वृद्ध-असहाय लोगों के बीच कंबल एवं 75 जरूरतमंद लोगों को ट्रैक सूट दिया गया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजनकर्ता वर्तमान में नेपाल में निवास करने वाले रमेश मिश्रा का भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, जिप सदस्य आशुतोष तिवारी और सांसद प्रतिनिधि मो गेयास सहित अन्य वक्ताओं ने भूरी-भूरी प्रशंशा की। कहा कि विदेश मे रहकर भी अपनों एवं अपने गांव के लोगों कि चिंता करने वाले बहुत कम लोग होते है। लेकिन रमेश मिश्रा प्रत्येक वर्ष ठंड पड़ते ही गांव आकर असहाय एवं गरीबों को मदद करते हैं, जो प्रशनसहनीय कार्य है। वहीं, रमेश मिश्रा ने कहा कि उन्हें अपने जन्मस्थली क्षेत्र के लोगों की मदद करने से सुखद अनुभूति प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष कि तरह यह सम्मान समारोह सह कंबल-ट्रैक सूट वितरण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष योगेश किसलय, मुखिया रेखा सांगा, पूर्व मुखिया भंगा उरांव, तैलिक समाज के अध्यक्ष अनिल साहू, रौनियर समाज अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू, दिनेश राम सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए। वहीं, डॉ युगल किशोर मिश्रा ने अपने संबधन में चोरेया गांव की विशेषता पर प्रकाश डाला। मौके पर भाजपा अध्यक्ष अरविन्द सिंह, मना उरांव, विभाकर मिश्रा, अरविन्द शर्मा, भोला शंकर मिश्र, पलव नटराजन, अम्बु मिश्रा, दीपक मिश्रा, विजय सोनी, रामसेवक साहू, रामदयाल साहू, अमन मिश्रा, नारायण साहू, बिशाल साहू, मुकेश सोनी, ताम्रकार, जावेद खान, मोहसिन खान और रामचरण साहू आदि मौजूद थे।

## एकल अभियान ग्रामीण शिक्षा-संस्कारों के उत्थान का सशक्त माध्यम : दीपक बड़ाइक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** एकल अभियान के तहत ओरमांझी के पंचायत भवन सभागार में बुधवार को आयोजित एक दिवसीय आचार्य मासिक समीक्षा कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता अंचल अभियान प्रमुख हीरालाल महतो, संचालन व्यास निर्मल बेदिया एवं प्रशिक्षण का कार्य संच प्रशिक्षिका पूनम देवी ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में ओरमांझी प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुंडा और विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री शशि मेहता उपस्थित थे। मुखिया संघ के अध्यक्ष दीपक बड़ाइक ने कहा कि एकल अभियान ग्रामीण शिक्षा और संस्कारों के उत्थान का एक सशक्त माध्यम है। आचार्य गांव-गांव में ज्ञान का दीप प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। यह समाज के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर सविता देवी, सावित्री देवी, ममता देवी, संजू देवी, रामी कुमारी, प्रमिला देवी, संगीता देवी, बालकी देवी, बबीता देवी, संध्या कुमारी, अजू कुमारी, सुषमी देवी, रेणुका देवी, आशा देवी, बसंती देवी, कविता देवी, रीना देवी, स्वाति देवी और उषा देवी आदि उपस्थित थीं।

# सर जेसी एकेडमी स्कूल की छात्रा सुप्रिया मुंडा का निधन

## केंद्रीय मंत्री संजय सेठ भी कर चुके हैं सुप्रिया मुंडा की प्रतिभा की सराहना

- पूर्व जिप उपाध्यक्ष सह आजसू नेत्री पार्वती देवी ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के हाथों सम्मानित हुई छात्रा सुप्रिया मुंडा।

**बुढ़मू।** ठाकुरगांव स्थित सर जेसी एकेडमी स्कूल की कक्षा 10वीं की टॉपर छात्रा सुप्रिया मुंडा का मंगलवार की रात मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। विद्यालय के प्रबंधक सह निदेशक अखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि सुप्रिया पिछले चार महीनों से मौत से जीवन के लिए जंग लड़ रही थीं। सुप्रिया मुंडा न केवल एक मेधावी और अनुशासित छात्रा थी, बल्कि अपने समर्पण, विनम्रता और सकारात्मक दृष्टिकोण से सभी के लिए एक प्रेरणा थी। सुप्रिया अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया और सबके दिलों में अमिट छाप छोड़ गई। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ भी पूर्व में सुप्रिया मुंडा की प्रतिभा की सराहना कर चुके हैं। उसके असमय निधन से स्कूल परिवार शोकाकुल है।

## ओरमांझी में मनी डॉ कार्तिक उरांव की जयंती



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** डॉ कार्तिक उरांव की जयंती बुधवार को ओरमांझी के बुंडू में मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ बिरसा उरांव ने कहा कि डॉ कार्तिक उरांव ने आदिवासी समाज को शिक्षा, स्वाभिमान और आधुनिक सोंच की राह दिखाई थी। कार्यक्रम में विशेष रूप से राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मानकी राजेंद्र साही, भाजपा मंडल अध्यक्ष, राजेश गुप्ता, भाजपा रांची जिला ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, भाजपा युवा नेता अर्जुन सिंह, रविंदर महतो सहित आदि व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संदीप उरांव और संचालन सचिव बिरसा उरांव ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष मनोज उरांव, कोषाध्यक्ष मंटू उरांव, उप सचिव रोशन संगवार, संरक्षक सोमरा मुंडा, पंसस ननका उरांव आदि शामिल थे।

## टाटीसिलवे के मिश्रा टोली में निकला 12 फीट का अजगर, सर्पमित्र ने पकड़ा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे क्षेत्र के मिश्रा टोली में उस वक्त हड़कंप मच गया जब श्रीकांत मिश्रा के घर पर मंगलवार की शाम 12 फीट का लंबा अजगर सांप निकल आया। विशाल अजगर को देखकर परिजनों के साथ ही आसपास के लोग भी पहुंच गये। अजगर रेंगते हुए पहले घर के दरवाजे के पास पहुंचा। फिर धीरे-धीरे घर के आंगन की ओर बढ़ गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे भगाने का प्रयास किया। लेकिन वह आंगन स्थित आम के पेड़ पर चढ़ गया। देखते ही देखते अजगर आम की डाल में जाकर लिपट गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस और वन विभाग को दी। लोगों ने बताया कि टाटीसिलवे रेंज कार्यलय में फोन के माध्यम से इसकी जानकारी दी। लेकिन देर रात तक कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची। अजगर रात भर पेड़ से लिपटा रहा। इसके बाद बुधवार की दोपहर वन विभाग के सर्पमित्र आ कर अजगर को पेड़ से उतारा और बोरा में लेकर दूर जंगल में छोड़ दिया।


## रातू में बाबा कार्तिक उरांव की जयंती मनी



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कार्तिक उरांव चौक बसाईरटोली में कार्तिक उरांव मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से बाबा कार्तिक उरांव की 101वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष गोयन्दा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष सीता राम भगत ने संचालन किया। इसमें उपस्थित ट्र्स्ट के लोगों ने बाबा कार्तिक के जन्म, शिक्षा, संघर्ष, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यो के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कार्तिक उरांव के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। ट्रस्ट की ओर से डॉ लक्ष्मण उरांव, लक्ष्मी नारायण भगत, सोमनाथ मुंडा, पद्मश्री मधुमंसुरी हसमुख सहित सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर अजय नाथ शाहदेव, कांके प्रखण्ड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, पूर्व मुखिया लक्ष्मी नारायण भगत, जसीम अंसारी, महाबीर विश्वकर्मा, शंकर कुशवाहा, पत्रकार मुजिबुल शेख, ओम शंकर गुप्ता, राम लखन साहू, महावीर विश्वकर्मा, लीलावती उरांव, कुशल उरांव, अमित कुमार तिवारी, अरूण कुमार सिंह, ओम प्रकाश वर्मा आदि उपस्थित थे। वहीं, समारोह की सफलता में मनोज उरांव, चमचा उरांव, चारो उरांव, महादेव उरांव, अनिल उरांव, लखिया उरांव, दुर्गी उरांव, सुखी उरांव, प्रतिमा उरांव, सुखदेव उरांव, सुकरा उरांव, पुनई उरांव, सरोज उरांव और गोयन्दा उरांव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# मोंथा चक्रवात का असर, खेतों में तैयार धान की फसल को नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार की शाम और बुधवार की सुबह से मोन्था चक्रवात के चलते हो रही वर्षा से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। खेत में तैयार धान में पानी पड़ने से गुणवत्ता खराब होने का डर सता रहा है। खेत में खड़े धान की फसल भींग कर गिर गई है। प्रखंड के ब्रजेश महतो, पवन कुमार, सजंय उरांव, घनश्याम धान, राजू धान, सालिक सिंह, शिवेश सिंह, गुमान सिंह, लक्ष्मी धान, रमई धान, अनमोल उरांव, महादेव धान, बन्दे भगत, जगरनाथ उरांव, पवन महतो आदि किसानों का कहना है कि कर्ज लेकर किसी तरह खेती किये हैं। जो वर्षा से भींग कर धान की फसल बर्बाद हो गई। प्रखंड में अचानक हुई वर्षा से किसान बुरी तरह प्रभावित हुए है।

### मजदूरों पर भी दिखा असर

दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करने वाले दिहाड़ी मजदूरों को वर्षा के कारण परेशानी झेलनी पड़ी। सुबह में वर्षा होने के कारण कामकाज प्रभावित रहा। गांव के दर्जनों दिहाड़ी मजदूर रांची नहीं जा सके। खराब मौसम की वजह से दर्जनों मजदूरों को वापस घर लौटना पड़ा। अचानक बदले मौसम से लोग परेशान है। दिनभर घर में ही दुबके रहे। जरूरी कामकाज होने पर ही लोग घर से लोग बाहर निकले।

## सरकार का पुतला फूंका



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** में चाईबासा में आदिवासी समाज पर हुई पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ बुधवार को भाजपा सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सोहरैया बेदिया के नेतृत्व बरवाटोली चौक पर झारखंड सरकार का पुतला दहन किया गाया। कार्यक्रम में उपस्थित अनुसूचित जनजातीय मोर्चा रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष बुधराम बेदिया ने कहा कि चाईबासा की धरती पर अपनी जायज मांगों के लिए आवाज उठाने वाले आदिवासी समाज के लोगों पर जिस बर्बरता से पुलिस ने लाठियां बरसाईं, वह झारखंड की असली तस्वीर बयां करती है।

दिन में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग जो जनता की सुरक्षा से जुड़ा सवाल थी, उसे भी इस सरकार ने अपराध बना दिया।

महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों तक पर लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागे और उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा दिया। यही हेमंत सरकार का 'जनहित' मॉडल है। जब आदिवासी समाज हक और जीवन की सुरक्षा की बात करता है, तो सरकार उन्हें अपराधी बना देती है।

# डॉ मयंक मुरारी को मिलेगा 'शब्द शिल्प' सम्मान

## जमशेदपुर लिटरेचर फेस्टिवल में किये जायेंगे पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम/अनगड़ा।** चिंतक, लेखक और ग्रामीण विकास के संवाहक डॉ मयंक मुरारी को जमशेदपुर लिटरेचर फेस्टिवल में 'शब्द शिल्प सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। डॉ मुरारी को सम्मान के साथ एक लाख रुपए की राशि भी दी जाएगी। कार्यक्रम 20-21 दिसंबर को आयोजित होगा। विद्यापीठ फाउंडेशन और इस आयोजन के निदेशक संदीप मुरारका ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डॉ मुरारी को यह सम्मान अंग्रेजी में लिखी पुस्तक 'ज्तपइंस इतंअमीमंतज' के लिए दिया जाना है। यह प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित हुई और जिसके सह लेखक अचल प्रियदर्शी है। डॉ मयंक मुरारी अपने सार्वजनिक जीवन में 20 किताब और 700 से अधिक आलेख लिख चुके है। वह मुख्यतः अध्यात्म, आदिवासी जीवन और ग्रामीण विकास पर लेखन करते है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले इस आयोजन में देश के सात लब्धप्रतिष्ठित व्यक्तित्व को सम्मानित किया जाना है। इसमें राज्यसभा के उपसभापति हरिवंशराय, दिव्य प्रकाश दूबे, बाबूश कोहली, व्योमेश शुक्ला, अंजुम शर्मा और रविदत्त वाजपेयी को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा दो दिन के कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर विचारोत्तेजक चर्चा होनी है। एक सत्र में अध्यात्म और समाज विषय पर परिचर्चा भी होगी। इसमें डॉ मुरारी अपने विचार रखेंगे। बताते चलें कि डॉ मयंक मुरारी एक विचारक और सक्रिय लेखक है। वे सामाजिकध् व्यक्तिगत विकास के लिए लिखते और काम करते है। वे भारत के ज्ञान प्रणाली के आंतरिक मूल्य और अंतर्निहित पहलू पर सोचते है और चिंतन करते है। उन्होंने 30 सालों में अभी तक 20 किताबें और 700 से अधिक रिपोर्ट, भारतीय समाचार पत्र और पत्रिका में लिख चुके है। इन कार्यों के कारण उन्हें कई अवार्ड और पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वे वर्तमान में उषा मार्टिन के महाप्रबंधक सीएसआर और पीआर के रूप में काम कर रहे है। जहां पिछले 15 सालों से गांवों के टिकाऊ विकास के प्रति संकल्पित है। वे हमारे समाज की सामूहिक जागरूकता के लिए विभिन्न मंचों से व्याख्यान भी देते है।

### जनजातीय संघर्ष की चेतना राष्ट्रीय थी : डॉ मयंक मुरारी



जनजाति आंदोलनों की प्रमुख विशेषताएं सामाजिक और आर्थिक शिकायतों जैसे ब्रिटिश नीतियों द्वारा शोषण, भूमि और वन अधिकारों का हनन और पारंपरिक जीवन शैली में हस्तक्षेप का विरोध थी। इस जनजातीय आंदोलन की चेतना राष्ट्रीय थी। आंदोलनों का नेतृत्व अक्सर करिश्माई और मसीहा जैसे नेताओं द्वारा किया जाता था। एकजुटता और पहचान सांस्कृतिक और पारंपरिक संबंधों पर आधारित थी, जिसमें समुदाय के नायकों और मिथकों से प्रेरणा ली जाती थी। इधर डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि ये आंदोलन अक्सर करिश्माई नेताओं के नेतृत्व में होते थे और उनमें सांस्कृतिक और धार्मिक प्रतिरोध का एक मजबूत तत्व शामिल था। जिसमें अपनी पहचान और रीति-रिवाजों को संरक्षित करने पर जोर दिया जाता था। इसके अतिरिक्त इन आंदोलनों की प्रकृति अक्सर स्थानीय और छिटपुट होती थी। हालांकि वे अपने विरोध को व्यक्त करने के लिए गुरिल्ला युद्ध जैसी हिंसक रणनीतियों का भी उपयोग करते थे।

## किसानों के बीच मटर एवं सरसों बीज का वितरण



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कुच्चू पंचायत के बदरी गांव में टीआइआर संस्था की ओर से एग्रो फरेस्ट्री समुदाय अधारित परियोजना से जुड़े किसानों के बीच निःशुल्क सरसों और मटर का बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों के आय में वृद्धि करना है। साथ ही तेलहनी फसल के प्रती किसानों को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में टीआईआर के बापी गोराई, संगीता देवी, उज्ज्वला देवी, मनीता देवी, पार्वती कुमार, के अलावा किसान दीपेंद्र बेदिया, युगल किशोर बेदिया, सत्येंद्र बेदिया, सरोबला देवी, इन्दू देवी करम लाल बेदिया, शीवन देवी चांदमनी देवी आदि उपस्थित थे।

## भाजपाइयों ने फूंका झारखंड सरकार का पुतला



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा ग्रामीण रांची जिला के निर्देश पर पार्टी के अनगड़ा मंडल कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गोंदलीपोखर चौक पर झारखंड सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान राज्य सरकार का पुतला भी फूंका। कार्यकर्ताओं ने चाईबासा में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे आदिवासी ग्रामीणों पर हुए पुलिसिया लाठी चार्ज के विरोध में यह प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार तानाशाह हो गई है। जनता पर वेवजह जुल्म ढाया जा रहा है। पर भाजपा चुप नहीं रहेगी। सरकार के हर दमनकारी नीति का प्रखर विरोध करेगी। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य सुरेंद्र कुमार महतो, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो, मंडल महामंत्री राजेंद्र महतो, उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह भोगता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय कुमार महतो, सिकंदर अंसारी, सुप्रेश महतो, रामचरण महतो, चिलदाग मुखिया दुर्गा पाहन फूलेश महतो आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना विभाग की प्राथमिकता : नूर आलम खां



### जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया टोटो उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने बुधवार को टोटो उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों से परीक्षा तैयारी पर जोर देते हुए नियमित अध्ययन की बात कही। निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट इंपैक्ट, रेल टेस्ट, उपस्थिति, सिलेबस, पेयजल, शौचालय, स्मार्ट क्लास और लाइब्रेरी आदि सुविधाओं की जांच की गई। उन्होंने बताया कि 812 नामांकित विद्यार्थियों में केवल 365 उपस्थित थे, जो चिंताजनक है। कई कक्षाओं में सिलेबस अधूरा और 11-12वीं में शिक्षकों की कमी पाई गई। विद्यालय का नवनिर्मित भवन अब तक सौंपे नहीं जाने से शिक्षण कार्य प्रभावित है। इसके बाद उन्होंने उपस्थिति सुधार, सिलेबस पूर्ति और शिक्षक प्रतिनियोजन का निर्देश दिया। कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए निरंतर निगरानी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

## सफाई कर्मी हैं सच्चे गुमनाम नायक : सैयदा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** 'मिशन बदलाव' ने नगर परिषद के सफाई कर्मियों का आभार प्रकट किया है। इस संबंध में मिशन बदलाव की सैयदा खातून ने कहा कि नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 5, 9 और 14 आदि की लगातार सफाई होने से नगर वासियों में खुशी है। कहा कि हमारे नगर की स्वच्छता, सुंदरता और स्वास्थ्य को बनाए रखने में सफाई कर्मियों का अमूल्य योगदान रहा है। सफाई कर्मी प्रतिदिन कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाते हैं। उनके परिश्रम और सेवा भावना के कारण ही हमारा नगर स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में सांस ले पा रहा है। कहा कि सफाई कर्मी हमारे समाज के सच्चे 'गुमनाम नायक' हैं, जिनके बिना स्वच्छ भारत का सपना अधूरा है।

## स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जयंती पर कांग्रेसियों ने लिया उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जयंती पर घाघरा प्रखंड परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने बुधवार को माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उन्हें आदिवासी समाज का मसीहा और छोटानागपुर का काला हीरा बताया। युवा कांग्रेस नेता और बिशुनपुर विधानसभा उपाध्यक्ष आदित्य भगत ने कहा कि स्वर्गीय कार्तिक उरांव ने अपना पूरा जीवन आदिवासी समाज के उत्थान और अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। कार्तिक उरांव का जन्म 29 अक्टूबर 1924 को गुमला जिले के लिटाटोली गांव में हुआ था। वे तीन बार सांसद और एक बार विधायक रहे। वे आदिवासियों की जमीन बचाने के आंदोलन के पहले नेता थे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों और संघर्षों को याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर मुखिया विनीता कुमारी, अंगनी उरांव, पंचायत समिति सदस्य शीला रानी उरांव, झरी उरांव, अशोक उरांव, दिलबहार अंसारी, समीर भगत, प्रकाश उरांव, जय नाथ उरांव, अमर उरांव, लालदेव उरांव, संजय उरांव, लालदेव भगत, प्रकाश भगत और इलाही राय आदि उपस्थित रहे।

## थाना दिवस का आयोजन, तीन मामले का मौके पर ही निष्पादन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता सीओ शेखर वर्मा ने की। यह मौके पर थानेदार अर्जुन कुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहें। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र से भूमि विवाद से संबंधित चार मामले सामने आए, जिनमें से तीन मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि एक मामला जांच के लिए राजस्व उपनिरीक्षक को सौंपा गया है। सीओ शेखर वर्मा ने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है। कहा कि भूमि विवाद के मामलों का निष्पादन करना हमारी प्राथमिकता है। वहीं, ग्रामीणों ने थाना दिवस के आयोजन की सराहना की। कहा कि इससे उनकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। ग्रामीणों ने सीओ और उनकी टीम को धन्यवाद दिया है। इस मौके पर अंचल निरीक्षक सुशील टोप्पो, कर्मचारी मलियानूस टोप्पो आदि उपस्थित थे।

## श्रीश्री जगद्धात्री पूजा का भव्य आयोजन आज

**बसिया (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित ब्राह्मण टोला श्री दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुवार को श्रीश्री जगद्धात्री पूजा का भव्य आयोजन होगा। बसिया के श्री दुर्गा सेवा ट्रस्ट की ओर से मिली जानकारी के अनुसार पूजा कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा। इसके बाद सप्तसती पाठ, होम आहूति, आरती और प्रसाद वितरण होगा। शाम 7 बजे से संध्या आरती और 7.30 बजे से महाप्रसाद वितरण शुरू होगा। इस अवसर पर ट्रस्ट ने समस्त श्रद्धालुओं से सपरिवार मंदिर परिसर पहुंचकर माता की कृपा और प्रसाद प्राप्त करने का आग्रह किया है। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। इसकी जानकारी बसिया श्री दुर्गा सेवा ट्रस्ट के सुशील कुमार होता पप्पू ने दी।

### लिटा टोली में श्रद्धा के साथ मनायी गयी पंखराज साहेब की जयंती

# प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित होगा कार्तिक उरांव का समाधि स्थल: सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कार्तिक उरांव की समाधि स्थल को प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। यह स्थान न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक और शैक्षणिक दृष्टिकोण से भी प्रेरक केंद्र बनेगा। यह घोषणा लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने की। वे बुधवार को पंखराज साहेब बाबा कार्तिक उरांव की जयंती पर उनके पैतृक गांव लिट्टा टोली में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव न केवल आदिवासी समाज के मसीहा थे, बल्कि वे भारत के सामाजिक और राजनीतिक चेतना के प्रणेता थे। उन्होंने शिक्षा, स्वाभिमान और समानता के लिए आजीवन संघर्ष किया। सांसद ने घोषणा की कि बाबा के गांव को इस तर्ज पर विकसित किया जायेगा कि यहां आने वाला हर व्यक्ति आदिवासी संस्कृति, प्रकृति और संघर्ष की भावना को महसूस कर सके। बता दें कि आदिवासी समाज के महान नेता, शिक्षाविद् और जनसेवक बाबा कार्तिक उरांव की जयंती उनके पैतृक गांव लिटा टोली में श्रद्धा के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग, कांग्रेसी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल हुए। समाधि स्थल पर फूलों की सजावट और पारंपरिक नृत्य के बीच 'जोहार कार्तिक बाबा' के नारे भी लगाये गये। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने कहा कि बाबा कार्तिक उरांव आदिवासी अस्मिता के प्रतीक थे। उन्होंने उस समय आवाज उठाई जब आदिवासी समाज उपेक्षा और पिछड़ेपन के दौर से गुजर रहा था। उन्होंने शिक्षा को हथियार बनाकर समाज को सशक्त किया। इस मौके पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार, अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, आशिक अंसारी, रोहित उरांव, प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, रूपेश कुमार सन्नी, अनिरुद्ध चौबे, शाहजहां अंसारी, अभिषेक सोरेंग, रफी अली, रोशन कुमार, मो. सगीर, जय सिंह, मो. खालिद, कृष्णा लोहरा, अदीत भगत, विजय उरांव, दिलबहार, भैयाराम उरांव और अनिल उरांव आदि मौजूद रहे।



कार्तिक उरांव की समाधि स्थल पर जाकर नमन करते सांसद सुखदेव भगत।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें आदिवासी लोकनृत्य, गीत और पारंपरिक कला की झलक देखने को मिली। इसकी जानकारी मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर ने दी।

## गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की तैयारी शुरू



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की तैयारी बुधवार से गुमला में शुरू हो गयी। इसे लेकर शहर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण है। बुधवार की सुबह 11 बजे पालकोट रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फेरी निकाली गई, जो पंजाबी गली एवं सिसई रोड होकर गुजरी। मार्ग में संगत ने वाहे गुरु के जयकारे लगाते हुए गुरु वाणी एवं शब्द-कीर्तन का गायन किया। इसमें महिला, पुरुष, बच्चे बूढ़े सभी ढोलक आदि के साथ श्रद्धा पूर्वक भजन गाते नजर आए। संरक्षक सरदार महेंद्र सिंह सचदेव और रणजीत सिंह ने जानकारी दी कि समाज के सभी नवयुवकों की सहभागिता में गुरु गोबिंद सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष जसबीर सिंह, गगनदीप सिंह को सभी आयोजन के लिए जवाबदेही दी गई है। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अनुसार, पांच दिनों तक प्रभात फेरियां शहर के विभिन्न मार्गों में निकाली जाएगी। तीन नवंबर को विशाल नगर कीर्तन निकाला जाएगा जिसमें सजाए गए पालकी साहिब, कीर्तन जत्थे और श्रद्धालु शामिल होंगे। नगर कीर्तन जशपुर रोड गुरुद्वारा से शुरू होकर पटेल चौक, मेन रोड होते हुए टावर चौक से गुजरकर पालकोट रोड गुरुद्वारा तक जायेगा जिसमें श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी विराजमान होंगे। मुख्य आयोजन पांच नवंबर को गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के होगा।

## घाघरा थाना के मुख्य गेट पर वाहन जांच अभियान, दो दर्जन से अधिक बाइक जब्त



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना के मुख्य गेट के समीप बुधवार को घाघरा पुलिस ने जांच अभियान चलाया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक दोपहिया वाहनों को जब्त कर थाना में रखा गया। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बिना हेलमेट चलने वाले बाइक चालकों को रोका गया और उनके वाहनों से संबंधित कागजातों की जांच की गई। सभी जब्त वाहनों की सूची चालान की प्रक्रिया के लिए गुमला डीटीओ कार्यालय को भेजी जाएगी। पुलिस ने बताया कि अधिकांश लोग बिना हेलमेट के वाहन चलाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है और कई लोगों की जान जा चुकी है। पुलिस ने अपील की कि लोग पुलिस से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनें। दूसरी ओर, वाहन जांच अभियान के दौरान बाइक चालकों में हड़कंप मच गया। कई चालक पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए गली-कूचों के रास्ते भागते नजर आए।

## 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

### गढ़वा से ब्राउन शुगर खरीदकर गुमला में बेचता था

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** पुलिस ने बुधवार को नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक ऐसे गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है, जो गुमला में ब्राउन शुगर की आपूर्ति की साजिश में जुटा था। पुलिस ने बरिसा रानी बगीचा स्थित आम बगान के पास गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर की। जहां से स्कूटी सवार सुमन तिर्की (40) को 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां को गुप्त सूचना मिली कि बरिसा रानी बगीचा के पास एक स्कूटी पर सवार युवक मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही एसपी ने एक विशेष छापामारी दल का गठन किया। इसमें सीओ हरिश कुमार, थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली, पुअनि मिंटु सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। जैसे ही टीम आम बगान पहुंची। वहां, एक संदिग्ध स्कूटी सवार युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पर जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे घेर कर दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम सुमन तिर्की बताया, जो गुमला थाना क्षेत्र के लक्ष्मण नगर का रहने वाला है। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो पैंट की जेब से दो ग्राम ब्राउन शुगर और स्कूटी की डिक्की से 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने जब्ती सूची तैयार कर तस्कर को गिरफ्तार कर थाना ले आई। पूछताछ में सुमन ने बताया कि वह गढ़वा से ब्राउन शुगर खरीदकर गुमला में बेचने आया था। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से नशे के कारोबार से जुड़ा हो सकता है। इससे जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। बुधवार को अपराह्न तीन बजे संवाददाता सम्मेलन कर पुलिस ने आला अधिकारियों ने आरोपी से जुड़ी जानकारी देने के बाद उसे जेल भेज दिया। थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली ने बताया कि यह कार्रवाई एसपी महोदय के निर्देश पर की गई। कहा कि जिले में नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहे हैं। किसी भी कीमत पर ऐसे तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा। उधर, गुमला पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से नशे के कारोबारियों में हड़कंप है। वहीं, पुलिस का कहना है कि अब गुमला में नशे का कोई कारोबार पनपने नहीं देंगें। अगला निशाना ब्राउन सुगर माफियाओं का पूरा नेटवर्क होगा।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर जेसीबी की मदद से कराया सड़क निर्माण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदर नावाडीह गांव में ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से तंग आकर खुद ही सड़क निर्माण का बीड़ा उठा लिया। विधायक चमरा लिंडा और सांसद सुखदेव भगत से कई बार गुहार लगाने के बावजूद सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। ग्रामीण लाल साहू ने बताया कि यह सड़क सरना स्थल, पंचायत सचिवालय, मसना और खेतों तक जाने का एकमात्र मार्ग है। लंबे समय से सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। आखिरकार बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने श्रमदान और चंदा जुटाकर जेसीबी मशीन की मदद से सड़क निर्माण शुरू किया। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों की लापरवाही पर गहरा रोष जताते हुए कहा कि अब उम्मीद केवल अपने सामूहिक प्रयासों से ही है। इस कार्य में लाल साहू, विजय उरांव, दीपक उरांव, सबूल उरांव, नंदा उरांव, परमेश्वर बड़ाइक, कैलाश साहू, दिनेश साहू, किरण भगत और वीरेंद्र भगत आदि ने योगदान दिया।

## बाइक से गिरकर युवक घायल, रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के पतगच्छा मोड़ पर तेज रफ्तार में जा रहा एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। उसकी पहचान प्रदीप उरांव के रूप में हुई है। वह घाघरा थाना क्षेत्र के तुस गांव का रहने वाला है। घटना बुधवार की शाम चार बजे की बतायी जा रही है। इसकी सूचना पाकर परिजन तत्काल उसे सदर अस्पताल ले गये। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक प्रदीप उरांव कोटाम बाजार गया था। वहां शराब पीने के बाद घर लौट के क्रम में अनियंत्रित होकर गिर गया, जिससे सिर और शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगी है।

## आंजन धाम टोल नाका में हो रही अवैध वसूली, स्थानीय लोग परेशान




**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला-रांची राष्ट्रीय राज मार्ग सिसई स्थित आंजन धाम टोल टैक्स प्लाजा में कर्मियों द्वारा अवैध वसूली की सूचना मिल रही है। एक राहगीर ने बुधवार को बताया कि रांची जाने के क्रम में टोल टैक्स के एक कर्मी ने पास बनवाने की बात कही। पास बनवाने के बदले 340 रुपया प्रतिमाह का खर्च बताया, जो एक माह के लिए ही वैध रहेगा। ऐसे में अक्सर रांची आने जाने वाले लोगों के लिए राहत है, लेकिन अगर कोई व्यक्ति एक माह में एक बार रांची जाता है तो उसे 340 रुपया का भुगतान करना होगा। बतातें चलें कि कुछ माह पूर्व स्थानीय लोगों से टोल टैक्स के नाम पर राशि वसूली जा रही थी, जिसे लेकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने हाई वोल्टेज ड्रामा किया था। एनएचआइ के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी हुई थी, जिसमें निर्णय लिया गया कि स्थानीय लोगों को सिर्फ आधार कार्ड दिखाकर आवागमन कराया जाएगा। लेकिन हाल के दिनों में स्थानीय लोगों से टोल टैक्स के नाम पर राशि की वसूली की जा रही है। कुछ लोगों ने बताया कि कार से आने जाने में उनका पैसा कट रहा है। समय बीतने के साथ स्थानीय लोगों से भी पैसे की मांग की जा रही है। लोकल बताए जाने पर पास बनवाने की बात कही जाती है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों में टोल कर्मियों के विरुद्ध खासी नाराजगी है। गुमला के व्हाट्सएप ग्रुप में भी टोल टैक्स कर्मियों की मनमानी के चर्चे जोरों पर हैं।


## कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

**अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–13/2025–26 दिनांक–25.10.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक पदाधिकारी,नगर पंचायत, डोमचाँच |
| 2 | date of tender publication on website | 31.10.2025 at 11.00 AM |
| 3 | Start date of submission of bids | 31.10.2025 at 11.00 AM |
| 4 | Last date/time for receipt of bids online | 07.11.2025 at 3.00 PM |
| 5 | Date and time of bid opening | 08.11.2025 at 3.00 PM |
| 6 | Name and address of office inviting tender | NAGAR PANCHAYAT DOMCHANCH |
| 7 | Helpline number of e procurement cell | 6202577681 |

**कार्य का विवरण**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | वार्ड सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्यादेश की तिथि से कार्य पूर्ण कि तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL AROUND CAMPUS OF DOMCHANCH NAGAR PANCHAYAT OFFICE DOMCHANCH | 01 | 4679500.00 | 94000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN WITH COVER FROM (1.) NARESINGH MALI TO MALLEHPAHARI POOL (2.) SHIVNARAYAN MEHTA HOUSE TO MALLEHPHARI POOL AND (3.) IMAMBADA TO SHREE RAM CHOWKIN WARD NO-03 & 04 F NAGAR PANCHAYAT DOMCHANCH | 11 | 7786400.00 | 156000.00 | 10000.00 | 03 Months |

NOTE:-(i) cost of bidding Document (not refundable) & Bid Security (Security Deposit) Shall be payable online through http://www.jharkhandtenders.gov.in.
(ii) Any Change/Information can be seen on Website on http://www.jharkhandtenders.gov.in.
(iii) Any other Information can be seen on Website on http://www.jharkhandtenders.gov.in.

PR 364807 (Urban Development) 25-26 (D)

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच।

## Office Nagar Parishad, Lohardaga

**Notice Inviting Short Tender**

**e-Tender Reference No. LNP/ 08/2025-26 Date- 24-10-2025**

| Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Cost of Bid Document (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation and Beautification of Thakurain Pond. | 1677596.00 | 33555.00 | 5,900.00 | 60 Days |
| 2 | Construction of Rcc drain with slab & Pcc Road from Belal Masjid via city Hospital to Arshad House in ward No. 14 | 1203642.00 | 24075.00 | 5,900.00 | 60 Days |

**Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.**

| Sl. No. | Procurement Officer | Date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 01-11-2025 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-01-11-2025 Time 11:00 A.M To Date 13-11-2025 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 01-11-2025 Time 11:30 P.M To Date 13-11-2025 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 14-11-2025 Time 05:00 P.M |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

PR.NO.364803 Lohardaga(25-26):D

Administrator
Nagar Parishad, Lohardaga

## ममता मूर्ति नेत्रालय का उद्घाटन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चंदनकियारी – पुरुलिया मुख्य मार्ग पर बुधवार को ममता–मूर्ति नेत्रालय का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के विधायक उमाकांत रजक, उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। नेत्रालय का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया। अतिथियों ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह नेत्रालय चंदनकियारी क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा। विधायक उमाकांत रजक ने अपने संबोधन में कहा कि ममता – मूर्ति नेत्रालय की स्थापना चंदनकियारी के विकास का एक अहम हिस्सा है। इस पहल से नहीं केवल स्थानीय लोगों को बल्कि आस–पास के ग्रामीण इलाकों के नागरिकों को भी आधुनिक नेत्र चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। उपायुक्त अजय नाथ झा ने अपने वक्तव्य में कहा कि आंखों से देखना हमारे जीवन का आधार है, और इसलिए नेत्र उपचार सुविधाओं का सुलभ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित बीडीओ–सीओ को नेत्रालय स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आंखों का जांच शिविर क्षेत्र में आयोजित करने एवं संस्था द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद का उपचार कराने को कहा। मौके पर पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि ममता मूर्ति नेत्रालय गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए बेहतर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयास स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सुंदर पहल है, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। नेत्रालय के उद्घाटन को लेकर स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया। मौके पर चंदनकियारी बीडीओ अजय वर्मा, सीओ रवि आनंद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, बीस सूत्री समिति के उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष हीरालाल मांझी समेत नेत्रालय के चिकित्सक – कर्मी आदि उपस्थित थे।

## 30 से होगा 11 दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव



**कतरास (आजाद सिपाही)।** श्री गंगा गौशाला कतरास–करकेन्द में 30 अक्टूबर से 11 दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन होगा साथ ही यह कतरास–करकेन्द गौशाला का 106 वां वार्षिक अधिवेशन भी होगा। उक्त बाते बुधवार को गौशाला के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता के दौरान कहा। इस दौरान गौशाला के अध्यक्ष अनीश डोकानिया व महासचिव महेश अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को झंडोतोलन व गौपूजन के साथ 11 दिवसीय गोपाष्टमी मेला का शुभारंभ होगा। जिसमें सर्वप्रथम कांको मठ से आये गुरुदेव पूज्यवाद श्रीमद दंडी स्वामी सुरेश्वराश्रम महाराज जी का गुरुपूजन होगा। उसके बाद सुरेश्वराश्रम महाराज जी के द्वारा विधिवत रूप से गौमाता का गौपूजन किया जाएगा। तत्पश्चात पूजनीय गुरुदेव जी के मार्गदर्शन में सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा जो अनवरत 9 दिनों तक चलता रहेगा। इसी बीच इन ग्यारह गौगृह का उदघाटन, रानी सती दादी जी का मंगल पाठ, रोहित शर्मा जिमी एवं पार्टी कोलकाता टीम के द्वारा भजनों की अमृत वर्षा (श्याम बाबा), 9 नवंबर की संध्या 4 बजे वार्षिक अधिवेशन का आयोजन एवं रविवार संध्या 7 बजे से गौशाला की पावन भूमि पर भव्य विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा गौशाला के फिर उन्होंने बताया कि इस बार का मुख्य आकर्षण सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ होगा जो अद्भुत प्रतीत होगा। मौके पर गौशाला के अध्यक्ष अनीश डोकानिया, महासचिव महेष अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डीएन चौधरी, पंकज सिन्हा, कृष्ण कन्हैया राय, कमलेश सिंह, अशोक शर्मा, डॉ मधुमाला, उदय वर्मा, बिष्णु चौरसिया, आनंद खंडेलवाल, तापस दे, मुकेश भट्ट, राजेश स्वर्णकार, आकाश खंडेलवाल, राजन खंडेलवाल आदि लोगउपस्थित थे।

## पुरनाडीह बस्ती में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**जोड़ापोखर/ झरिया (आजाद सिपाही)।** शालीमार पुरनाडीह बस्ती में फाइलेरिया को रोकथाम को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में दर्जनों महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर शालीमार के सामुदायिक पदाधिकारी शिवानी कुमारी ने फाइलेरिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि यह एक पैरासाइट डिजीज है जो मच्छरों के काटने से होता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया दुनिया भर में विकलांगता और विरूपता बढ़ाने वाला सबसे बड़ा रोग है। गुरुवार की शाम को पुरनाडीह बस्ती ,शालीमार में बीस साल के ऊपर महिला पुरूष का ब्लड सैम्पल लिया जायेगा। कार्यक्रम में वार्ड 42 के पूर्व पार्षद विनय रजवार, डॉ दिलीप कुमार, राजू कुमार, संगीता देवी, पिंकी देवी, सुमिता, बबिता देवी आदि मौजूद थे। सभी ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का आग्रह किया।

## सीटू के जिला और राज्य स्तरीय सम्मेलन को लेकर बैठक




**गांधीनगर/ बेरमो (आजाद सिपाही)।** श्रमिक संगठन एनसीओईए (सीटू) सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के प्रतिनिधियों की बैठक संडे बाजार स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रिय अध्यक्ष मनोज कुमार पासवान ने की। इसमें यूनियन के केंद्रीय सचिव सह क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार भोई ने अपने रिपोर्ट में कहा कि 16 अक्टूबर को रांची स्थित यूनियन के केंद्रीय कार्यालय में केंद्रीय कमिटी की पदाधिकारियों की बैठक में सीटू राज्य सम्मेलन एवम सीटू केन्द्रीय सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि चुनाव पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार मजदूर वर्ग पर हमला कर रही है, उसके विरोध में सीटू लगातार आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रिय प्रबंधन से मजदूर समस्याओं पर वार्ता हुई थी। जिसका मिनट्स मिला। उसमें कुछ समस्याओं पर समाधान की दिशा में काम हुआ है। कुछ और समस्या के समाधान के लिए प्रबंधन के साथ रिव्यू वार्ता किया जाएगा। 8 नवंबर को चंद्रपुरा में सीटू बोकारो जिला के सम्मेलन के लिए डेलीगेट का चुनाव किया गया। वही 21 से 23 नवम्बर को धनबाद में होने वाले सीटू झारखंड राज्य सम्मेलन के लिए भी डेलीगेट का चुनाव किया गया। यहां सीटू नेता भागीरथ शर्मा श्रमिक प्रतिनिधि श्याम बिहारी सिंह दिनकर ने विचार रखते हुए कहा कि सभी एरिया के परियोजना कमेटियों का सम्मेलन किया जाए। 2026 जनवरी माह में एरिया कमेटी का सम्मेलन कर नए कमेटी का गठन किया जाये।

# डिगवाडीह में पिस्तौल लेकर कंबल खरीदने पहुंचे तीन युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/ जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह 10 नंबर गणेश मैदान के पास सकीला खातून के दुकान में देशी पिस्तौल लेकर काम कंबल लेने पहुंचे और कंबल का पैसा मांगने पर पिस्तौल दिखाकर धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**पुलिस ने की कार्रवाई :** पुलिस ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल पर सवार युवक आए और पैसा का विवाद को लेकर देशी कट्टा चमकाया गया था। पुलिस को आता देख दो लड़के वहां से भाग गए और ऋतिक हाड़ी एक देशी पिस्तौल के साथ पकड़ा गया था। पुलिस ने कांड 136/25 दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए भागे हुए दोनों अपराधियों अनिकेत सरकार और सदानंद हाड़ी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**बरामद हुआ देशी पिस्तौल और मोबाइल :** पुलिस ने बताया कि ऋतिक हाडी के विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं, जिनमें लूटपाट और रंगदारी मांगने के मामले शामिल हैं। पुलिस ने एक देशी पिस्तौल और एक रेडमी मोबाइल बरामद किया है। जोड़ापोखर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि तीनों के खिलाफ कांड अंकित कर जेल भेज दिया गया है।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरारी में जांच करने पहुंचे जिला शिक्षा पदाधिकारी

**जोड़ापोखर/झरिया (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरारी में धनबाद जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा अनियमितताओं की जांच करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और छात्रों से बातचीत की। स्कूल के पूर्व अध्यक्ष शबनम परवीन और वर्तमान सदस्य हकीम अंसारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को बताया कि स्कूल से 100 मीटर की दूरी पर 36 लाख रुपये की लागत से नया भवन बनाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी पैसे का बंदरबाट किया जा रहा है। वही स्कूल के प्राचार्य केशव दास नयी अध्यक्ष पूजा देवी के अनुपस्थिति में खानापूर्ति कर बैठक पूरा कर लेते है स्कूल में लगभग एक हजार बच्चे है उन्हें गुणवत्ता पूर्ण खाना नही दिया जाता है ।

# एनडीए प्रत्याशी रूहेल रंजन के पक्ष में चलाया जनसंपर्क



**एनडीए समर्पित प्रत्याशी को मतदाताओं से मिल रहा सकारात्मक आश्वासनः पिंटू कुमार सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/ नालंदा।** जदयू पार्टी के राज्यसभा सांसद खीरु महतो के नेतृत्व में नालंदा जिला के इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी रूहेल रंजन के पक्ष में अमनार, ओबिलपुर, पूर्वा पर, कादिरपुर, ओंगारी, हैदरपुर, निशातपुरा आदि गांव में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर एनडीए प्रत्याशी रुहेल रंजन के पक्ष में मतदान कर भारी मतों से जीताने का अपील किया। सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान मतदाताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आशा भरी नजरों से देखते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया है। राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने बताया कि क्षेत्र से मिल रही रूझान प्रचंड बहुमत से बिहार में एन.डी.ए सरकार बनाने की ओर इशारा कर रही है। उक्त अभियान में जदयू पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटु कुमार सिंह, युवा प्रकोष्ठ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, एकंगरसराय पैक्स अध्यक्ष तरुण कुमार आदि शामिल थे।

## सीएसआइआर-सिंफर में नागरिक सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा शपथ समारोह

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बुधवार को प्रातः11:00 बजे सीएसआइआर - सिंफर, बरवा रोड, परिसर धनबाद के सभागार में नागरिक सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के कर्मियों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। प्रशासन नियंत्रक श्री आदित्य मैनाक द्वारा कर्मियों को शपथ दिलाया गया जिसमे भ्रष्टाचार का उन्मूलन करने के लिए सभी संबंधित पक्षों जैसे सरकार नागरिकों तथा निजी क्षेत्र को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता के बारे में बताया गया एवं प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिए। शपथ समारोह का कार्यक्रम सीएसआईआर-सिंफर के अन्य क्षेत्रीय इकाइयों में भी किया गया।

# नाबालिगों के हाथों में बाइक-स्कूटी, सड़कों पर बढ़ा खतरा

**माता-पिता की लापरवाही, स्कूलों की चुप्पी खतरनाक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** क्षेत्र में बीते कुछ महीनों से सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ तेजी से ऊपर चढ़ रहा है। चिंता की बात यह है कि इन हादसों में सबसे अधिक संख्या कम उम्र में बाइक और स्कूटी का शौक इन युवाओं को दुर्घटनाओं की राह पर धकेल रहा है। क्षेत्र में खुलेआम नाबालिग छात्र बिना हेलमेट, और बिना किसी ट्रैफिक नियम का पालन किए सड़कों पर रफ्तार का खेल खेलते नजर आते हैं। स्कूल छुट्टी के वक्त तीन-तीन सवार होकर बाइक व स्कूटी पर स्टंट करते यह छात्र आम लोगों की जान के लिए खतरा बन चुके हैं। हाल ही में महुदा थाना के समीप एक स्कूटी पर सवार तीन नाबालिग छात्रों ने सड़क पार कर रहे एक स्थानीय युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके सिर में गहरी चोट आयी। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में नाबालिग चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को हवा दे दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में कई माता-पिता अपने नाबालिग बच्चों को बाइक और स्कूटी थमाकर स्वयं उन्हें दुर्घटनाओं की ओर धकेल रहे हैं। वहीं स्कूल और कॉलेज प्रबंधन की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। न तो संस्थान छात्रों को वाहन लाने से रोक रहे हैं, न ही इस पर कोई सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। लोगों का मानना है कि अब समय आ गया है जब परिजनों को समझना होगा कि रफ्तार दिखाना शौक नहीं, बल्कि मौत को न्योता देना है। अगर स्कूल प्रबंधन और माता-पिता ने अब भी चेतना नहीं दिखायी, तो आने वाले दिनों में ऐसी दुर्घटनाएं और भी भयावह रूप ले सकती हैं।

## दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के 65 विद्यार्थियों की राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दि पेन्टिकॉस्टल असेंबली स्कूल में बोकारो ने फिर से शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। विद्यालय के 65 प्रतिभाशाली छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इआइ एएसएसइटी परीक्षा में शीर्ष 15 पर्सेंटाइल में स्थान प्राप्त कर टैलेंट सर्च के लिए (क्वालीफाइ) योग्यता प्राप्त कर अपना कौशल स्थापित किया है। इस प्रदर्शन के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को इआइ एटीएस के माध्यम से विद्यार्थियों को जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी यूएसए, यूसी बर्कले, नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी, पर्ड्यू यूनिवर्सिटी और जेन वाइस इंडिया जैसी प्रसिद्ध संस्थाओं के गिफ्टेड प्रोग्राम्स में भाग लेने का अवसर मिलेगा। विद्यालय की प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता को एक नया आयाम दिया है, बल्कि बोकारो क्षेत्र में विद्यालय की नेतृत्वकारी भूमिका को और सुदृढ़ किया।

## बीएसएल में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम



बोकारो (आजाद सिपाही)। सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2025 के अंतर्गत बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा बुधवार 29 अक्टूबर को अधिशासी निदेशक (संकार्य) के कांफ्रेंस हॉल में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन के साथ मुख्य महाप्रबंधक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वरीय अधिशासी तथा मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा ने सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी तथा प्रसंस्करण की विसंगतियों, प्रणाली एवं प्रक्रिया, आचार एवं नीति, तकनीकी मूल्यांकन, निष्पादन तथा रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# खबर का असर : तेलमोचो स्वास्थ्य उपकेंद्र के शिलापट पर होंगे सभी जनप्रतिनिधियों के नाम

**शिलान्यास विवाद के बाद प्रशासन हुआ सक्रिय**

आजाद सिपाही संवाददाता



विधायक शत्रुघ्न महतो ने हाथुडीह में पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। बाघमारा प्रखंड के हाथुडीह पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए रविवार को पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो और विशिष्ट अतिथि

समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर : शत्रुधन महतो

हाथुडीह पंचायतवासियों ने मुझ पर जो विश्वास जताकर प्रचंड जीत दिलायी, उसके लिए मैं आभारी हूं। क्षेत्र की हर समस्या के समाधान हेतु सदैव तत्पर

**महुदा।** बाघमारा प्रखंड के हाथुडीह पंचायत क्षेत्र में विधायक द्वारा हाल ही में किए गए पीसीसी सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास के दौरान उठे विवाद ने आखिरकार प्रशासन को हरकत में ला दिया है। दरअसल, शिलापट में धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह का नाम शामिल न किए जाने से उनके प्रतिनिधि एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि परमेन्द्र सिंह ने तीखी नाराजगी जतायी थी। इस मुद्दे को दैनिक आजाद सिपाही ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद मामला जिला प्रशासन तक पहुंचा।

**प्रशासन की तत्परता, विभाग ने जारी किया नया आदेश :** खबर प्रकाशन के पश्चात प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 25 अक्टूबर 2025 को एक आधिकारिक पत्र जारी किया। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि आगामी 4 नवंबर 2025 को तेलमोचो में स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण योजना का शिलान्यास समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सांसद, विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय जिप सदस्य को सादर आमंत्रित किया गया है।

**शिलापट में अब सभी जनप्रतिनिधियों के नाम अनिवार्य :** विभाग ने इस बार सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा है कि शिलापट पर सभी जनप्रतिनिधियों के नाम समान रूप से अंकित किए जाएं, ताकि किसी तरह की असंतुष्टि या उपेक्षा की भावना उत्पन्न न हो।

**जनमानस ने किया स्वागत :** स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि यह कदम न केवल लोकतांत्रिक मर्यादा की पुर्नस्थापना है, बल्कि सार्वजनिक कार्यों में पारदर्शिता और सम्मान की भावना को भी मजबूत करेगा।

आजाद सिपाही ने जनभावना को आवाज दी और हमारी बात जिला प्रशासन व सरकार तक पहुंचायी। इसके लिए मैं अखबार परिवार का आभार व्यक्त करता हूं।

# सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे उत्तम उपाय : चितरंजन कुमार




आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/ बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के ऑफिसर क्लब मे बुधवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के तहत साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र के जीएम चितरंजन कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। जीएम ने कहा कि साइबर अपराध से बचाव का सबसे उत्तम उपाय सतर्कता है। कभी भी अपराधी के झांसे में न आएं। तय नियमों और कायदे के अनुसार ही डिजिटल माध्यमों का प्रयोग करें और घटना होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें। बोकारो से आए पूर्व शिक्षक अनुदेशक, भारतीय सेना शिक्षा कोर अश्वनी शर्मा के द्वारा सीसीएल के कर्मचारियों को साइबर अपराध से बचने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। उनहोने लोगों को समझाया कि साइबर अपराध लगातार नए रूप ले रहे हैं। अपराधी बड़ी चालाकी से लोगों को ठगते हैं, इसलिए हर किसी को सावधानी और सतर्कता के साथ इंटरनेट व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इंटरनेट बैंकिंग, वॉलेट, यूपीआई और ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहें। आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम, फेसबुक हैकिंग, बारकोड स्कैन, व्हाट्सएप हैकिंग और फर्जी वेबसाइट से बचाव जरूरी है। सोशल मीडिया पर हनी ट्रैप, फर्जी कॉल, अनजान वीडियो कॉल, ऑनलाइन लोन एप से सतर्क रहें। कार्यक्रम में एसओपी विनय रंजन टुडु, एसओ एक्स मनोज कुमार, एएसओ दिनेशवर मांझी, एसओ ईएंडटी प्रवीण कुमार, कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह, सीएमओ डॉक्टर संतोष कुमार सहित हर्षवर्धन, गौतम कुमार, नवीन कुमार नायक समेत कर्मी उपस्थित थे।

# बीएसएल ने विशेष ग्रेड मैंगनीज-बोरॉन स्टील बनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** भारत के कृषि और औद्योगिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की इकाई, बोकारो स्टील प्लांट ने एक विशेष 28MnB5 ग्रेड मैंगनीज-बोरॉन (Mn-B) स्टील विकसित कर एक बड़ी सफलता हासिल की है जो सेल में अपनी तरह का पहला नवाचार - विशेष रूप से कृषि मशीनरी के अनुप्रयोगों के लिए डिजाइन किया गया है। बोकारो स्टील प्लांट लंबे समय से रेल, रक्षा, जहाज निर्माण और वाइट गुड्स सेक्टर के लिए उच्च गुणवत्ता वाले स्टील का उत्पादन करने के लिए जाना जाता रहा है. इस श्रृंखला में बीएसएल ने अब घरेलु कृषि क्षेत्र को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की और अपनी कदम बढ़ाई है. बीएसएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह नवप्रवर्तन सिर्फ स्टील उत्पादन के बारे में नहीं है - यह ग्रामीण भारत की रीढ़ को मजबूत करने के बारे में है। हमारा नया एमएन-बी स्टील कृषि उपकरणों को मजबूत, अधिक टिकाऊ और मेक इन इंडिया का एक सफल उदाहरण है। नव विकसित 28MnB5 ग्रेड स्टील उच्च शक्ति, कठोरता और प्रतिरोध का एक शक्तिशाली संयोजन प्रदान करता है, जो कृषि कार्यों में उच्त्तम मानकों का प्रदर्शन सुनिश्चित करता है. मध्यम कार्बन, मैंगनीज, बोरान और क्रोमियम के अपने अद्वितीय धातुकर्म संतुलन के साथ, यह प्लॉशर, कल्टीवेटर ब्लेड, डिस्क हैरो, फावड़े और खुदाई करने वाले पंजे जैसे उपकरण जो निरंतर तनाव और प्रतिरोध प्रभाव का सामना करते हैं उनके उत्पादन के लिए आदर्श स्टील है। बीएसएल अभी तक नव विकसित 28MnB5 ग्रेड स्टील का 60,000 टन से अधिक की आपूर्ति कर चुका है, जिसका उत्पादन प्रति वर्ष 80,000 टन तक पहुंचने का अनुमान है। नवाचार ने कृषि और पृथ्वी-चालित उपकरण निर्माण में नये बाजार के अवसर खोले हैं, आयातित सामग्रियों पर निर्भरता कम की है और बेहतर, घरेलू समाधानों के साथ भारतीय किसानों को सशक्त बनाया है।

## प्रधानमंत्री ने मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव 2025 को किया संबोधित

# भारत के समुद्री क्षेत्र पर पूरी दुनिया को विश्वास : मोदी

- विकसित देशों के बंदरगाहों से भी बेहतर प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मुंबई में इंडिया मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के इस कालखंड में भारत का समुद्री क्षेत्र बड़ी तेजी और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि देश के बंदरगाह अब विकासशील देशों में सबसे कुशल बंदरगाहों में गिने जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि साल 2025 भारत के मरीनटाइम सेक्टर के लिए बहुत अहम साल रहा है।

इंडिया मरीनटाइम वीक 2025 कार्यक्रम में उपलब्धियों को गिनाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही विझिंजम बंदरगाह पहला गहरे पानी का अंतर्राष्ट्रीय केंद्र है, जिसका परिचालन शुरू हो गया है। वर्ष 2024-25 में भारत के प्रमुख बंदरगाहों में अधिकतम कार्गो हैंडलिंग की जा रही है, जो एक नया रिकॉर्ड बनायेगी। पहली बार किसी भारतीय बंदरगाह कांडला बंदरगाह में मेगावाट पैमाने पर हरित हाइड्रोजन सुविधा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि जेएनपीटी जो कि भारत-मुंबई कंटेनर टर्मिनल है, उसकी हैंडलिंग क्षमता दोगुनी हो गई है और यह भारत का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह बन गया है। इसकी क्षमता के विस्तार



को बड़े एफडीआइ निवेश ने इसे संभव बनाया है और मैं इसके लिए सिंगापुर के पेशेवरों को धन्यवाद देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत के बंदरगाह विकासशील देशों में सबसे कुशल बंदरगाहों में गिने जाते हैं। कई मायनों में वे विकसित देशों के बंदरगाहों से भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि साल 2024-25 में भारत के मेजर पोर्ट्स ने अब तक का सबसे अधिक कार्गो हैंडल करके भी नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि नये शिपिंग कानून राज्य समुद्री बोर्डों की भूमिका को मजबूत करते हैं और बंदरगाह प्रबंधन में डिजिटल तकनीकों के एकीकरण को बढ़ावा देते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष समुद्री क्षेत्र में भी सुधार हुए हैं, हमने औपनिवेशिक कानूनों को हटाकर नए आधुनिक कानून लागू किए हैं। ये कानून समुद्री बोर्ड को सशक्त बनाते हैं और बंदरगाहों पर डिजिटलीकरण को बढ़ावा देते हैं। हमने विधेयक को वैश्विक स्तर पर सुसंगत बनाया है और व्यापार में आसानी को बढ़ावा दिया है, जिससे निवेशकों को लाभ हो रहा है। तटीय नौवहन अधिनियम व्यापार को आसान बनाने के लिए बनाया गया है। एक राष्ट्र और एक बंदरगाह प्रक्रिया को भी मानकीकृत किया गया है। समुद्री क्षेत्र में बदलाव इतिहास है, समुद्री दृष्टि ने 100 और नये संग्रहालय बनाए हैं। अंतर्देशीय जलमार्ग कार्गो प्रबंधन में 700 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, परिचालन जलमार्ग 3 से 42 हो गये हैं, वार्षिक अधिशेष 9 गुना बढ़ गया है। भारत के बंदरगाहों की गिनती सबसे कुशल बंदरगाहों में होती है। आज भारत का औसत कंटेनर समय 3 दिन कम हो गया है, औसत पोत टर्नअराउंड समय 96 घंटे से 448 घंटे हो गया है, इस वजह से भारत के बंदरगाह वैश्विक शिपिंग लाइन के लिए प्रतिस्पर्धी हैं।

# श्रीराम मंदिर के शिखर पर लहरायेगा 11 किलो का ध्वज

- 25 को मोदी शिखर पर धर्मध्वजा फहरायेंगे
- 26 नवंबर से मंदिर देख सकेंगे श्रद्धालु

### ध्वज के लिए नायलॉन की रस्सी यूज होगी

ध्वज पैराशूट फैब्रिक से बना है, ताकि तेज हवाओं के झोकों को आसानी से झेल सके। ध्वज को ऊपर चढ़ाने के लिए मोटी नायलॉन की रस्सी का इस्तेमाल होगा। इसे फायरप्रूफ और विंड-रेजिस्टेंट बनाने के लिए वैज्ञानिक टीम टेस्टिंग कर रही है। रिपोर्ट जल्द भवन निर्माण समिति को सौंपी जायेगी।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अयोध्या।** अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एक साल नौ महीने हो गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्मध्वजा फहरायेंगे। केसरिया रंग की यह ध्वजा रामराज्य की परंपरा और मर्यादा का प्रतीक होगी। इस पर सूर्य, ॐ और कोविदार वृक्ष के चिह्न बने हैं। कोविदार अयोध्या का शाही वृक्ष है, जिसे कचनार भी कहा जाता है। मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर 42 फीट का स्तंभ लगाया गया है। इसी पर 22 फीट लंबी और 11 फीट चौड़ी भगवा पताका लहरायेगी। यह ध्वज पैराशूट फैब्रिक से बना है, जिसका वजन 11 किलो है। तेज हवाओं और आंधी-तूफान में भी इसे कोई नुकसान नहीं होगा। यह चारों ओर चक्कर लगा सकेगा यानी 360 डिग्री तक घूम सकेगा।

प्रधानमंत्री मुख्य मंदिर के साथ 8 और मंदिरों के शिखरों पर भी ध्वज फहरायेंगे। ध्वजारोहण के बाद श्रद्धालुओं के लिए 70 एकड़ में फैले पूरे मंदिर परिसर को खोल दिया जायेगा। धार्मिक कार्यक्रम 21 नवंबर से शुरू होंगे। मुख्य समारोह 25 नवंबर की सुबह 10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक चलेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए रामलला के दर्शन बंद रहेंगे। लगभग 8 हजार अतिथियों को समारोह में आमंत्रित किया गया है। यह आयोजन विवाह पंचमी के दिन होगा, जब अयोध्या में भगवान राम और माता सीता का विवाहोत्सव मनाया जाता है। इस बार जब राम बारातें निकलेंगी, तब आसमान में 205 फीट ऊंचा भगवा ध्वज लहरायेगा।

# राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में सोनम समेत 5 आरोपियों पर हत्या के आरोप तय

- हनीमून पर किया था कत्ल, सभी आरोपियों को कोर्ट में किया पेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**इंदौर।** इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड के मामले में मेघालय की ईस्ट खासी हिल्स जिले की अदालत ने पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिये हैं। इसमें राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम रघुवंशी, उसका बॉयफ्रेंड राज कुशवाहा और तीन अन्य आरोपियों विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी शामिल हैं।

कोर्ट ने मंगलवार को फॉर्मली भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 103(1) (मर्डर), 238 (ए) (सबूत गायब करना) और 61(2) (क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी) के तहत आरोप तय किये।

पुलिस ने 5 सितंबर को सोहरा सब-डिवीजन के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास की कोर्ट में 790 पेज की चार्जशीट पेश की थी। इस मामले में मंगलवार को आरोप तय करते समय कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में पांचों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए काफी सबूत हैं।


हालांकि, बचाव पक्ष ने कहा कि आरोपी बेगुनाह हैं। जल्द ही ट्रायल शुरू होने की उम्मीद है। आरोपी 5 बार निचली अदालतों में जमानत की अर्जी लगा चुके है, जो खारिज की गयी है।

# तूफान मोंथा से तेलंगाना में तबाही, कार-ट्रक बहे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** चक्रवात मोंथा के आंध्र प्रदेश से टकराने के बाद तेलंगाना में तेज बारिश हुई। महबूबाबाद जिले के डोरनकल रेलवे स्टेशन पर पानी भर गया। गोलकुंडा एक्सप्रेस और कोणार्क एक्सप्रेस को रोकना पड़ा। वहीं खम्मम जिले में एक लॉरी पानी के तेज बहाव में बह गयी। नालगोंडा में एक स्कूल में पानी भर गया। बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। तूफान बुधवार को सुबह ओडिशा के गंजम पहुंचा।

गंजम के समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं और हवा की रफ्तार 80-100 किमी पहुंच गयी है। लैंडफॉल के बावजूद अगले 6 घंटों तक तूफान का असर रहेगा। ओड़िशा के 8 जिले गंजम, गजपति, रायगढ़ा, कोरापुट, मलकानगिरी, कंधमाल, कालाहांडी और नबरंगपुर में मोन्था के चलते भारी बारिश और आंधी चल सकती है। राज्य सरकार ने 11 हजार लोगों को निकाला है। 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाने की तैयारी है। ओडीआरएफ की 30 टीम और एनडीआरएफ की 5 टीमों को तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि तूफान मोन्था के कारण राज्य में दो लोगों की मौत हुई।




# मोदी सबसे अच्छे दिखनेवाले इंसान, जल्द ट्रेड डील करेंगे : ट्रंप

- भारत-पाकिस्तान संघर्ष खत्म कराने का फिर दावा किया

**एजेंसी**


**सियोल।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबसे अच्छा दिखने वाला इंसान करार दिया है। ट्रंप ने ये भी कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील जल्द होगी। ट्रंप ने ये बातें बुधवार को साउथ कोरिया में हो रही एपेक सीइओ समिट में कहीं।

ट्रंप ने अपने भाषण में भारत-पाकिस्तान तनाव का जिक्र किया। कहा कि जब दोनों देश लड़ रहे थे तो मैंने दोनों से जंग रोकने को कहा, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया।

**नाइसेस्ट लुकिंग गाय :** ट्रंप ने मोदी को 'नाइसेस्ट लुकिंग गाय' यानी सबसे अच्छा दिखने वाला आदमी कह कर उनकी तारीफ की है।

**किलर और टफ ऐज हेल :** यह भी एक तरह का कॉम्प्लिमेंट है। यानी मोदी बाहर से सॉफ्ट लगते हैं, लेकिन अंदर से मजबूत हैं। ट्रम्प मोदी को बैलेंस्ड लीडर बता रहे हैं।

**250% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी :** ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने दोनों देशों पर 250% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके दो दिन बाद दोनों ने फोन



किया और सीजफायर पर सहमति जता दी। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की भी तारीफ की। मुनीर को उन्होंने जबरदस्त फाइटर बताया।

अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं।

भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आयेंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं।

अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को नॉन वेज मिल्क यानी मांसाहारी दूध मानता है।




# रोहित शर्मा पहली बार बने 'नंबर-1' वनडे बल्लेबाज

- आइसीसी वनडे रैंकिंग के सबसे उम्रदराज टॉपर
- शुभमन गिल तीसरे नंबर पर फिसले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा करियर में पहली बार दुनिया के नंबर-1 वनडे बल्लेबाज बन गए हैं। आइसीसी ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। इससे पहले शुभमन गिल नंबर-1 थे। रोहित 781 रेटिंग पॉइंट्स के साथ टॉप पर पहुंचे हैं। 38 साल, 182 दिन के रोहित वनडे रैंकिंग के सबसे उम्रदराज नंबर-1 बने हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर (38 साल, 73 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ा है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच में शतकीय पारी खेली थी और भारत को जीत दिलायी थी। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज में 101 की औसत से 202 रन बनाये थे।

**रोहित वनडे में टॉप पर पहुंचने वाले 5वें भारतीय :** रोहित शर्मा भारत के पांचवें ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने वनडे रैंकिंग में नंबर-1 रैंक हासिल की है। रोहित से पहले सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी, विराट कोहली और शुभमन गिल टॉप पर पहुंच चुके हैं।



### विराट कोहली को एक स्थान का नुकसान

विराट कोहली ने तीसरे वनडे में 74 रन बनाये, लेकिन इसके बावजूद उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। अब वह 725 रेटिंग अंकों के साथ छठे स्थान पर हैं। श्रेयस अय्यर ने एडिलेड ओवल में खेले गये दूसरे वनडे में भारत के लिए अर्धशतक लगाया और वह एक स्थान ऊपर (10वें से 9वें) पहुंच गये हैं।

### राशिद खान बने टॉप वनडे बॉलर

वनडे बॉलिंग रैंकिंग में जोश हेजलवुड दो स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गये हैं, लेकिन भारत के कुलदीप यादव छठे से सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। स्पिनर एडम जंपा ने दूसरे भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे में चार विकेट लिये और वह भी दो पायदान ऊपर (अब 12वें स्थान पर) पहुंच गये हैं। वहीं, अफगानिस्तान के ऑलराउंडर राशिद खान बॉलिंग रैंकिंग में टॉप पर बने हुए हैं।

# चिप कंपनी एनवीडिया की वैल्यू 5 ट्रिलियन डॉलर पार

- भारत की जीडीपी से 90 लाख करोड़ ज्यादा
- कंपनी मोबाइल-ड्रोन्स, ऑटोमैटिक गाड़ियों की चिप बनाती है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया का मार्केट कैप पहली बार 5 ट्रिलियन डॉलर यानी 453 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। एनवीडिया यह आंकड़ा पार करने वाली दुनिया की पहली कंपनी भी बन गयी है।

यह आंकड़ा भारत की जीडीपी से करीब 90 लाख करोड़ रुपये ज्यादा है। आइएमएफ के मुताबिक भारत की जीडीपी अभी 4.13 ट्रिलियन डॉलर यानी 364 लाख करोड़ रुपए है। एनवीडिया के बाद माइक्रोसॉफ्ट और एपल दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी हैं।

माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। इसका मार्केट कैप 4.03 ट्रिलियन डॉलर यानी 356 लाख करोड़ रुपये है। वहीं एपल 4.02 ट्रिलियन डॉलर




यानी 355 लाख करोड़ रुपये की मार्केट वैल्यू के साथ तीसरे नंबर पर है। एक दिन पहले ही एपल ने 4 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था।

### एनवीडिया का शेयर 4.5% चढ़ा

बुधवार को एनवीडिया का शेयर कारोबार के दौरान 4.5% की तेजी के साथ 210 डॉलर यानी 18,534 रुपये पर कारोबार कर रहा है, जिसके चलते कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर पहली बार 5.13 ट्रिलियन डॉलर के पार हो गया। तीन महीने पहले ही कंपनी ने 4 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**